CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 30 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 121 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु



रक्षाबंधन आज

- राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला
- लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव... पृष्ठ 4
- इमरान को रिहा करने का दिया आदेश
- अमेरिका में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत पृष्ठ 9

विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते देखना पसंद करूंगा : उथप्पा पृष्ठ 10

### सरकार ने रसोई गैस उपभोक्ताओं को दी राहत

# गैस सिलेंडर 200 रुपए हुआ सस्ता

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। सरकार ने ओणम और रक्षाबंधन के त्योहार पर देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को तोहफा देते हुए प्रति सिलेंडर दाम 200 रुपए कम करने और 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की बहनों को तोहफे के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे वर्ष 2023-24 में सरकारी खजाने पर 7680 करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें 200 रुपए की मौजूदा सब्सिडी के

- **75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की भी घोषणा**



साथ ही 200 रुपए की कमी का भी फायदा होगा। उन्हें अब 400 रुपए बचेंगे। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 75 लाख नए उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। इस तरह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।

**मार्च में 50 रुपए की हुई थी बढ़ोतरी**

14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम मार्च 2023 में 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई थी। इससे पहले 6 जुलाई 2022 को दामों में बदलाव किया गया था। तब भी कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी।

**जून 2020 से नहीं मिल रही सब्सिडी**

जून 2020 से एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिल रही है। दिल्ली में जून 2020 में बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 593 रुपए में मिलता था, जो अब 903 रुपए का हो गया है। अब केवल उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। उज्जवला के लाभार्थियों को अब सिलेंडर करीब 700 रुपए में मिलेगा।

### कीमत घटाए जाने पर खड़गे का तंज

## जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम करने पर कांग्रेस ने चुनाव से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने! जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाली निर्दयी मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है।' खड़गे ने आगे कहा, साढ़े 9 सालों तक 400 रुपए का एलपीजी सिलेंडर 1100 में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे तब कोई स्नेह भेंट की याद क्यों नहीं आई?

## ममता ने भी किया हमला- ये है 'इंडिया का दम

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी हमले करते हुए एक्स पर लिखा, 'अभी तक पिछले दो महीने में 'इंडिया' गठबंधन की सिर्फ दो बैठक हुई और आज हम देख रहे हैं कि एलपीजी गैस के दाम 200 रुपए कम कर दिए गए। ये है 'इंडिया का दम। मता बनर्जी के इस पोस्ट को 'इंडिया' गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी शेयर किया है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखा पत्र

### अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध



**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध किया, साथ ही उन्होंने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से जगदलपुर स्थानान्तरित करने का भी आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में कहा- अन्य पिछड़ा वर्गों के आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर और विलम्ब न करते हुए आवश्यक पहल कर शीघ्र अतिशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का कष्ट करें। बघेल ने लिखा है कि -मेरे द्वारा अप्रैल 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिये जाने तथा इस विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आपसे अनुरोध किया गया था, आप सहमत होंगे कि सदियों से सामाजिक-राजनीतिक अधिकारों से वचित बड़ी आबादी को संविधान प्रदत्त समानता एवं सामाजिक न्याय की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### भूपेश बघेल का भाजपा से सवाल

## अडानी को दिया कोल खदान निरस्त होना चाहिए कि नहीं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को बिलासपुर रवाना होने से पहले सीएम भूपेश बघेल ने अलग-अलग राज्यों के बीजेपी विधायकों के दौरे पर कहा, इसका मतलब बीजेपी के पास अच्छे प्रत्याशी नहीं है.

रायपुर।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा है एसईसीएल कोयला उत्खनन करने वाला कंपनी है।दूसरा एनएमडीसी लौह अयस्क उत्पादन करने वाली सबसे बड़ी संस्था है।भारत सरकार ने दोनों को अडानी को दिया है। क्या यह निरस्त होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए।अडानी को जो आयरन और कोल खदान दिया गया है उसे निरस्त किया जाना चाहिए कि नहीं किया जाना चाहिए। दूसरा सवाल रायगढ़ में जो गारे पेलमा अडानी को दिया है उसे निरस्त किया जाना चाहिए कि नहीं किया जाना चाहिए।अलग-अलग राज्यों के भाजपा विधायकों के दौरे पर उन्होंने कहा, इसका मतलब भाजपा के पास अच्छे प्रत्याशी नहीं है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को बिलासपुर रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।धान खरीदी को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, यह लोग बार-बार कह रहे हैं कि केंद्र सरकार धान खरीदती है।यदि केंद्र सरकार धान खरीदती है तो डबल इंजन की सरकार में 15 क्विंटल से 10 क्विंटल क्यों किया गया। दूसरी बात यह है कि पिछली सरकार में 2013-14 में सर्वाधिक धान खरीदी हुई। उसके बाद घटते गया और 55 लाख टन पर आ गया। इसका मतलब यह है कि यह नहीं खरीदते हैं।क्या कारण है लगातार धान खरीदी कम हुई। 15 क्विंटल से 10 क्विंटल क्यों किया गया इतना घाटा राज्य सरकार उठाती है चाहे भाजपा की सरकार हो या कांग्रेस की सरकार हो।मुख्यमंत्री ने कहा, लोन राज्य सरकार लेती है गारंटी देती है।

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर**। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल हरिचंदन ने अपने संदेश में कहा है कि रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह एवं प्रेम का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार अपनी बहनों के साथ सभी महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और अस्मिता के लिए जागरूक और प्रतिबद्ध करता है।

### चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किए

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एस्तोनिया, यूक्रेन, बुर्किना फासो और नॉर्वे के नव नियुक्त राजदूतों से परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इन राजनयिकों में एस्टोनिया गणराज्य की राजदूत श्रीमती मार्जे लुप, यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक, बुर्किना फासो के बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिज़ायर बोनिफेस सोम और नॉर्वे की राजदूत श्रीमती मे-एलिन स्टेनर शामिल हैं।

### इमरान मसूद को बसपा ने किया निष्कासित

**लखनऊ**। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पूर्व विधायक इमरान मसूद को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते मंगलवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। पार्टी की सहारनपुर इकाई के अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने यहां जारी बयान में कहा कि श्री मसूद को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप के कारण निष्कासित किया गया है। उन्होने कहा कि पूर्व विधायक को पहले भी उनके इस कृत्य के कारण चेतावनी दी जा चुकी थी मगर कोई सुधान न आता देख पार्टी ने उनके निष्कासन का फैसला लिया।

### नीति आयोग ने एसडीजी पर किया समझौता ज्ञापन

**नई दिल्ली**। नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी लाने के लिए यूएनडीपी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ योगेश सूरी और यूएनडीपी इंडिया की स्थानीय प्रतिनिधि शोको नोडा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य एसडीजी स्थानीयकरण, आंकड़ा-संचालित निगरानी, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा को औपचारिक रूप देना है।

### भाजपा की लोकसभा चुनाव पर नजर

# जून 2024 तक मुफ्त में राशन देने की तैयारी

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव जिताऊ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मोदी सरकार अगले 6 महीने और बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इस योजना के जरिए तकरीबन तीन साल से ज्यादा समय से देश की 80 करोड़ आबादी को मुफ्त में राशन मुहैया कराया जा रहा है। गौरतलब है कि अभी तक इस योजना की मियाद दिसम्बर 2023 तक है। लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसे अगले 6 माह के लिए फिर से बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। भरोसमंद

- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 6 महीने और बढ़ाने की योजना**

सूत्रों के मुताबिक, इस योजना के जरिए पिछले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल चुका है। लिहाजा कम से कम केंद्र सरकार इसे जून 2024 तक हर हाल में जारी रखना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि बढ़ाने के संबंध में शीर्ष स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। दिसम्बर में इस योजना की मियाद खत्म हो, इससे पहले इसे जून 2024 तक बढ़ाया जा सकता है। इस बीच लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएगा और केंद्र में नई सरकार सत्ता संभाल लेंगी। इसे लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही सरकार के स्तर पर भी उच्च स्तरीय विचार-विमर्श चल रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 2 दिवसीय छग दौरा कल से

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही हैं।इस दौरान वे रायपुर और बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 अगस्त की सुबह 11 बजकर 5 मिनट पर विशेष विमान से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी।इसके बाद वे रायपुर स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय ट्रस्ट शांति सरोवर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। अगले दिन बिलासपुर में महामाया मंदिर के दर्शन करेंगी और गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी

- **गुरु घासीदास विवि के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल**



- **रायपुर में आयोजित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी**

**मिनट टू मिनट कार्यक्रम**

राष्ट्रपति सुबह9:25 बजे दिल्ली से रवाना होंगी। सुबह 11.05 बजे पर रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेगी.11:05 बजे पर 11:20 बजे तक गार्ड ऑफ ऑनर।11:20 बजे पर एयरपोर्ट से शांति सरोवर, विधानसभा पहुंचेंगी।11:50 बजे पर 'ईयर ऑफ पॉजिटिव चेंज' थीम की लॉन्चिंग करेंगी।12:50 बजे कार्यक्रम से रवाना होंगी दोपहर 1 बजे राजभवन में ब्रम्हाकुमारी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# बिजली लागत 16 पैसे घटी

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार बिजली बिल में वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट (वीसीए) शुल्क के स्थान पर अब ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) अधिरोपित किया जा रहा है। बीते महीने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व्दारा बिजली लागत में 16 पैसे प्रति यूनिट की कमी हुई है। लिहाजा अगस्त महीने की खपत पर उपभोक्ताओं को 14।23 प्रतिशत की जगह 11।43 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लगेगा। यानी उपभोक्ताओं से 400 यूनिट खपत पर 10 से 12 पैसे प्रति यूनिट की दर से कमी आएगी।



- **आम घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत**

पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अनुसार बिजली क्रय की निर्धारित दर तथा वास्तविक क्रय की दर के अंतर का समायोजन वीसीए के माध्यम की जाती थी, परन्तु केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार व्दारा 29 दिसंबर 2022 को अधिसूचित विद्युत (संशोधन) नियम 2022 के अनुसार आयोग ने निर्धारित फार्मूले के अनुसार टैरिफ आदेश में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लेने के निर्देश दिए हैं। अब आयोग व्दारा निर्धारित विद्युत क्रय दर एवं पारेषण दर से वास्तविक विद्युत क्रय दर एवं पारेषण दर में अन्तर की राशि को एफपीपीएएस के माध्यम से सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं पर उनके द्वारा खपत की गई विद्युत के उर्जा प्रभार पर प्रतिशत अनुसार किये जाने की व्यवस्था की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## नक्सल विरोधी अभियानों के तहत 3 राज्यों में हुई समन्वय बैठक



**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय में सीमावर्ती राज्यों ओड़िशा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नक्सल विरोधी अभियानों एवं कानून-व्यवस्था संबंधी आपसी समन्वय एवं रणनीति तैयार करने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पुलिस महानिदेशक ओड़िशा सुनील कुमार बंसल, पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा एवं पुलिस महानिदेशक झारखण्ड अजय कुमार सिंह के अलावा केन्द्रीय एजेंसियों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों क्रमश: सीआरपीएफ, बीएसएफ, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा

# जम्मू कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है।

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है। दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला स्थायी नहीं था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जब हालात सामान्य हो जाएंगे तो जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

# मुंबई में इंडिया व एनडीए की बैठक एक ही दिन

- **एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट की भी 1 सितम्बर को बैठक**
- **शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में होंगे शामिल**

**मुंबई**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होने वाली है। इस बीच एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट ने भी इसी दिन यानी 1 सितंबर को मीटिंग करने की घोषणा की है। हालांकि इसमें महाराष्ट्र सरकार में शामिल एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना, भाजपा और अजित पवार का एनसीपी गुट ही शामिल होगा। एनसीपी में फूट के बाद एक तरफ जहां शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे, वहीं उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का गुट सत्ता पक्ष के साथ बैठक करेगा। एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक सुनिल तटकरे ने मंगलवार (29 अगस्त) को इसकी जानकारी दी।

**'इंडिया' के नेता 31 को जुटेंगे**

विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 31 अगस्त को मुंबई में जुटेंगे। इस दिन महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर होस्ट करेंगे। इसके अगले दिन सुबह 11 बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें 26 दलों ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## लालू बोले- मोदी की गर्दन पर चढ़ने जा रहे हैं



**पटना**। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मंगलवार को इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव के साथ मुंबई पहुंच गए हैं। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि आप मुंबई जा रहे हैं। इस पर लालू ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी की नरेटी यानी गर्दन पर चढ़ने जा रहा हूं। बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### चीन ने जारी किया नया नक्शा

# अरुणाचल व अक्साई चिन को बताया अपना क्षेत्र

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन की सरकार ने बीते सोमवार को एक नया नक्शा जारी किया है, जिसमें उन्होंने भारत के अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना क्षेत्र बताया है. ये पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह के विस्तारवादी नीति को अंजाम दिया है। इससे पहले इसी साल अप्रैल के महीने में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के 11 जगहों के नाम को बदलने की मंजूरी दे दी थी। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक नए नक्शे में भारत के हिस्सों के अलावा चीन ने ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को भी चीनी क्षेत्र में शामिल किया है। मैप में चीन ने नाइन-डैश लाइन परअपना दावा पेश किया है। इस तरह से उसने साउथ चाइना सी के एक बड़े हिस्से पर दावा पेश किया है। हालांकि, वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया और ब्रूनेई दक्षिण चीन सागर क्षेत्रों पर अपना-अपना दावा करते रहते हैं।

**नाम बदलने से हकीकत नहीं बदल जाएगी : बागजी**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था- अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी।

### महंगाई — नहीं थम रही महंगाई की मार, उड़द से लेकर मसूर की कीमतों में वृद्धि जारी

# एक साल में 27 फीसदी महंगी हुई अरहर दाल

**नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दाल की कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर से अरहर दाल की कीमतों में सबसे तेज उछाल देखने को मिली है। पिछले एक वर्ष में अरहर दाल 27 फीसदी तक महंगी हो चुकी है। तो उड़द से लेकर मसूर दाल की कीमतों में भी बढ़ोतरी जारी है।**

*वहीं इस साल मानसून में कम बारिश के चलते आने वाले दिनों में दाल की कीमतों में और उछाल की आशंका जताई जा रही है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन जो देशभर में खुदरा कीमतों पर रोजाना नजर रखता है उसके डेटा की मानें तो अरहर दाल जहां 29 अगस्त 2022 को 110.66 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था उसकी औसत कीमतें एक साल में बढ़कर 140.34 रुपए प्रति किलो हो चुकी है। यानि एक साल की अवधि में 27 फीसदी अरहर दाल के दाम बढ़ चुके हैं।*

*खाद्य उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के इस डेटा के मुताबिक मूंग दाल की औसत कीमतें एक साल पहले 29 अगस्त 2022 को 102.35 रुपए किलो हुआ करती थी जिसकी कीमत अब बढ़कर 111.19 रुपए हो चुकी है। उड़द दाल एक वर्ष पूर्व 108.25 रुपए में मिल रही था जो अब 6.25 फीसदी महंगी 115.02 रुपए प्रति किलो में मिल रही है। एक साल पहले मसूर दाल की औसत कीमत 92.09 रुपए प्रति किलो हुआ करती थी जो अब 97.16 रुपये प्रति किलो हो चुकी है। चना दाल की कीमतों में भी अब उछाल देखने को मिल रहा है। एक साल पहले चना दाल 74.15 रुपए किलो में मिल रहा थी जो अब 77.9 रुपए प्रति किलो में मिल रही है।*

## सरकार ने लिए कई फैसले

*हाल के दिनों में अरहर और उड़द दाल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर सरकार ने कई फैसले लिए हैं। सरकार ने दाल आयात करने वाले आयातकों को कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों के भीतर बाजार में दाल उतारने की हिदायत दी है। कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों से ज्यादा स्टॉक को अपने पास होल्ड कर ना करें। साथ ही हर शुक्रवार को सभी आयोतकों को विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अरहर और उरद दाल के होल्डिंग स्टॉक की जानकारी देने को कहा गया है। इसी महीने 17 अगस्त से* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# प्रदेश में अब तक डेंगू के मिले 247 मरीज

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के 23 जिलों में डेंगू पैर पसार चुका है। इससे मौता का सिलसिला भी लगातार जारी है। प्रदेश में अब तक करीब 247 मरीजों की पहचान हो चुकी है. महामारी नियंत्रक डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि मामले को लेकर मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी से बात हुई है। जांच कर रिपोर्ट मंगाई गई है. मौत डेंगू से हुई या और कुछ कारण इसकी जानकारी रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। तो वहीं लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि टेस्ट कराएं, सरकारी हॉस्पिटल में निःशुल्क जांच की व्यवस्था है।

डेंगू के बढ़ते मरीजों को देखते हुए रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ने स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष नागभूषण राव, आयुक्त मयंक चतुर्वेदी सहित नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य ए. के. हालदार, सभी जोन कमिश्नरों, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर 29 अगस्त से एक सप्ताह तक सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों को कव्हर करते हुए व्यापक स्तर पर मच्छर जनित रोग डेंगू के प्रति बचाव एवं जनजागरूकता लाने जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा बाबत विशेष अभियान चलाते हुए घर-घर जाकर विंडो कूलरों में भरा पानी तत्काल खाली करवाने और बुखार पीड़ितों की जानकारी प्राथमिकता से प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं. सभी राजधानीवासियों को घरों में मनी प्लांट सहित पौधों में, टायरों में, टूटे हुए बर्तनों में घरों में एवं आसपास कहीं भी पानी का जमाव या ठहराव नहीं होने देने के लिए जागरूक बनाने सहित गुणवत्तायुक्त व्यापक एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट के साथ फॉगिंग अभियान मच्छरों पर कारगर नियंत्रण के लिए व्यवस्थित तौर पर नागरिकों के बीच चलाने के निर्देश





**महापौर ने अधिकारियों की ली बैठक, व्यापक इंतजाम के दिए निर्देश**

दिया है। मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी रायपुर ने कहा कि रायपुर जिले में अभी तक डेंगू बुखार के कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जिले में डेंगू को लेकर सजग और सतर्क हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अभी तक बुखार के 265 मरीजों का एलाईजा टेस्ट डेंगू की पुष्टि के लिए कराया जा चुका है। जिसमें से केवल 8 मरीज ही डेंगू से संक्रमित मिले है। संक्रमितों का ईलाज विभिन्न अस्पतालों में तेजी से जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के मिली जानकारी के अनुसार जिस भी इलाके में बुखार के अधिक संख्या में मरीजों की सूचना मिल रही है, वहां शिविर लगा कर डेंगू की जांच और उपचार किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक किसी भी मरीज का निधन डेंगू से नही हुआ है। डेंगू से मौत के कथित दो मरीजों को बुखार आने पर ईलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। दोनों ही मरीजों का डेंगू की पुष्टि के लिए एलाईजा टेस्ट नहीं हुआ था। एक मरीज नारायणा अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती हुए थे. मरीज के फेफड़ों में संक्रमण और बैक्टीरियल इंफेक्शन था. हालत गंभीर होने पर अस्पताल द्वारा उचित ईलाज किया जा रहा था। ईलाज के दौरान ही मरीज की मृत्यु हुई। वहीं कुशालपुर निवासी अन्य मरीज को भाठागांव के दीवान अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। भर्ती कराने के चार दिन बाद ही मरीज के परिजन डॉक्टरों की सलाह बिना और डॉक्टरों को बताए बिना ही मरीज को अस्पताल से ले गए। इसके बाद परिजनों ने मृतक के बारे में कोई भी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देने से इंकार कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि दोनो ही मृतक मरीजों में डेंगू होने की पुष्टि नहीं हुई है।

# धान खरीदी में केंद्र का योगदान नहीं

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। धान खरीदी कांग्रेस सरकार अपने दम पर करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी में केंद्र सरकार का कोई भी योगदान नही है। छत्तीसगढ़ का हर किसान कसम खाकर दावा करेगा उनका धान कांग्रेस सरकार खरीदती है। झूठ फरेब भाजपा की फितरत, भाजपा कितना भी भ्रम फैला ले, प्रदेश ने 23.42 लाख से अधिक किसान जिन्होंने अपना 107 लाख मीट्रिक टन धान 2640 रूपये प्रति च्ंटिल में बेचा है वे भाजपा के बहकावे में नही आने वाले है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने सहयोग के बजाय छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की कीमत 2500 देने में अडंगा ही लगाया था। उसी के कारण कांग्रेस सरकार ने किसानों के लिये राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू करके 9000 और 10,000 रू. प्रति एकड़ की इनपुट सब्सिडी देना शुरू किया है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी में केंद्र के योगदान के भाजपा के दावों की पोल इसी से खुल जाती है कि मोदी सरकार द्वारा गठित शांता कुमार समिति ने 2015 में कहा था कि केंद्र सरकार मात्र 6 प्रतिशत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देती है। 2020 की एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ कि देश के मात्र 12 प्रतिशत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 में 90 प्रतिशत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 95 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मोदी सरकार का धान खरीदी में कोई योगदान नहीं है। धान खरीदी का पूरा का पूरा पैसा राज्य सरकार के द्वारा वहन किया जाता है। राज्य सरकार मार्कफेड के माध्यम से विभिन्न बैंकों से कर्ज लेकर धान खरीदी करती है।

किसानों को छत्तीसगढ़ में 2640 रूपये, देश ही नही दुनिया में सबसे ज्यादा कीमत भूपेश सरकार दे रही है। भारतीय जनता पार्टी नेता भ्रम फैलाने के लिये जबरिया वाहवाही लेने के लिये राजनीति कर रहे है। श्री बैज ने कहा कि केंद्र का राज्यों से चावल और अन्य अनाज खरीदना और राज्य का अपने किसानों से धान खरीदना दोनों अलग-अलग योजना है। राज्य अपने किसानों को उसकी उपज की पूरी कीमत देने अपने संसाधनों से धान की खरीदी करती है। छत्तीसगढ़ के किसानों से भूपेश सरकार ने 2640 रू. में धान खरीदा है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## जून 2024 तक मुफ्त में राशन ...

से इस बारे में अंतिम फैसला लिया जा सकता है और फिर से इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा। बतादें कि इस योजना के जरिए पिछले साल हुए उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को काफी लाभ मिला था। इस कारण अब इसे जून 2024 तक बढ़ाने की तैयारी है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी को...

भावना के अनुरूप आरक्षण का लाभ दिया जाना आवश्यक है। बघेल ने लिखा है - राज्य विधानसभा द्वारा दिसंबर 2022 में सर्वसम्मति से पारित विधेयक में राज्य में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा ई.डब्ल्यू.एस. के लोगों के लिये क्रमशः 32, 13, 27 एवं 4 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक पारित किया गया था। दुर्भाग्य से वह विधेयक अभी तक राजभवन में अनुमोदन हेतु लंबित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा है-समाज की बड़ी आबादी को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखने से उनके मन में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है। राज्य सरकार के सभी प्रयासों के बाद भी अन्य पिछड़ा वर्गों के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ न मिल पाना समझ से परे है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का...

द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगी। शाम 4 बजे राजभवन से रवाना होकर 4:10 बजे महंत घासीदास संग्रहालय पहुंचेगी। 35 मिनट तक रुकने के बाद राजभवन रवाना होंगी। शाम 5 बजे राजभवन में पौध रोपण करेंगी। शाम 7:30 बजे राज्यपाल द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगी। राष्ट्रपति रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगी।

**1 सितम्बर का कार्यक्रम**

सुबह 8:45 बजे राष्ट्रपति राजभवन से एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी। सुबह 9:05 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगी। 9:15 बजे एयरपोर्ट से बिलासपुर के लिए रवाना होंगी। सुबह 10 बजे पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के हेलीपेड पहुंचेंगी। यहां से 10:40 बजे महामाया मंदिर में देवी दर्शन और आरती करेंगी।

11:35 बजे गुरू घासीदास विश्वविद्यालय कोनी, बिलासपुर पहुंचेगी। 11:45 बजे से 12:30 बजे तक विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

12:45 बजे पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के हेलीपेड से रायपुर रवाना। 1:30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। 1:40 बजे एयरपोर्ट से राजभवन आएंगी।

1:55 बजे लंच लेंगी। शाम 4:15 बजे से 4:45 बजे तक वे यहां छत्तीसगढ़ की विशेष संरक्षित जनजाति के लोगों से मुलाकात करेंगी. शाम 5:45 बजे राजभवन से रवाना होकर 5:45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। शाम 5:15 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

## बिजली लागत ...

गई है। जून महीने में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार 14.23 प्रतिशत की दर से ली गई थी, जो जुलाई महीने में 11.43 प्रतिशत हो गई है। इसका कारण छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी की बिजली 5.41त्न सस्ती हुई है एवं एनटीपीसी की बिजली 7.87त्न और अंतरराज्यीय स्त्रोतों से प्राप्त बिजली की दरों में 2.67त्न की कमी हुई है। अतः जुलाई में की गई बिजली खपत में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार 53 पैसे के स्थान पर 43 पैसे प्रति यूनिट अधिरोपित किया जाएगा। इस तरह 100 एवं 200 यूनिट खपत पर 10 पैसे प्रति यूनिट, 300 यूनिट पर 12 पैसे और 400 यूनिट पर 13 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिल में कमी संभावित है। 500 से एक हजार यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के बिल में 18 से 24 पैसे प्रति यूनिट की दर से ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार में कमी संभावित है।

## नक्सल विरोधी अभियानों के तहत ...

आईटीबीपी एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा बालाघाट जोन, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत बस्तर, राजनांदगांव, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक शामिल हुए। इन पड़ोसी राज्यों से लगे छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक रेंज बिलासपुर एवं सरगुजा, बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक में जानकारी दी गई कि पूर्व में 25 जुलाई 2023 को हैदराबाद, तेलंगाना में सीमावर्ती राज्य, आंधप्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र, 19 अगस्त 2023 को इंदौर मध्यप्रदेश में सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं उत्तप्रदेश के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई है।

इसी प्रकार आज चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ के सभी सीमावर्ती राज्यों के साथ पुलिस महानिदेशक स्तर की बैठक सम्पन्न हो चुकी है। बैठक में बेहतर अन्तर्राज्यीय समन्वय हेतु भविष्य में रेंज, जिला, अनुविभाग एवं थाना स्तर पर समन्वय बैठकों के आयोजन का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से माओवादी परिदृश्य एवं चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने हेतु माओवादी रणनीति की समीक्षा की गई तथा सुरक्षा बलों की काउण्टर रणनीति पर चर्चा की गई। अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादियों के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही, माओवादियों के सप्लाई नेटवर्क को अवरूद्ध करने हेतु कार्यवाही, सीमावर्ती सुरक्षा विहीन क्षेत्रों में नवीन फारवर्ड कैम्पों की स्थापना एवं अन्तर्राज्यीय संयुक्त अभियानों के संचालन, सीमावर्ती थाना/कैम्पों के मध्य आपसी समन्वय पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में माओवादियों के क्रासिंग पाईन्ट एवं उनके सीमा पार मूव्हमेन्ट को रोकने हेतु कार्यवाही, माओवादी अग्र संगठनों एवं सहयोगियों की पहचान एवं विधिसम्मत कार्यवाही, चुनाव के दौरान अन्तर्राज्यीय सीमा पर स्थायी एवं मोबाईल चेकपोस्ट लगाने, चुनाव के दौरान माओवादी घटनाओं एवं मादक पदार्थो के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु योजना एवं क्रियान्वयन सहित चुनाव सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

## मुंबई में इंडिया व एनडीए की...

के शामिल होंगे। वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि नॉर्थ-ईस्ट के कुछ दल भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे।

**31 से मुंबई में होगी बैठक**

विपक्ष के इंडिया गठबंधन की बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली है। इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। साथ ही समन्वय समिति के गठन, आम चुनावों के लिए समझौते में शामिल सभी पार्टियों के बीच संभावित सीट-बंटवारे के फॉर्मूले पर भी चर्चा हो सकती है।

## लालू बोले- मोदी की गर्दन पर...

कुमार मुंबई जायेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुंबई में डॉक्टरों से मिलेंगे और स्वास्थ्य जांच कराएंगे। इसके अलावा वे विपक्ष के नेताओं से मिलकर होनी वाली बैठक की रणनीति बनाएंगे।

## सरकार ने लिए ...

केंद्र सरकार ने भारत दाल के नाम से चना दाल बेचने का ऐलान किया है। भारत दाल स्कीम के तहत सरकार आम लोगों को सस्ती कीमत पर दाल उपलब्ध कराने के लिए 60 रुपए प्रति किलो के सब्सिडी वाले रेट पर चना दाल बेचने का ऐलान किया है तो 30 किलो का पैक 55 रुपए प्रति किलो के भाव पर बेचा जा रहा है।

# असम के विधायक ने कहा प्रदेश में परिवर्तन की लहर

**तखतपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा तखतपुर के भाजपा प्रभारी एवं असम के विधायक शीबू मिश्रा चारों मण्डल का भ्रमण कर आम लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर दिख रही है क्योंकि कांग्रेस की सरकार ने घोषणा पत्र में जो वादा किया था उसे पूरा नही किया और जनता इस बार छलावे में नही आने वाली है। उन्होंने कहा कि युवाओं को 25 सौ रूपए बेराजगारी भत्ता देने का वादा किया था पर उसे पूरा नही किया गया न तो लोगों को बिजली मिल पा रही है और न ही उन्हें कोई सुनने वाला है आज प्रदेश की जनता अपनी समस्या को किसे कौन इनकी पीड़ा को सूने ऐसा कोई सरकार की एजेंसी नही है जो लोगों की समस्या का निराकरण कर सकें। पर केंद्र की सरकार लोगों को शुद्ध पेयजल, आवास, उपलब्ध करा रही है ताकि लोगों को स्वयं का मकान मिल सके, शुद्ध पेयजल मिल सके। प्रवास के दौरान आमजनों कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी की कार्य



योजना के संबंध में जानकारी दिया केंद्र सरकार की योजनाओं और उसके लाभ पर भी चर्चा किया तथा लोगों की वर्तमान में प्रदेश सरकार के प्रति कैसी मंशा है इस पर रिपोर्ट तैयार कर केंद्रीय पदाधिकारीयों को दी जाएगी। भाजपा नेत्री हर्षिता पाण्डेय ने स्थानीय मुद्दों के संबंध में कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नही है सरकार केवल वाहवाही करने में लगी हुई है। केंद्र की सरकार लोगों को आवास दे रही है नगर क्षेत्र वर्तमान परिषद पैसा ही नही दे रहे है राशि देने के नाम पर भाई भतिजा वाद कर रही है और आम व्यक्ति अपने मकान की समस्या के लिए पीड़ित है परंतु इसका निराकरण नही हो पा रहा है चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस सरकार में केवल गौठान और गोबर खरीदी को मुद्दा बनाकर उसे अपनी बड़ी योजना बताकर लोगों की आंख में धूल झोकते हुए लाखों डकारने में लगी है। हर निर्माण कार्य में प्रदेश में भ्रष्टाचार हो रहा है चाहे वह सड़क हो, पुल हो, भवन हो निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन कर केवल कमिशनखोरी में लगे हुए है। भाजपा की सरकार ने लोगों को आसानी से और पर्याप्त बिजली मिल सके इसके लिए अरपा भैंसाझार परियोजना चलाई थी और लोगों को उसका लाभ मिला पर वर्तमान में कांग्रेस की सरकार ने इसे नजर अंदाज कर दिया।

पत्रवार्ता के दौरान पत्रकारों ने जब शीबू मिश्रा से बाहर उम्मीदवार को टिकट देने की बात पर जब प्रश्न पूछा तो उन्होंने कहा कि टिकट मांगने का सबको अधिकार है पर कौन योग्य है और कौन जीत सकता है यह सब पार्टी के शीर्ष नेतृत्व कार्यकर्ताओं के रायसुमारी के बाद तय करेंगे।

## दो दिवसीय रंग हबीब का आयोजन 1 सितंबर से

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद द्वारा रज़ा फाउंडेशन के सहयोग से हबीब तनवीर की जन्मशती पर दो दिवसीय रंग हबीब का आयोजन 1 व 2 सितंबर को सिविल लाइन स्थित कन्वेंशन हॉल न्यू सर्किट हाउस में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। यह जानकारी कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद द्वारा विज्ञप्ति में दी गई है। कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि विख्यात नाटककार और रंग कला निर्देशक हबीब तनवीर की जन्मशती के अवसर पर दो दिवसीय रंग हबीब का आयोजन किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202304060600066 अ-27/22-23
ग्राम- किरारी प.ह.नं.25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरुषोत्तम पिता गणेशराम जाति धोबी निवासी ग्राम हा.मु. ओड़ेकेरा तहसील जैजेपुर के द्वारा ग्राम किरारी प.ह.नं.25 में अवस्थित ख.नं. 1255/1, 1257/2, 1263 रकबा 0.437, 0.138, 0.028 हे. कुल ख.नं.03 कुल रकबा 0.603 हे. भूमि आवेदक एवं अनावेदकगण के संयुक्त खाते के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य 15 वर्ष पूर्व आपसी बंटवारा हो चुका है जिसमें सभी अपने अपने प्राप्त हिस्से की भूमि पर काबिज कास्त है। उक्त भूमि का आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य पूर्व में हुए आपसी बंटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

पक्षकार पुरुषोत्तम वि. चमन वगै. रा.प्र.क्र.202304060600066अ-27/22-23 के प्रकरण में अनावेदक राकेश, लालबहादुर, विद्या, संतोष, अनिल, विजय, संतोषी, भूरी निवासी किरारी पक्षकार दिनांक 11.09.2023 को अपने अधिवक्ता या स्वतः के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत होकर जवाब पेश करें अगर इस तारिख तक आप उपस्थित नहीं होते तब एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी और सुनवाई का अवसर समाप्त किया जावेगा।

आज दिनांक 24.08.2023 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
अकलतरा, जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**फर्द बंटवारा प्रकाशन**

रा.प्र.क्र.......
ग्राम चांटीडीह

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्र. 202303073200112 पक्षकार पुनीता देवी देवांगन पति सरोज कुमार देवांगन ग्राम चांटीडीह तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में नीचे दिये गये। जिस पर सुनवाई दिनांक 04/09/23 नियत है। इस संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा/ उजर हो वह सुनवाई दिनांक को अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात दावा/ आपत्ति उजर मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 25/08/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**

**छत्तीसगढ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.-495001**

FAX(0)-07752-237400, PHONE (o)- 07752-237400 Email edress-mscimsbsp@gmail.com

क्रमांक/संसंअधी./सिम्स/23/7993 /बिलासपुर, दिनांक 25.08.2023

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर छ.ग. स्थापित एयरकंडीशनर (विंडो, वी.आर.वी. एवं स्प्लिट टाईप) ड्रिंकिंग वाटर कूलर, वाटर फील्टर, आर.ओ., रेफ्रिजरेटर, आई. एल. आर. फ्रिज के रखरखाव के लिये सीएमसी कार्य किये जाने हेतु निविदा |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | 1000.00 रु. (एक हजार रूपये) का डी.डी. जो कि वापसी/ समायोजन योग्य नहीं है। |
| निविदा फार्म प्राप्ति की अंतिम तिथी एवं समय | निविदा प्रकाशन की तिथि से 31.08.2023 कार्यालयीन दिवस तक। |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक 25.09.2023 दोपहर 03.00 बजे तक। रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट/कोरियर |
| निविदा खोलने की तिथी | 25.09.2023 दोपहर 03.00 बजे |
| निविदा धरोहर राशि | 1,00,000.00 का राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./बैंकर्स चैक |

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय डी.डी. एवं नियम शर्त संबंधी जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी - 04715/1

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
सिम्स चिकित्सालय,बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल प्रदाय कार्य हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन कार्य आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा क्रमांक दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 145541 | 399/25.08.2023 | रेट्रो-वि.खंड-पुसौर,ग्राम-पुटकापुरी समूह, षष्ठम आमंत्रण | 13.38 | 10500 |
| 2. | 145550 | 400/25.08.2023 | सोलर-वि.खंड-तमनार, ग्राम देवगढ़ समूह, पंचम आमंत्रण | 18.61 | 14000 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छ.ग. शासन की ई प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 11.09.2023 तक समय 17.30 तक बिड डाले जा सकते हैं। निविदा प्रकाशन पश्चात समस्त संशोधन केवल आन लाईन ही देखे जा सकेंगे। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

जी - 04703/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
रायगढ़ (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्लपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड**

(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
(ISO 9001:2015 Certified)
प्रथम तल उद्योग भवन रिंग रोड क्र. 1 तेलीबांधा रायपुर 492006 (छत्तीसगढ)
CIN U45203CT1981SG001853,, PAN AABCM6288N, GST No 22AABCM6288N5ZY
दूरभाष कार्यालय 0771-66000फैक्स 0771-2583794
Website www.csidc in, Email address csidc.cg@nic.in,csidcraipu@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER**

(Through e-Procurement Portal Only)

NIT No 10/CSIDC/EE/Division-III/2023-24 Raipur, Dated 29/08/2023

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender for the following work-

| Name of work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs) | Last Date for Submission of Tender |
|---|---|---|---|
| Construction of Warehouse cum Flatted Factory Complex at Industrial Area Lakhanpuri, Tehsil Charama, Dist Kanker (CG) | Class-A | 1496.54 | 21/09/2023 |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate gov in from31/08/2023 Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:-** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk eproc/@cgswan.gov.in.

SAMVAD-38259/2

Executive Engineer (Division-III)

**कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे** www.csidc.in

**कार्यालय नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

निविदा सूचना क्रमांक 933/लो.नि./2023 दिनांक 29/08/2023

**-:: मैनुअल पध्दति निविदा सूचना ::-**

नगर पंचायत, किरोड़ीमलनगर वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु पार्षद निधी अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रचलित रोड/ बिल्डिंग SOR 2015/ इलेक्ट्रिक SOR 2020 दर पर नियम/शर्त अनुसार निम्नलिखित कार्यों के लिये इच्छुक फर्म/निर्माणकर्ताओं को निम्न कार्य हेतु मुहर बंद निविदाएं अ. में पंजीकृत अथवा स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 19.09.2023 कार्यालयीन समय तक
2. निविदा प्रपत्र दर सहित प्रस्तुत करने की तिथि 26.09.2023 सायं 4.00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि 26.09.2023 सायं 4.30 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र.13 दैनिक बाजार के पास मिनी गार्डन निर्माण कार्य | 11.99 लाख | 750.00 | 9000.00 |
| 2. | वार्ड क्र.13 साप्ताहिक बाजार में शेड (चबुतरा) निर्माण कार्य | 1.60 लाख | 300.00 | 2000.00 |

1. निविदा की अन्य नियम शर्तें कार्यालयीन दिवस व समय में कार्यालय से अवलोकन किया जा सकता है।
2. उक्त तिथियों में अवकाश होने की स्थिति में कार्यवाही आगामी कार्य दिवस पर किया जावेगा एवं आवेदन शुल्क 100/- रसीद के माध्यम से लिया जावेगा।
3. मैनुअल निविदा हेतु निविदा फार्म वेबसाइट से डाउनलोड किया जाकर निर्धारित प्रपत्र के साथ शुल्क डी.डी. के माध्यम से जमा किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत, किरोड़ीमलनगर

# देश

उवाच

“शरद पवार ने खुद यह स्पष्ट किया है कि अजित पवार के नेतृत्व में उनकी पार्टी के कुछ सहयोगियों ने ईडी और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों की धमकियों से बचने के लिए भाजपा से हाथ मिलाया है, न कि किसी भी विकासात्मक एजेंडे के लिए।

–नाना पटोले, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35° | 28° |
| मुंबई | 31° | 26° |
| कोलकाता | 32° | 27° |
| चेन्नई | 35° | 27° |

# चीन के दावे मुर्खतापूर्ण : कांग्रेस

## शी जिनपिंग के भारत दौरे को लेकर केंद्र पर कसा तंज

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन ने एक उकसावे वाले कदम के तहत एक बार फिर नया नक्शा जारी कर तनाव पैदा कर दिया है, जिसमें अरुणाचल

■ सतर्कता की जरूरत पर जोर देते हुए केंद्र सरकार को दी सलाह

प्रदेश और अक्साई चिन को उसके क्षेत्र का हिस्सा बताया गया है। इस मानचित्र का विमोचन अगले महीने नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए चीन के राष्ट्रपति की आगामी यात्रा के साथ मेल खाता है।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इस नक्शे की कड़ी आलोचना करते हुए चीन के दावे को मुर्खतापूर्ण व दुस्साहसिक बताया। उन्होंने आगे कहा कि पहले कब्जाए क्षेत्रों को खाली कराने की जरूरत है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि अगर संक्षेप में कहूं तो चीनी मानचित्र बेतुके हैं। ये भारत-चीन सीमा विवाद के इतिहास से मेल नहीं खाते हैं, चीन का अरुणाचल प्रदेश पर कोई दावा नहीं है। कांग्रेस नेता ने सतर्कता की जरूरत पर जोर देते हुए केंद्र



चीनी मानचित्र बेतुके हैं ये भारत-चीन सीमा विवाद के इतिहास से मेल नहीं खाते हैं : **मनीष तिवारी**

सरकार को सलाह भी दी है। तिवारी ने भारत-चीन सीमा विवाद के ऐतिहासिक साक्ष्यों का हवाला देते हुए बताया कि चीन का दावा निराधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक चिंता चीन द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर वास्तविक नियंत्रण रेखा का उल्लंघन है, जो नियंत्रण का दावा करने के उनके इरादे को इंगित करता है।

उन्होंने सरकार से आत्मनिरीक्षण करने का आग्रह किया और सवाल किया कि क्या राष्ट्रपति शी जिनपिंग को दिल्ली में आमंत्रित करना भारत के गौरव के अनुरूप है, खासकर जब चीन ने अक्साई चिन में अपनी घुसपैठ के माध्यम से लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करना जारी रखा है। नए चीनी मानचित्र की बारीकियों को संबोधित करते हुए, तिवारी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत-चीन सीमा में तीन क्षेत्र शामिल हैं। पूर्वी क्षेत्र मैकमोहन रेखा द्वारा शासित है, जो 1940 से भारत, चीन और तिब्बत के प्रतिनिधियों द्वारा सीमा को परिभाषित करने वाला एक समझौता है। जहां तक मध्य क्षेत्र की बात है तो छोटे-मोटे मुद्दों के अलावा दोनों पक्षों के बीच कोई खास विवाद नहीं है।

जैसे-जैसे राष्ट्रपति शी की यात्रा नजदीक आ रही है, भारत को अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने और चीन के दुस्साहसिक दावों के सामने अपने राष्ट्रीय गौरव को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिक्रिया और कूटनीतिक कारवाइयों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना होगा।

## अरुणाचल में घुसने की कोशिश कर रहा चीन : राउत



**नई दिल्ली।** चीन ने हाल ही में अपना आधिकारिक नक्शा जारी किया है, जिसमें भारत के अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को अपना हिस्सा दिखाया गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चीन अब अरुणाचल प्रदेश में घुसने की कोशिश कर रहा है। संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी का लद्दाख पर दावा सही है और केंद्र सरकार में अगर हिम्मत है तो उसे चीन पर सर्जिकल स्ट्राइक कर देनी चाहिए। संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी का ये दावा कि चीन, लद्दाख की पैंगोंग घाटी में घुस आया है, सही है। हमारे प्रधानमंत्री ने हाल ही में ब्रिक्स सम्मेलन में शिरकत की और वहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की।

# असम में बाढ़ से 1.90 लाख से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। असम में



बारिश के कारण फिर आई बाढ़ से 17 जिलों के 1.90 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार गत सोमवार को शिवसागर जिले के डेमो इलाके में एक व्यक्ति बाढ़ के पानी में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस बीच बाढ़ प्रभावित जिले में बिश्वनाथ, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, लखीमपुर, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी, शिवसागर, सोनितपुर, तामुलपुर और उदलगुरी शामिल हैं। इन जिलों के कम से कम 522 गांव बाढ़ के पानी से जूझ रहे हैं और 8,000 हेक्टेयर फसल नष्ट हो गई है। एएसडीएमए ने कहा कि 17 जिलों में कुल 1,90,675 लोग प्रभावित हुए। राज्य प्रशासन चार जिलों में 47 राहत शिविर और 45 राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहा है। ब्रह्मपुत्र नदी डिब्रूगढ़, धुबरी, तेजपुर और नेमाटीघाट में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि सुबनसिरी और दिखौ जैसी अन्य प्रमुख नदियां बदतीघाट और शिवसागर में खतरे के निशान को पार कर गई हैं।

# महाराष्ट्र में अधूरी मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**मुंबई,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। वर्धा के सैकड़ों किसान अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन के दौरान कई किसान मंगलवार को लंबित मांगों पर दबाव बनाने के लिए राज्य सरकार के मुख्यालय, मंत्रालय के प्रतीक्षा कक्ष में लगाए गए भारी सुरक्षा जालों पर कूद गए। किसान कथित तौर पर वहां स्थापित एक चिकित्सा शिविर में भाग लेने के लिए छोटे समूहों में मंत्रालय के अंदर आए थे। लेकिन अचानक उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और पीडब्ल्यूडी मंत्री दादा भुसे का घेराव करने की कोशिश की और फिर सुरक्षा जाल पर कूद गए। किसानों ने अपर वर्धा एक्शन कमेटी लिखे काले पोस्टर भी लहराए और कहा कि बार-बार याद दिलाने के बावजूद उनकी मांगें नहीं मानी गईं। किसान नेताओं ने दावा किया कि कई किसानों ने लगभग चार महीने पहले प्रस्तावित ऊपरी वर्धा बांध परियोजना के



■ मंत्रालय के अंदर सुरक्षा जाल पर कूदे
■ पीडब्ल्यूडी मंत्री का घेराव करने का किया प्रयास

लिए सरकार को अपनी जमीनें दे दी थीं, लेकिन अब तक उन्हें आश्वासन के मुताबिक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। शिवसेना (यूबीटी) के किसान चेहरे किशोर तिवारी ने कहा कि यह वर्तमान राज्य सरकार की किसानों के प्रति पूर्ण असंवेदनशीलता का एक और उदाहरण है जिसके कारण वे महाराष्ट्र में लगभग हर दिन आत्महत्या कर रहे हैं।

## किसानों ने आत्महत्या करने की दी चेतावनी

प्रदर्शनकारी किसानों में से एक ने चेतावनी दी कि हम कई हफ्तों से मंत्रालय और संबंधित विभागों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन हमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे या उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार से मिलने की अनुमति नहीं है अगर सरकार कल तक कार्रवाई करने में विफल रहती है, तो हम आत्महत्या कर लेंगे। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा जाल पर अपनी मांगों के पत्रक और पोस्टर फेंके और फिर उनमें से दो दर्जन से अधिक लोग पहली मंजिल से उस पर कूद गए, जबकि मंत्रालय के कर्मचारी और अन्य लोग इस सनसनीखेज घटनाक्रम को देखने के लिए दौड़ पड़े। बाद में, भुसे उनके प्रतिनिधियों से मिलने और उन्हें शांत करने के लिए गए।

## सार संक्षेप

### मोदी ने केरलवासियों को दी ओणम की बधाई

**दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ओणम उत्सव के मौके पर दुनियाभर में रहने वाले केरलवासियों को बधाई दी। मोदी ने कहा, सभी को ओणम की बधाई। आपका जीवन स्वस्थ, खुशहाली तथा समृद्धि से परिपूर्ण हो। पिछले कई सालों से ओणम वैश्विक उत्सव बन गया है। यह केरल की खूबसूरत संस्कृति को दर्शाता है। वहीं केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि राज्य के निवासियों तथा दुनिया के अन्य हिस्सों में रहने वाले केरलवासियों को ओणम की हार्दिक बधाई देता हूं।

### आरजीआईए को मिला फर्जी बम धमकी वाला संदेश

**हैदराबाद।** तेलंगाना के शहर शमशाबाद के पास स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) को बम की धमकी के संबंध में एक फर्जी ईमेल मिला है। संदेश सोमवार को प्राप्त हुआ था लेकिन इस संबंध में मंगलवार को बताया गया। सूचना मिलते ही सतर्क हवाईअड्डा सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। एयरपोर्ट परिसर का गहन निरीक्षण किया गया। विस्तृत जांच और तलाशी के बाद, सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की कि कोई विस्फोटक मौजूद नहीं है। इससे संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है और फर्जी ईमेल के स्रोत की जांच शुरू कर दी गई है।

### चेन्नई के डिप्टी मेयर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**चेन्नई।** एक विधवा महिला की धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर सिटी क्राइम ब्रांच पुलिस ने चेन्नई के डिप्टी मेयर मगेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि एस.आर.मोहन की विधवा पत्नी एसाक्की अम्मल ने इस मामले में शिकायत दर्ज की थी। उसके पति अन्य भागीदारों के साथ खदान व्यवसाय चला रहे थे। मास माइंस नाम की खदान तांबरम में संचालित की गई थी, वहीं मोहन का 2021 में कुछ बीमारी के कारण निधन हो गया था।

### मणिपुर में राज्यपाल व मुख्यमंत्री को मोबाइल इंटरनेट की अनुमति

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने की अनुमति दी है। गृह आयुक्त टी रंजीत ने सोमवार को सूची जारी की जिसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार, स्पीकर, मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश, कैबिनेट मंत्री, महाधिवक्ता, पुलिस महानिदेशक, प्रशासनिक सचिव, विश्वविद्यालयों के कुलपति, वरिष्ठ कमांडेंट स्तर तक के अधिकारी और सेना/असम राइफल्स शामिल हैं।

## जातीय गणना पर भाजपा का वास्तिवक चेहरा बेनकाब : जदयू

**पटना,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय मामलों के मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने केंद्र सरकार के जातीय गणना मामलों में उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे को हास्यास्पद बताया और कहा कि इससे प्रदेश में जाति आधारित गणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चेहरा बेनकाब हुआ है। चौधरी ने मंगलवार को यहां जदयू मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में जातीय गणना मामलों से जुड़ा दायर हलफनामा न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि बिहार की गरीब जनता के हितों के बिल्कुल विपरीत भी है।

जातीय गणना को लेकर बीते कई महीनों से पटना उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय तक सुनवाई चलती रही है लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक इसमें सीधे तौर पर हस्तक्षेप नहीं किया था। जदयू नेता ने कहा कि अलग-अलग माध्यमों से कुछ लोग जनहित याचिका दायर कर जातीय गणना को बाधित करना चाहते थे। लेकिन, पटना उच्च न्यायालय ने बिहार सरकार के सामाजिक न्याय की अवधारणा पर मुहर लगाते हुए जातीय गणना और आर्थिक सर्वेक्षण के पक्ष में अपना फैसला सुनाया। इसके खिलाफ याचिका दायर करने वाले लोग उच्चतम न्यायालय चले गए तब भी केंद्र सरकार की नींद नहीं खुली और जब ऐसा लग रहा था कि सर्वोच्च न्यायालय जातीय गणना के अनुकूल फैसला देगी तब केंद्र सरकार अंतिम समय में उसमें कूद गई।

### कर्नाटक सरकार के सौ दिन पूरे होने पर बोले सिद्धारमैया

# महंगाई रोकने में केंद्र सरकार रही विफल

**मैसूरु/कर्नाटक,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी सीएम डीके. शिवकुमार ने मंगलवार को मैसूर में नाद देवता (राज्य देवी) चामुंडेश्वरी की विशेष पूजा की।

■ भाजपा के पास आरोप पत्र पेश करने का नैतिक अधिकार नहीं

सिद्धारमैया ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई रोकने में विफल रही है, इसलिए आम परिवारों, किसानों और अन्य समूहों की मदद के लिए कदम उठाए गए हैं। स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए गरीबों की जेब में पैसा होना जरूरी है।

इसीलिए गृह ज्योति (मुफ्त बिजली), अन्न भाग्य (मुफ्त चावल) और शक्ति (महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा) पहले से ही चल रही हैं और गृह लक्ष्मी योजना का उद्घाटन किया जाएगा। सिद्धारमैया ने कहा कि हमारी सरकार ने 100 दिन पूरे कर लिए



स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए गरीबों की जेब में पैसा होना जरूरी : **सिद्धारमैया**

हैं। इसी उपलक्ष्य में यह नेक कार्य किया जा रहा है। इस देश में किसी अन्य कार्यक्रम या योजना पर इतना पैसा खर्च नहीं किया जाता।

अपने और मुख्यमंत्री के बीच मतभेदों पर एक सवाल का जवाब देते हुए शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें टिप्पणियां करते रहने दीजिए। आप हमें साथ देखते रहेंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि उनके (विपक्ष) इस बारे में बात करना शुरू करने के बाद से उनके बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। दोनों नेताओं ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ चामुंडी पहाड़ियों के ऊपर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर के दर्शन किए। सिद्धारमैया ने संवाददाताओं से कहा कि वह शिवकुमार के साथ विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले 9 मई को भगवान के दर्शन करने आए थे। हम विजयी हुए और बुधवार को प्रमुख गारंटी योजनाओं में से एक गृह लक्ष्मी को लागू कर रहे हैं।

## कावेरी मुद्दे पर कर्नाटक के हितों की रक्षा की जाएगी : शिवकुमार

**मैसूरु।** कावेरी विवाद पर बात करते हुए उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि कावेरी मुद्दे पर कर्नाटक के हितों की रक्षा की जाएगी। मैसूरु में पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि कावेरी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट जल्द ही अपना फैसला सुनाने वाला है और वह फैसले के बाद प्रतिक्रिया देंगे। कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) ने तमिलनाडु को 15 दिनों तक हर दिन 5 टीएमसी पानी छोड़ने का आदेश दिया है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार ने कहा था कि आदेश अंतिम नहीं है। इस मुद्दे पर कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीडब्ल्यूडीटी ने इससे पहले सोमवार को अपना आदेश पारित किया था। गारंटी योजनाओं के बारे में बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि नाद देवता चामुंडेश्वरी के आशीर्वाद से सरकार गारंटी योजनाओं को लागू करने में सफल रही। शिवकुमार ने बताया कि चुनाव से पहले हमने देवता के सामने गारंटी कार्ड रखे थे और प्रार्थना की थी। उन्होंने कहा कि गृह लक्ष्मी योजना 1.10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचने वाली है।

# पाकिस्तान में भारत की पहली महिला हाई कमश्निर होंगी गीतिका

### उप्र की आईएफएस अफसर जल्द संभालेगी हिन्दुस्तान की कमान

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। इन दिनों भारत और पाकिस्तान की दो महिलाएं सीमा हैदर और अंजू लगातार सुर्खियों में हैं लेकिन अब एक ऐसी भारतीय सुर्खियों में छाने वाली है जिससे हर भारतीय महिला का सिर गर्व से ऊंचा हो जाएगा। अगले कुछ दिनों में विदेश मंत्रालय की आईएफएस अधिकारी गीतिका श्रीवास्तव पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग की आजादी के बाद पहली महिला अंबेसडर के रूप में कमान संभालने वाली है। वह इस्लामाबाद में भारत की नई प्रभारी के तौर पर जल्द जॉइन करेंगी। गीतिका श्रीवास्तव ने साल 2004 में यूपीएससी परीक्ष पास की थी। उत्तर प्रदेश की रहने वाली गीतिका ट्रेनिंग पूरी होने के



बाद वह 2005 में आईएफएस अफसर बन गई थीं। इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में वह सुरेश कुमार की जगह लेंगी। सुरेश कुमार जल्द ही नई दिल्ली लौट सकते हैं। वे इस पद अस्थायी तौर पर एंबेसडर या हाई कमिश्नर नियुक्ति तक काम करेगी। विदेश मंत्रालय की ओर फिलहाल गीतिका की जॉइनिंग डेट सार्वजनिक नहीं की गई। गीतिका श्रीवास्तव फिलहाल विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुख्यालय में फिलहाल संयुक्त सचिव के पद पर इंडो पैसिफिक डिवीजन में कार्यरत हैं। साल 2007 से 2009 तक वह चीन में स्थित भारतीय दूतावास में भी काम कर चुकी हैं। चीन जाने से पहले उन्होंने विदेशी भाषा ट्रेनिंग के दौरान पहले मंदारिन (चीनी भाषा) सीखी थी उसके बाद ही वह चीन गई थीं।

इसके अलावा वह कोलकाता में क्षेत्रीय पासपोर्ट ऑफिस में निदेशक के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। बता दें कि पहली बार किसी महिला को पाकिस्तान में भारतीय दूतावास का अंबेसडर बनाकर भेजे जाने से उनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। वह भारतीय महिलाओं के लिए मिसाल बनेंगी और उनकी उपलब्धियां सभी को प्रेरित करने का काम करेंगी।

## झारखंड के पलामू जिले में कार दुर्घटना में तीन की मौत

**रांची,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव के पास शाहपुर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर चढवना के पास कार की चपेट आने से कल देर रात तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 14 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में उदल प्रसाद चौरसिया, रोहित कुमार और मधु मेहता शामिल है। घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घायलों में कुछ की स्थिति गंभीर बताई जाती है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शाहपुर-गढ़वा मार्ग स्थित चढवना टोला में दोगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया था और इसमें स्थानीय व आसपास गांव के लोग शामिल होने जा रहे थे तभी कार चालक ने पैदल चल रहे व्यक्तियों को रौंद दिया। कार चालक भागने के क्रम में अन्य 14 लोगों को चोटिल कर दिया। बाद में कार चालक एक किलोमीटर आगे कार छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा घायलों को अस्पताल में

## समय से पहले भी हो सकता है लोकसभा चुनाव : नीतीश

**बिहार शरीफ,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि समय से पहले भी लोकसभा चुनाव हो सकता है। एक कार्यक्रम में नालंदा आए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव कभी भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह कोई जरूरी नहीं है कि चुनाव समय पर हो, केंद्र वाले पहले भी करा सकते हैं।

यह बात हम सात-आठ महीने से कह रहे हैं कि यह लोग पहले भी चुनाव कर सकते हैं, इसलिए विपक्ष को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने एक बार फिर कहा कि मेरी कोई व्यक्तिगत इच्छा नहीं है। हमारा मकसद है कि सब लोग एकजुट हों। विपक्षी दलों के गठबंधन की मुंबई में होने वाली बैठक में नए दलों के शामिल होने के संबंध में नीतीश कुमार ने कहा कि अभी कुछ नहीं



कहेंगे। जब लोग आवेंगे तो सबकुछ पता चल जाएगा। बिहार में जातीय गणना को लेकर केंद्र सरकार के सर्वोच्च न्यायालय में दिए हलफनामा के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना कराने का अधिकार केंद्र को है, हम लोग तो यहां गणना करा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि करीब-करीब काम पूरा हो गया है। हमलोग बराबर यह मांग कर रहे थे, सभी दल के लोग जाकर मिले भी थे, जब केंद्र ने नहीं किया तब हमने बिहार में शुरू करवाया।

राजनीति | *मप्र विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीति में बड़े बदलाव की तैयारी*

# 4 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का कट सकता है टिकट

**नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होना है और भाजपा इस बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल कर राज्य में फिर से सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर चुनावी मैदान में उतर रही है। 2018 की गलतियों से सबक लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अपने रणनीति में व्यापक बदलाव किया है।**

भाजपा ने इस बार एक तरफ जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा अन्य दिग्गज नेताओं को भी चुनाव प्रचार अभियान में आगे रखा है तो वहीं अब एंटी इनकंबेंसी के माहौल को कमजोर करने के लिए पार्टी ने अपने 40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का टिकट काटने की भी तैयारी कर ली है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने राज्य के एक-एक विधान सभा सीट पर जीत हार के समीकरण को लेकर और वर्तमान विधायकों की



■ मध्य प्रदेश में साल के अंत तक होने हैं विधानसभा चुनाव

सक्रियता, लोकप्रियता, उम्र, जनाधार और जीतने की क्षमता को लेकर कई स्तरों पर व्यापक और बड़े पैमाने पर सर्व करवाए हैं। पार्टी ने दूसरे राज्यों के नेताओं और खासकर विधायकों को मध्य प्रदेश में उतार कर हर विधानसभा सीट की ग्राउंड जानकारी एकत्र की है और इस आधार पर पार्टी ने अपने वर्तमान विधायकों को बड़े पैमाने पर बदलने का फैसला किया है।

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी इस बार अपने 40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का टिकट काट कर उनकी जगह युवा और नए चेहरे को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है ताकि सत्ता विरोधी लहर को मात देकर उन सीटों पर फिर से जीत हासिल की जा सके। हालांकि, टिकट कटने वाले नेताओं की लिस्ट में कुछ ऐसे विधायक भी शामिल हैं जिनकी उम्र 75 पार हो चुकी है।

आपको बता दें कि, 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से थोड़ा ज्यादा वोट हासिल होने के बावजूद राज्य में सिर्फ 109 सीटों पर ही जीत हासिल हो पाई थी। जबकि, कांग्रेस के उम्मीदवार 114 सीटों पर जीते थे। 2018 में भाजपा को मध्य प्रदेश में 41.02 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। जबकि, कांग्रेस को भाजपा से थोड़ा कम 40.89 प्रतिशत वोट मिला था। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया के खेमे के विधायकों के इस्तीफे के कारण कमलनाथ की सरकार गिर गई और शिवराज सिंह चौहान फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बने। सिंधिया गुट के इस्तीफा देने वाले कई विधायक भाजपा के टिकट पर उपचुनाव जीत कर विधायक बने। वर्तमान में मध्य प्रदेश विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 127 है और पार्टी इनमें से 40 से ज्यादा विधायकों के टिकट काटने का मन बना चुकी है। आपको याद दिला दें कि, राज्य में विधान सभा चुनाव की घोषणा होने से पहले ही भाजपा हाल ही में अपने लिए कमजोर माने जाने वाली 39 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर चुकी है।

भाजपा ने पहले चरण में मध्य प्रदेश की 39 सीट पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इनमें पूर्व विधायकों से लेकर 75 की उम्र तक के लोग शामिल हैं।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 30 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# श्रेय चाहिये, जवाबदेही नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर अवसर और परिघटना को अपने प्रचार तंत्र का हिस्सा बनाने में महारत हासिल कर चुके हैं। मौका कोई भी हो पर नया दस्तूर उन्हीं से शुरू होता है और उन्हीं पर खत्म भी। भारत के प्रत्येक हिस्से में जो कुछ हो रहा है, उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी को जाता है- बशर्ते कि वह कार्य कामयाबी का हो। असफलता, अधूरे कार्य, प्रारम्भ ही न हुए हों ऐसे शासकीय कामों को लेकर उनका कोई दायित्व नहीं है और न ही जवाबदेही। ऐसे सारे मामलों पर मोदी का मौन अब उनकी कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है- मणिपुर से लेकर नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में पहचान कर मुसलिमों को मारने तक। कुछ लोगों के लिये उनका हर काम अभी भी मास्टर स्ट्रोक बना हुआ है तो ज्यादातर ऊब चुके हैं। मोदी यह भी नहीं देखते कि जो काम वे कर रहे हैं वह उनके पद के स्तर एवं प्रतिष्ठा के अनुकूल है भी या नहीं, परन्तु मोदी जी हैं कि मानते ही नहीं...

सोमवार को फिर ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला जब उनके हाथों नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। खुशनसीब हैं वे 51 हजार लोग जिन्हें सीधे पीएम द्वारा काम पर रखा गया। केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल व भारत तिब्बत सीमा पुलिस में भर्ती के ये नियुक्ति पत्र बांटे गये। मोदी पहले भी 75 हजार नियुक्ति पत्र बाकायदा समारोह आयोजित कर बांट चुके हैं। नियुक्ति पत्र बांटने से प्रचार मिलता है, श्रेय मिलता है। हालांकि अब तक नियुक्ति पत्र जारी करने का काम सम्बन्धित विभागों के अफसरों, लिपिकों और उन्हें नियुक्त हुए लोगों तक पहुंचाना डाकिये का काम हुआ करता था। नये दौर में नियुक्ति पत्र जारी करने का काम राष्ट्राध्यक्ष का हो गया है। सम्भवत: मोदी जी लोगों को यह एहसास दिलाना चाहते हैं कि उनके राज में रोजगार की कोई कमी नहीं है और थोक के भाव में लोग नियुक्त हो रहे हैं।

यह विडंबना ही है कि प्रधानमंत्री देश में रोजगार की वास्तविक स्थिति बतलाने के लिये तैयार नहीं हैं। न ही वे यह बतलाते हैं कि उन्होंने हर साल जो 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। इस वायदे के अनुसार तो अब तक 18 करोड़ लोगों के पास रोजगार होना चाहिये था, पर आलम यह है कि करोड़ों लोग बेरोजगार हैं। शिक्षण संस्थाओं से पढ़कर निकलने वाले युवा तो धक्के खा ही रहे हैं, कोविड-19 के कारण करोड़ों लोगों की नौकरियां ही चली गयीं। लाखों ने काम की तलाश ही बन्द कर दी है। उनकी सरकार बाकायदा संसद में बतलाती है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा उसके पास नहीं है। केन्द्र की नीति और कार्यक्रम भी ऐसे हैं जिनसे रोजगार सृजित होने का सवाल ही नहीं है। नोटबन्दी और जीएसटी ने छोटे, मध्यम व घरेलू उद्योगों की कमर तोड़ दी। ये सेक्टर सर्वाधिक रोजगार देने वाले रहे हैं। फिर, निजीकरण की ओर सरकार का ऐसा झुकाव है जिसमें नवीनतम तकनीकों तथा लागत घटाने के उद्देश्य से लोगों की छंटनी आम है। रेलवे, सेना समेत कई विभागों एवं संस्थानों में वर्षों से लाखों पद खाली पड़े हैं। अनेक शासकीय कम्पनियों में इसलिये जान-बूझकर भर्तियां नहीं की जा रही हैं ताकि वे घाटे में आ जाएं और उन्हें निजी हाथों को बेच दिया जाये। नियुक्ति पत्र बांटने वाले मोदी यह कभी नहीं बताते कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिये उनके पास क्या योजना है। यह भी नहीं बतलाते कि घोषणाओं की बजाये परिणाम कब दिखेंगे।

मोदी की यही कार्य प्रणाली सर्वत्र दिखती है। 85 करोड़ लोगों को हर माह जो 5 किलो राशन मुफ्त में मिल रहा है उसके पैकेट पर मोदी की तस्वीरें तो लगी हैं, पर असल में उसका सम्बन्ध उनसे सिर्फ इतना ही है कि वे जतलाने चाहते हैं कि यह राशन जनता को उन्हीं की कृपा से मिला है। देश में भुखमरी की ऐसी स्थिति क्यों है और गरीबों के पेट भरने के लिये उनके पास कौन सी उपाय योजनाएं हैं- इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। मनरेगा जैसी कल्याणकारी योजनाओं की हंसी उड़ाने वाले मोदी मुफ्त राशन योजना का न तो औचित्य बता रहे हैं और न ही बता सकते हैं कि विश्व भुखमरी सूचकांक की खराब रैंकिंग से देश कैसे उबरेगा।

हाल ही में ग्रीस से लौटे मोदी लौटने के बाद सीधे बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) गये जहां उन्होंने वैज्ञानिकों से मुलाकात कर बहुत भावनात्मक भाषण किया। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव का उल्लेख करते हुए उनका गला रूंध गया, आंसू छलक गये। यहां तक तो ठीक है पर उन्होंने यह नहीं बताया कि 23 अगस्त को चांद पर सफल लैंडिंग करने वाले चन्द्रयान-3 और सितम्बर के पहले सप्ताह में छोड़े जाने वाले आदित्य-1एल जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बजट में 32 फीसदी की कटौती क्यों की गयी और पिछले साल के मुकाबले केन्द्र को 13200 करोड़ रुपये घटाकर क्यों दिये गये। सोशल मीडिया पर यह जो चल रहा है कि वहां के कर्मचारियों व वैज्ञानिकों को कई महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है, सच है या गलत- मोदी यह भी बताएं।

ऐसे ही, बार-बार विदेश जाने वाले मोदी का सरोकार वहां केवल अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाना, कारोबारी मित्रों को ठेके दिलाना तथा हथियार या टेक्नालॉजी खरीदना रह गया है। उन मुल्कों में वे प्रायोजित भीड़ से मिलते हैं और इवेंट करते हैं। यह सारा कुछ मोदी को प्रचार दिलाता है लेकिन संसदीय परम्परा के अनुरूप हर यात्रा से लौटकर राष्ट्रपति से मिलने का संवैधानिक कर्तव्य निभाना उन्हें आवश्यक नहीं जान पड़ता।

# राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला

■ नन्तु बनर्जी

राज्यों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के प्रबंधन पर नियंत्रण को लेकर भाजपा शासित केंद्र और विपक्ष की सरकारों के अधीन राज्यों के बीच बढ़ते सत्ता संघर्ष से देश की उच्च शिक्षा प्रणाली की पवित्रता के बर्बाद होने का गंभीर खतरा उपस्थित हो गया है। कई विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री और वहां केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलपतियों (वीसी) की नियुक्तियों को लेकर एक-दूसरे के विरुद्ध आमने-सामने हैं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी पसंद के अनुसार राजनीतिक नियुक्तियां चाहते हैं।

हाल ही में, तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड और राजस्थान राज्यों में ऐसे कानून हैं जो विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्ति पर राज्य और राज्यपाल के बीच सहमति की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

हाल ही में, राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के अंतरिम कुलपति के रूप में कई वरिष्ठ प्रोफेसरों की नियुक्ति को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस, जो कि एक पूर्व नौकरशाह हैं और 2019 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने, के बीच मामला आमने-सामने आ गया है।

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने प्रोफेसरों से राज्यपाल की नियुक्तियों को अस्वीकार करने का आग्रह किया, जबकि राज्य कानूनी राय मांग रहा है। प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति के रूप में भाजपा के अनुयायी प्रोफेसर बुद्धदेव साव की नवीनतम नियुक्ति ने राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच दरार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है क्योंकि बसु ने आनंद बोस पर यूजीसी के कुलपति नियुक्ति दिशानिर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसके लिए प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव आवश्यक है। बताया जाता है कि प्रो. साव मानदंडों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते हैं।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए तुरंत कवायद शुरू की जाए। प्रख्यात इतिहासकार प्रो. सुरंजन दास का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 1 जून से जादवपुर विश्वविद्यालय नेतृत्वविहीन चल रहा है। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी के लिए एक खोज समिति का गठन नहीं किया है। विशेष रूप से उस विश्वविद्यालय के जो दुनिया के शीर्ष संस्थानों में सूचीबद्ध है। 2023 में क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जादवपुर यूनिवर्सिटी को 701-750वां और एशिया में 182वां स्थान मिला।

सामान्य परिस्थितियों में, कुछ लोग विश्वविद्यालय में अंतरिम वीसी की नियुक्ति के लिए राज्यपाल आनंद बोस को दोषी ठहरा सकते हैं, बशर्ते कि यह राज्य सरकार के परामर्श से हो और चयनित उम्मीदवार यूजीसी मानदंडों को पूरा करता हो।

> तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है।

पिछले साल, नवंबर में, सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में कहा गया था कि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में 10 साल की सेवा करनी चाहिए और उनके नाम की सिफारिश एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वीसी की नियुक्ति खोज-सह-चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों में से की जानी है।

जस्टिस एम.आर. शाह और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 10(3) का उल्लेख किया जिसमें प्रावधान है कि समिति को उनकी योग्यता और पात्रता के आधार पर वीसी के रूप में नियुक्ति के लिए तीन व्यक्तियों की सूची तैयार करनी चाहिए। फैसले में प्रोफेसर नरेंद्र सिंह भंडारी की चुनौती से निपटा गया, जिनकी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के वीसी के रूप में नियुक्ति को पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। भंडारी की नियुक्ति के खिलाफ तर्क यह था कि उनके पास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में अपेक्षित 10 साल का शिक्षण अनुभव नहीं था। 2017 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त होने तक उनके पास प्रोफेसर के रूप में केवल 8.5 वर्ष का अनुभव था। हालांकि, उन्होंने मामला बनाया कि आयोग की सेवा के दौरान वह लंबी छुट्टी पर थे और प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी रहा।

उन्हें 2020 में वीसी नियुक्त किया गया था। 'केवल इसलिए कि प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी था, यह नहीं कहा जा सकता है कि ग्रहणाधिकार की अवधि के दौरान उन्होंने पढ़ाना जारी रखा और/या उनके पास शिक्षण का अनुभव था। यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 319 पर विचार करते हुए भी, लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में काम करते हुए, वह किसी अन्य पद पर कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते थे, 'न्यायाधीश शाह, जिन्होंने निर्णय लिखा था, ने कहा। अदालत ने उनके इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि वह लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए पीएचडी विद्वानों की देखरेख कर रहे थे और इसे उनके शिक्षण अनुभव का हिस्सा माना जाना चाहिए। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा, 'पीएचडी विद्वानों की देखरेख करने वाले को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में शिक्षण अनुभव होना नहीं कहा जा सकता है।'

कुछ इसी तरह के मामले में, शीर्ष अदालत ने पहले केरल में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, तिरुवनंतपुरम के वीसी के रूप में डॉ. राजश्री एम.एस. की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अकादमिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक खोज समिति द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल से वीसी के चयन के महत्व को रेखांकित किया।

जिन लोगों ने अपना कामकाजी जीवन अकादमिक क्षेत्र में बिताया, वे विश्वविद्यालयों के कार्यात्मक प्रमुखों की गुणवत्ता के बारे में चिंतित हैं। हाल के वर्षों में, कई कुलपति खबरों में रहे हैं, हालांकि ज्यादातर गलत कारणों से। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी चंद्राकृष्णमूर्ति को 2016 में शर्मनाक तरीके से पद छोड़ना पड़ा। उनका जबरन इस्तीफा पूरी तरह से छात्रों और शिक्षकों के आंदोलन का नतीजा नहीं था, बल्कि, महत्वपूर्ण बिंदु एक उच्च-स्तरीय जांच के निष्कर्षों से आया, जिसमें उसे अकादमिक धोखाधड़ी का दोषी पाया गया: जिसमें उन पुस्तकों के बारे में दावे शामिल थे जो उसने नहीं लिखी थीं और अपने सीवी में एक काल्पनिक डी. लिट डिग्री सूचीबद्ध किया था।

इससे पहले, बंगाल में, जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति अभिजीत चक्रवर्ती को कार्यालय छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। जबकि एक छेड़छाड़ के मामले में सार्थक प्रतिक्रिया देने में उनकी विफलता ने एक जोरदार और ऊर्जावान छात्र आंदोलन को जन्म दिया, उन्होंने अपने राजनीतिक रसूख का उपयोग करके स्थानीय पुलिस द्वारा छात्रों को पिटवाकर आग में घी डालने का काम किया।

पिछले जनवरी में, दूरदर्शिता या पूर्व-दृष्टिकोण के तहत, राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति जे.पी. सिंघल ने जयपुर स्थित दो कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिका प

र उच्च न्यायालय द्वारा उनके भाग्य का फैसला करने से एक दिन पहले अपना इस्तीफा दे दिया। याचिकाकर्ता वीसी के शैक्षणिक मूल्य पर सवाल उठा रहे थे, जिन्होंने कार्यालय में मुश्किल से सात महीने पूरे किये थे।

भारत में विश्वविद्यालयों में राजनीतिक घुसपैठ कोई नई बात नहीं है। इसकी शुरुआत 1960 के दशक में हुई जब वामपंथी दलों और उनके छात्र संघों ने स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक सभी स्तरों पर शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए जोरदार अभियान शुरू किया। उस समय, लड़ाई ज्यादातर वामपंथी और पारंपरिक कांग्रेस पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों के बीच थी।

1990 के दशक में स्थिति बदल गई जब भाजपा ने राज्यों के साथ-साथ केंद्र में भी राजनीतिक शक्ति का परीक्षण करना शुरू कर दिया। हिंदू राष्ट्रवादी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध दक्षिणपंथी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच अपने अनुयायियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए सामने आई। दरअसल, लगभग सभी राज्य और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान अब सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के प्रभाव में हैं। राजनीतिक दल और नेता विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से आने वाले आलोचनात्मक मूल्यांकन और स्वतंत्र आवाज़ों को लेकर, भले ही असुरक्षित न हों, असहज हो रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव के लिए नहीं

■ नित्य चक्रवर्ती

भाजपा विरोधी विपक्षी दलों की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक से पहले घटक दलों और जनता के लिए एक प्रमुख मुद्दा स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन मुख्य रूप से 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है, तथा वर्तमान 26 सदस्यीय ब्लॉक का यह उद्देश्य राज्यों में अपने-अपने आधार का विस्तार करने के लिए घटक दलों की महत्वाकांक्षा से नहीं टकराता है।

इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का गठबंधन रहा है और इसका उद्देश्य राज्य चुनावों तक विस्तार करना नहीं है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के घटक दल हमेशा राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे और केवल लोकसभा चुनावों के दौरान ही हाथ मिलायेंगे।

राज्यों में यह मुद्दा थोड़ा जटिल है, फिर भी, प्रत्येक राज्य में अग्रणी इंडिया घटक पार्टी भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए किसी अन्य घटक के साथ गठबंधन की कोशिश कर सकती है। यदि राज्य चुनावों में कुछ सीमित गठबंधन होता है, तो यह अच्छा है, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो इसका लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन की संयुक्त कोशिश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

> लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है।

भारत में संसदीय चुनावों के पिछले सात दशकों में, कई कांग्रेस-विरोधी मोर्चों के आने से राजनीतिक परिदृश्य पिछली सदी के साठ के दशक से बदल गया है। यह प्रक्रिया 1977 में जनता पार्टी के गठन और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली कांग्रेस विरोधी सरकार के आने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर शुरू हुई।

उसके बाद, कई विभाजन और नये गठन हुए, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वीपी सिंह के नेतृत्व वाला जनता दल था जिसने 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनाई। 88 सीटों वाली भाजपा ने एक तरफ से और वामपंथी दलों ने दूसरी तरफ से इसका समर्थन किया। यह वह सरकार थी जिसने भाजपा को केंद्र के प्रमुख क्षेत्रों में अपने लोगों को शामिल करने में मदद की। वामपंथियों को भाजपा की साजिशों के बारे में पता था लेकिन वे कुछ नहीं कर सके। 1996 में कांग्रेस और भाजपा विरोधी पार्टियों का एक और मोर्चा बना और इस मोर्चे ने कुछ समय तक सरकार का नेतृत्व किया।

इसके बाद 1998 में भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नामक मोर्चे का नेतृत्व किया। यह एनडीए अब 25 साल पुराना हो चुका है और इसमें अब 37 पार्टियां सदस्य बन चुकी हैं। 1998 से 2004 तक एनडीए सरकार में थी, फिर 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में, कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का गठन किया और इस सरकार ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में आने से पहले 2014 के लोकसभा चुनाव तक शासन किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद यूपीए ज्यादा सक्रिय नहीं था और आखिरकार पिछले महीने बेंगलुरु कॉन्क्लेव में इसकी जगह इंडिया गठबंधन ने ले ली। यूपीए में 16 सदस्य थे लेकिन इंडिया में अब 26 हैं। मुंबई कॉन्क्लेव में और भी लोगों को शामिल किया जा सकता है।

ध्यान रहे कि ऐसे गठबंधन किसी ऐतिहासिक आवश्यकता के कारण बनते तो हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाते। गंभीर राष्ट्रीय राजनीतिक दल भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाते हैं और वे किसी भी अस्थायी गठबंधन के बावजूद, दीर्घकालिक खिलाड़ी के रूप में अपने कार्यक्रम उसी के अनुसार बनाते हैं। मुंबई कॉन्क्लेव पेशेवर तरीके से होना चाहिए और 31 अगस्त तक सभी प्रमुख समितियों और संयोजक समेत समूहों का फैसला हो जाना चाहिए ताकि अगले दिन होने वाली अंतिम बैठक में बिना किसी रुकावट के नामों को मंजूरी मिल सके।

इनमें से सबसे अहम कमेटी सीट बंटवारे को लेकर है। इसमें उन नेताओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनमें बातचीत को सफलता के साथ आगे बढ़ाने के अद्भुत गुण हों। इस समिति में ऊंचे कद वाले नेताओं को भी शामिल किया जाना चाहिए जिनका सभी घटक सम्मान करते हों। यह और अभियान समिति दो सबसे महत्वपूर्ण निकाय हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया के लिए निर्णायक भूमिका निभायेंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है। उदाहरण के लिए, 2019 के लोकसभा चुनाव में, एनडीए को 25.9 करोड़ वोटों के साथ 353 (अब 332) सीटें मिलीं, जबकि वर्तमान गठबंधन को 22.9 करोड़ वोटों के साथ 144 सीटें मिलीं, जिसमें 3 करोड़ वोटों का अंतर था।

इसके विपरीत, यदि हम पिछले पांच वर्षों के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों को देखें, तो इंडिया गठबंधन के घटकों को 26.8 करोड़ वोटों के साथ 1793 सीटें मिली हैं, जो एनडीए की 1704 सीटों (23.2 करोड़ वोटों) के मुकाबले 3.6 करोड़ वोटों की भारी बढ़त है। यह एक बड़ी बढ़त है और यह नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों तक है। इसलिए, इंडिया के नेता इस आधार पर शुरुआत कर सकते हैं कि राज्यों में मतदाताओं का मूड इंडिया गठबंधन की पार्टियों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के पक्ष में है।

लेकिन लोकसभा चुनाव में एनडीए को फायदा मिलता है। इसलिए इंडिया गठबंधन के नेताओं का प्राथमिक कार्य उन क्षेत्रों की पहचान करना है जो इस अंतर को खत्म कर देंगे जो मूल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड छवि के कारण है जो अभी भी कायम है। तीसरे इंडिया सम्मेलन में यह सुनिश्चित करना होगा कि अगले आठ महीनों में, इंडिया गठबंधन के नेता और घटक दलों द्वारा संचालित राज्य सरकारें मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए सांप्रदायिक गड़बड़ी आयोजित करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क रहें।

नरेंद्र मोदी तीन सूत्री फॉर्मूले राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और गरीबों, खासकर ओबीसी के लिए कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चुनाव अभियान में मोदी लाइन को चुनौती देने के लिए इंडिया गठबंधन को एक अत्यधिक नवोन्मेषी आख्यान अपनाना होगा। हिंदू कट्टरपंथी के रूप में मोदी की लगातार आलोचना करने की पुरानी प्रचार शैली काम नहीं करेगी।

## रक्षाबंधन पर्व आज

# राखी का पर्व सात्विक, स्नेह और प्रेम का पर्व

समाज का हर वर्ग एक दूसरे को स्नेह के बंधन में बांध लें तो जीवन ही निखर जाएगा। अभाव का अंत हो जाएगा। एक दूसरे की रक्षा करने की भावना बलवती करने वाला पर्व है। शत्रुता का शमन कर मित्रता एवं भाई चारे को बढ़ाने वाला पर्व है। भाई और बहन के प्यार में जो सात्विकता दिखती है वह अन्य संबंधों में कहां परिलक्षित हो पाती है। विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो की वह घटना क्या विश्व कभी भूल पाएगा? जिसमे स्वामी विवेकानंद ने उस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने उद्‌गार व्यक्त करने से पहले सभा को संबोधित करते हुए कहा- बहनों और भाइयों, 'सिस्टर एंड ब्रदर' कहा था। इसके पहले अमेरिकावासी लेडिज एंड जैंटलमैन महिला और पुरुषों का संबोधन ही सुनते थे।

रक्षाबंधन सारे समाज का पर्व है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करे और समाज की व्यवस्था को बनाए रखने हेतु संपन्न वर्ग अपने से विपन्न व्यक्ति का सहयोग करें यही संदेश है रक्षाबंधन का। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन के स्नेह का त्यौहार है। वहीं प्रतिवर्ष बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसके सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामनाएं करती हैं।

भारतवर्ष पर्व प्रधान देश है। इस देश में प्रतिदिन कोई न कोई पर्व आता ही है। कुछ ऐसे पर्व है जो किसी धर्म या जाति से संबंध नहीं रखते, धर्म या जाति से बंधे नहीं होते। उनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होता है। ऐसे पर्व में रक्षाबंधन का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। रक्षा का अर्थ है- प्रेम, दया, सहयोग और सहानुभूति। रक्षा जीवन में मधुरता का संचार करती है। भाईचारे की भावना को उजागर करती है। रक्षा की भावना से उत्प्रेरित होकर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने धनुष उठाया था और कर्मयोगी श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र धारण किया था। बड़े-बड़े वीरों ने रक्षा की भावना से तलवार उठाया था। रक्षा शब्द में जीवन की शक्ति है, प्राण है, आत्मा का निर्गुण है। मानव हृदय की अद्भुत कोमलता है। दूसरों के दुखों से द्रवित होकर उनकी रक्षा के लिए अपने सुखों का बलिदान करना और कष्टों को स्वीकार करना यह रक्षा के साथ जुड़ा है। विराट विश्व में जितना भी दुख है, उसको नष्ट करने की क्षमता रक्षा शब्द में रही हुई है। रक्षा मानव मन की पवित्रता का पावन प्रतीक है। आज राखी बांधकर कहीं कोई किसी का भी अपना भाई बहन बन सकता है। समाज में कितने ही स्त्री पुरुष राखी के पवित्र धागो धर्म भाई और धर्म बहन बनकर राखी के पवित्र पर्व की माता का निर्वहन करते हैं। भारत के इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हैं जिन्होंने राखी के पर्व की महता को बढ़ाया है। बहनों के सम्मान की रक्षा कीजिए। रक्षाबंधन से संबंधित अन्य अनेक प्रसंग है पर आज राष्ट्र में हजारों बहनें हैं जिसका जीवन असुरक्षित है।

राखी के रूप में जब वह धागा बंधता है तो वह धागा नहीं परन्तु रक्षासूत्र बन जाता है। जिसने आपके हाथों में राखी बांध दी, उसके जीवन का दायित्व आप हम पर है। केवल चंद चांदी के टुकड़े देखकर आप चाहें कि मैं उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाऊंगा, नहीं हो सकते। जो उच्च दायित्व आपने ग्रहण किया है उसे ईमानदारी के साथ निभाएंगे तभी रक्षा सूत्र की सार्थकता है। यही है कि इस पर आत्मा हम दुखियों से दुख दर्द में सहयोगी सुख शांति का अनुभव करने लगेगी। प्राणी मात्र की रक्षा के लिए संकल्प करें। रक्षा के लिए बंध जाए। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन का त्यौहार है वहीं प्रतिवर्ष बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसकी सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामना करती है। उसके बदले भाई अपनी तरफ से कुछ भेंट देकर बहन का सम्मान करता है। आज इसका रूप विकसित हो गया हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# दुःख, परसाई और रक्षा-बंधन

रक्षा-बंधन का पावन पर्व जब आता है तब हरिशंकर परसाई की याद बेखटके चली आती है उन्होंने अपनी बहिन सीता जो अल्पायु में वैधव्य को प्राप्त कर अपने बच्चों के साथ वापस मायके आ गई थीं उनके लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पण कर दिया। दो-दो सरकारी नौकरी छोड़ने पर भी उन्होंने दो बहिन रुक्मणि और सीता तथा भाई गौरीशंकर की जिम्मेदारी भलीभांति संभाली। यह जिम्मेदारी उनके पिताजी ने मृत्यु से चंद दिनों पूर्व उन्हें सौंपी थी। भाई गौरीशंकर तो एक नौकरी में टिक गए पर निष्फिकर रहे। सारा जिम्मा बहनों के पालन-पोषण और विवाह का परसाई ने संभाला। जिम्मेदारी का सिलसिला थोड़ा विराम ले ही रहा था कि सीता और उनके बच्चों के पालन पोषण जब फिर आ गया तो परसाई ने घनघोर लेखन किया और भाषण देने का मनमाफिक पैसा भी लिया। लेखन के तेवर भी ऐसे कि उनके कई शत्रु भी बन गए। सरकार के खिलाफ भी खूब लिखा किंतु तत्कालीन सरकार ने उन्हें कभी नहीं सताया। बल्कि उनके लेखन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

इतने ग़मों और हरिशंकर जैसे भाई के अभी ज़िंदगी ज़रा सी संतुष्ट नज़र आई ही थी कि 10 अगस्त सन् 1995 की वह काली सुबह जिसने रक्षा-बंधन को सीता से हरिशंकर भाई को छीन लिया। सीता बहन के लिए वह सबसे दु:खकर क्षण जब वे भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए थाली सजा रहीं थीं। उनकी बहन पर यह बड़ा वज्रपात था। बंगाल बिहार में आज भी सीता नाम नहीं रखा जाता क्योंकि सीता का तमाम जीवन विपदाओं में बीता था। परसाई की बहन सीता की व्यथा इसे याद दिला देती है।

परसाई जी चले गए किंतु लेखकों को जो संदेश देते रहे वो अनमोल है। वे लिखते हैं-'मैंने लेखन को दुनिया से लड़ने के लिए एक हथियार के रूप में अपनाया होगा। दूसरे, इसी में मैंने अपने व्यक्तित्व की रक्षा का रास्ता देखा तीसरे, अपने को अवशिष्ट होने से बचाने के लिए मैंने लिखना शुरू कर दिया। यह तब की बात है, मेरा ख्याल है, तब ऐसी ही बात होगी पर जल्दी ही मैं व्यक्तिगत दुख के इस सम्मोहन-जाल से निकल गया। मैंने अपने को विस्तार दे दिया। दुखी और भी हैं, अन्याय पीड़ित और भी हैं। अनगिनत शोषित हैं। मैं उनमें से एक हूं पर मेरे हाथ में कलम है और मैं चेतनासम्पन्न हूं, यहीं कहीं व्यंग्य- लेखक का जन्म हुआ। मैंने सोचा होगा- रोना नहीं है, लड़ना है, जो हथियार हाथ में है, उसी से लड़ना है। मैंने तब ढंग से इतिहास, समाज, राजनीति और संस्कृति का अध्ययन शुरू किया। साथ ही एक औघड़ व्यक्तित्व बनाया और बहुत गंभीरता से व्यंग्य लिखना शुरू कर दिया मुक्ति अकेले की नहीं होती। अलग से अपना भला नहीं हो सकता। मनुष्य की छटपटाहट है मुक्ति के लिए, सुख के लिए, न्याय के लिए।' अपनी पुस्तक 'हम इक उम्र से वाकिफ हैं' में परसाई जी लिखते हैं कि मैंने अपने दुखों का ढिंढोरा नहीं पीटा। लेखन के आरंभ में कुछ उद्वेलित हुआ था और बाद में एक लेख 'गर्दिश के दिन' में लिखा था कि मैं नही चाहता अपने दुखों को बहुत महत्व देना, उन्हें महिमामंडित करना और बड़े लेखक होने के लिए जो 'मार्कशीट' तैयार होती है उसमें दुख के विषय में अधिक नंबर जुड़वाना। अधिक दुख भोगने मात्र से कोई बड़ा लेखक नहीं होता। अधिक दुख भोगने वाला चोर भी हो जाता है। किसी को बड़ा लेखक इसलिए नहीं माना जा सकता है कि उसने बहुत दुख भोगे हैं। सिर्फ हाय-हाय की कूची से कला में रंग नहीं भरे जाते।'

आइए हम सब भी तमाम दुखों से निजात पाने कलम रूपी हथियार उठाएं।

**-सुसंस्कृति परिहार**

उल्टा पुल्टा

बाप ने बेटे की तलाशी ली और कोट से सिगरेट और लड़कियों के नंबर निकले
बाप- बहुत मारा और पूछा कब से चल रहा है यह सब?
बेटा- पापा यह कोट तो आपका है।

# कई स्कूल मिले बंद तो कहीं शिक्षक नदारद

## आधा दर्जन स्कूलों का बीईओ ने किया निरीक्षण

## नदारद शिक्षकों का वेतन काटने के निर्देश

**बिलासपुर**,29 अगस्त (देशबन्धु) । जिले के मस्तूरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सहायक विकासखंड खंड शिक्षा के साथ विकासखंड के आधा दर्जन से अधिक स्कूलों का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया । इस दौरान हैरान करने वाले नजारे देखने को मिले, कई स्कूल में तो ताला जड़ा था तो कई स्कूल शिक्षक नदारत मिले, जब खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने जानकारी जुटाई तो पता चला ज्यादातर दिन ऐसा ही माज़रा रहता है, सरकारी स्कूल की नौकरी करने वाले शिक्षकों को बच्चों के भविष्य की कोई परवाह नही है उन्हें केवल परवाह है तो अपने वेतन से, शिक्षा की अलग जगाने का जो जिम्मे उन्हें मिला है उससे वह मुहँ फेर चुके है तभी तो उन्हें अपनी जिम्मेदारी का कोई मलाल ही नही है। ग़ौरतलब है मंगलवार को मस्तूरी विकासखंड के बीईओ अश्वनी भारद्वाज और एबीईओ योगेश कौशिक, सहयोगी सी एस नौरेके क्षेत्र के प्राथमिक शाला गोपीयापारा मस्तूरी, प्राथमिक शाला किसान परसदा, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला रलिया के औचक निरीक्षण पर 1.30 बजे निकले थे, जहाँ प्राथमिक शाला गोपियापारा मस्तूरी में कुल दर्ज संख्या 107 में 40 बच्चे उपस्थित मिले। पदस्थ शिक्षक 03 में 02 उपस्थित 01 शिक्षक अवकाश पर थे। मध्यान्ह भोजन में चावल एवं दाल ही पकाये गए थे, सब्जी आचार एवं पापड नही मिले। शाला के प्रधान पाठिका सीता यादव एवं समूह जीवन ज्योति महिला स्व सहायता समूह को नोटिस जारी किया गया है। प्राथमिक शाला किसान परसदा बंद पाया गया। पूर्व में भी निरीक्षण के दौरान उक्त शाला बंद मिला था। पदस्थ शिक्षक संख्या 07 में से सभी किरण एक्का प्रधान पाठक, अमृत लाल पाली, अमरज्योति खाण्डे, ब्रजेश मण्डलोई, रूद्ध प्रताप सिंह पटेल, अनुरंजन कुजुर एवं बेरोनिका तिग्गा को नोटिस जारी कर 01 दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया है। वही प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई के प्रधान पाठक सुनील बड़ा नदारद मिले आशा बांधड़ अनुपस्थित पाये गये। कनिष्ट प्राथमिक शाला रलियां सभी शिक्षक उपस्थित मिले। पू.मा.शाला रलियां में पदस्थ रमेश कुमार ताम्रकार संकुल शैक्षिक समन्वयक लगातार पिछले 04 दिनो से अनुपस्थित मिले। संकुल शैक्षिक समन्वयक मटियां के द्वारा शास. प्राथ. शाला टिकरापारा सरसेनी का अवलोकन किया गया जिसमें दादू राम कैवर्त सहायक शिक्षक एल. बी. एवं किशोर कुजुर प्रधान पाठक अनुपस्थित पाये गये। दोनो का 01 दिन का वेतन काटने नोटिस जारी किया गया। योगेश कुमार कौशिक स.वि.खं. शिक्षा अधिकारी मस्तूरी के द्वारा शास. प्राथ. शाला जयरामनगर का निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी शिक्षक उपस्थित मिलें एवं शाला का संचालन सफलता पूर्वक करते पाया गया है। मामले में सभी अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन काटने निर्देश दिए गए है। शिक्षा विभाग में शहरी क्षेत्र को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रो में शिक्षकों की ऐसी ही मनमानी आम तौर पर देखने को मिलती है, कई स्कूलों में हो व्यवस्था अच्छी तरह से संचालित होती है लेकिन कई स्कूलों में तो केवल मध्यान भोजन का वितरण कराकर ही छुट्टी कर दी जाती है, शिक्षा विभाग कही उस दिन क्या पढ़ाई हुई और क्या नया सिखने को मिला यह सवाल बच्चों से पूछे तो उन लापरवाह और शिक्षा के पेशे की गरिमा को धूमिल करने वालो की आसानी से पहचान कर सकती है, जिसके आधार पर उनका वेतन और रिपोर्ट कार्ड तैयार कर उन्हें पुरस्कृत किया जा सकता है ताकि शिक्षा गुणवत्ता और नवाचार की बात बेमानी न निकले।




## संपादकीय

## कार्ययोजना बनाकर स्थाई हल निकालें

*सड़कों पर मवेशियों के कारण हादसे होते रहे हैं। इन हादसों में लोगों की जानें गई हैं और कई मवेशी भी मारे जाते रहे हैं। सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है कि इन मवेशियों को सड़कों पर भटकने से रोका जाए। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य शासन को इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राज्यभर में ऐसे मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई अभियान के रुप में चलाई जा रही है। इस तरह की कार्रवाइयां पहले भी होती रही लेकिन आवारा मवेशियों की समस्या दूर नहीं की जा सकी। इसके लिए आवश्यक है कि इन मवेशियों की देखभाल की भी व्यवस्था की जाये। ऐसे पशुपालकों पर कार्रवाई की जाय जो अपने पशुओं को सड़कों पर भटकने के लिए छोड़ देते हैं। इससे पशुओं की भी अच्छी देखभाल हो सकेगी। राज्य सरकार ऐसे पशुओं के लिए गौठानों की व्यवस्था की है। आवारा पशुओं को इन गौठानों में भेजा जा सकता है। उनके चारे-पानी का प्रबंध होना चाहिये। शहरों में ही यह समस्या नहीं है बल्कि गांवों में भी पशुपालक पशुओं को भटकने के लिए छोड़ देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऐसे पशु खतरा बने हुए हैं। पशुओं की अच्छी देखभाल वातावरण की स्वच्छता से भी जुड़ा हुआ है। इस दृष्टि से भी आवारा पशुओं की समस्या को देखा जाना चाहिए। कई शहरों में इसी उद्देश्य से गोकुलनगर बसाए गए हैं। शहर में चल रही डेयरियों को वहां शिफ्ट किया गया है। इन गोकुलनगरों का हाल भी अच्छा नहीं है। वहां की स्वचछता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। डेयरी संचालक भी मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। गोकुलनगर शहर के बाहरी हिस्सों में बवास गए थे, लेकिन वहां भी एक बड़ी आबादी बस चुकी है। बिलासपुर में बसाए गए गोकुलनगर के आसपास की आबादी के लिए नगर निगम ने दो करोड़ की लागत से सीसीरोड का निर्माण कराया है। इस सीसी रोड पर पशुओं का डेरा देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़कों पर भटकने वाले पशुओं की समस्या दूर करने के लिए किस तरह काम हो रहा है। आवारा पशुओं की समस्या से निपटाने के लिए इतनी ही कार्रवाई काफी है कि उन्हें पकड़कर कहीं छोड़ दिया जाये बल्कि इसके लिए कार्ययोजना बनाने की जरुरत है। जब तक इन आवारा पशुओं की देखभाल की व्यवस्था नहीं की जायेगी, यह समस्या दूर होने वाली नहीं है। कई शहरों में अघोषित गौठान जैसी स्थिति बनी हुई है। खासकर इन इलाकों में जहां इन पशुओं को पकड़कर छोड़ दिया जाता है। प्रशासन ने पशुओं को भटकने के लिए छोड़ देने वाले पशुपालकों के खिलाफ जब तक की भी चेतावनी दी है। ऐसे पशुपालकों के जब तक नहीं होगी, पशुओं को सड़कों से हटाने का अभियान सफल नहीं सकती।*

## सार-संक्षेप

### डीपी विप्र विधि महाविद्यालय में खेल दिवस पर हुए विविध आयोजन



**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। डीपी विप्र विधि महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि जसविंदर सिंह भाटिया (द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित)विशिष्ट अतिथि मनोज सिन्हा (समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय )शेख शाहिद (हाई परफोर्मेंस मैनेजर)उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एबी सोनी ने की साथ ही एलुमनी सदस्य मनीष मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे साज़ी थामस,संतोष ठाकुर टी आर पटेल,धर्मेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा,आलोक शर्मा,उपास्थित रहे। कार्यक्रम संचालन विभांशु अवस्थी रा से यो कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। छात्र अखिलेश साहू,पंकज मरावी,पुस्पराज साहू,अवनीश पाण्डेय,सुमित ,अंशुमन ,सतीश ,पल्लवी उर्वशी, आदि उपस्थित रहे ।

### द्रोणा स्कूल के छात्राओं ने पुलिस अफसरों को बांधी राखी और लिया रक्षा का वचन




**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के सकरी कानन पेंडारी स्थित द्रोणा बचपन पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन महोत्सव मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों ने अपने सहपाठी छात्रों को व शाला के सभी पुरुष कर्मचारी वर्ग को राखी बांधी। कक्षा नवमी से 12वीं तक की छात्राओं ने सकरी थाना में जाकर वहां पर कार्यरत सभी पुलिस अफसर को राखी बांधी व अपनी खुशी साझा की । पुलिस अफसरों ने भी खूब स्नेह आशीष नन्ही बालिकाओं पर उमेडा सारा पुलिस थाना राखी के पवित्र स्नेहिल बंधन से हर्षित था जिसमें कुछ की आंखें आंसुओं से भीग गयी। सभी कार्यक्रम शाला की प्राचार्या डॉ मीनू पांडेय, उप प्राचार्या डॉ एकता शुक्ला, शिक्षाका रमा मिश्रा, संजू गुप्ता व अन्य सदस्यों ने के सहयोग से पूर्ण हुआ। जिस पर प्राचार्या डॉ मीनू पांडेय जी ने कहा कि यह न सिर्फ धागा होकर रक्षा का वचन है। ऑफिसर श्री हेमंत ने रक्षा वचन से छात्रों को आश्वासित किया। वहीं उप प्राचार्या डॉ एकता शुक्ला ने इस अटूट बंधन की महत्ता को बताते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया ।

### कर्मचारी संघ शिक्षक दिवस पर करेगा शिक्षकों का सम्मान



**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 6424 जिला शाखा बिलासपुर द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष सेवा निवृत्त शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों का जिला स्तर पर सम्मान समारोह और कार्यरत कर्मचारियों के लिए स्नेह सम्मेलन किया जाता है। 2023 में भी प्रार्थना सभा गृह, खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर में कार्यक्रम आयोजित है जहां 199 सेवा निवृत्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान नगर विधायक शैलेष पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में किए जाने विधायक से स्वीकृति लिया गया। उक्त अवसर पर चन्द्रशेखर पाण्डेय जिलाध्यक्ष,डी आर श्रीवास, धनंजय चतुर्वेदी अध्यक्ष तहसील शाखा कोटा ,अखिल तिवारी,शिवशंकर श्रीवास, प्रमोद कुमार भारद्वाज अध्यक्ष विकासखंड तखतपुर, अशोक दुबे, अर्पणा चौधरी,निलेश साहू उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब कैपिटल के स्वास्थ्य शिविर में 148 पहुंचे

**बिलासपुर**,29 अगस्त (देशबन्धु) । लायंस क्लब बिलासपुर कैपिटल, लियों क्लब कैपिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क मधुमेह जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन गोवर्धन लाल गुप्ता सामुदायिक भवन, बजरंग अखाड़ा, लकड़ी टाल के पास, गोडपारा, बिलासपुर में सुबह 10 बजे से 05 तक रखा गया था। डॉ. लव श्रीवास्तव के द्वारा वहां पर उपस्थित जन का मधुमेह जाँच किया गया। शिविर में 148 लोग लाभान्वित हु?। हंसवाहिनी ब्लड सेंटर के द्वारा रक्तदान किया। शिविर में प्राप्त 52 यूनिट रक्त को थैलेसीमिया एवं कैंसर से पीड़ित बच्चों को निशुल्क दिया जायेगा। सभी रक्तदाताओ को यातायात जागरूकता हेतु हेलमेट तथा रक्तमित्र कार्ड से सम्मानित किया गया।

# एक सितंबर से मनाया जाएगा साक्षरता सप्ताह

## शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर निकलेगी साक्षरता रैली

**बिलासपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के सभी विकासखण्डों के शासकीय एवं निजी महाविद्यालय एवं विद्यालयों में 1 से 7 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह एवं 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाएगा। इन आयोजनों के लिए रूपरेखा तैयार कर ली गई है। सभी के लिए शिक्षा पर केंद्रित योजना ''उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एनआईएलपी) एवं मतदाता जागरूकता (स्वीप) पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्टीय साक्षरता दिवस के अवसर पर किया जाएगा।जारी कार्ययोजना के अनुरूप 1 सितम्बर को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता (स्वीप) पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी असाक्षरों को साक्षरता के लिए प्रेरित करने, 18 वर्ष और अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक करेंगे। असाक्षर रहने के नुकसान एवं साक्षरता का महत्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन एवं सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 2 सितम्बर को संगोष्ठी परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 4 सितम्बर को महिला साक्षरता पर केंद्रित कार्यक्रम, 5 सितम्बर को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत एवं मतदाता जागरूकता (स्वीप) प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 6 सितम्बर को एनआईएलपी के शिक्षार्थियों के लिए चित्र देखो लिखा कार्यक्रम, ग्राम पंचायतों में बैठक होगा। 8 सितम्बर को अंतर्राष्टीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय एवं विद्यालय में प्रभात फेरी, साक्षरता रैली एवं सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें साक्षरता संदेश एवं नारों का वाचन किया जाएगा।

# ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर

## रतनपुर के बगदेवा गांव में हादसा




**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। रतनपुर क्षेत्र के बगदेवा में तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, युवक का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया है। मंगलवार को स्वजन की मौजूदगी में शव का पीएम कराया जाएगा। सिविल लाइन क्षेत्र के अलका एवेन्यू कालोनी में रहने वाले प्रदीप कुर्रे(40) निजी संस्थान में काम करते थे। सोमवार को वे किसी काम से दीपका गए थे। उनके साथ उनका भाई दीपक(34) भी था। वहां काम निपटाने के बाद दोनों स्कूटी से बिलासपुर लौट रहे थे। स्कूटी सवार दोनों भाई बगदेवा के पास पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने पीछे से उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।हादसे में स्कूटी सवार प्रदीप ट्रेलर की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दीपक सड़क से दूर जाकर गिरे। हादसे में उन्हें गंभीर चोटे आई है। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना रतनपुर पुलिस को दी। इस बीच ट्रेलर का चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा है। वहीं, शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया है। पुलिस ने हादसे की जानकारी स्वजन को दी है। इस पर स्वजन रात को ही रतनपुर पहुंच गए हैं।

## सिम्स में पर्याप्त व्हील चेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध

**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स के डीन डॉ. कमल किशोर सहारे से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिम्स अस्पताल में पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि सिम्स मे मरीजों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाता है।

मरीजों की स्थिति के अनुसार उन्हें यह सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। सुबह ओपीडी के समय बहुत सारे मरीज़ एक साथ आ जाते हैं जिन्हें व्हील चेयर और स्ट्रेचर की आवश्यकता होती है। तत्काल वापस व्हील चेयर नहीं आने के कारण कई बार समस्या हो जाती है।

डॉ. सहारे ने बताया कि पीक आवर्स में व्हील चेयर और स्ट्रेचर की संख्या और बढ़ायी जाएगी।

## एनसीसी ज्वाइन करने सीएमडी की छात्राओं ने दी परीक्षा



**बिलासपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। सीएमडी पीजी महाविद्यालय की छात्राओं ने एनसीसी ज्वाइन करने जबरदस्त दम दिखाया। सोमवार को कैडेट चयन परीक्षा में लोहा मनवाते हुए शारीरिक व लिखित परीक्षा में शामिल हुए।

लड़के-लड़कियां मिलाकर कुल 22 कैडेट का चयन हुआ। कालेज कैंपस में सोमवार का दिन बेहद खास रहा। एनसीसी ज्वाइन करने लड़कों के साथ बड़ी संख्या में लड़कियों ने भी दम दिखाया।

सेना में भर्ती होने और राष्ट्र की सेवा करने युवाओं में जबरदस्त जोश नजर आ रहा था। सातवीं छत्तीसगढ़ बटालियन के कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव तथा एडम संजीव राय के निर्देशन में चयन प्रक्रिया पूरी हुई। इस अवसर पर एनसीसी बटालियन के उदय सिंह एवं परविंदर सिंह ने यह चयन प्रक्रिया को पूरा किया।

चयन प्रक्रिया में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे तथा इन सभी छात्र-छात्राओं का शारीरिक तथा लिखित परीक्षा उपरांत 22 कैडेट् का चयन हुआ। चयनित सभी कैडेटों को महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष पंडित संजय दुबे तथा प्राचार्य डा.संजय सिंह ने उत्साह बढ़ाया। चयन प्रक्रिया में डा.कमलेश जैन तथा एनसीसी प्रभारी डा. विजय करमाकर उपस्थित थे।

## नॉन-इंटरलॉकिंग, ट्रेनों का परिचालन प्रभावित




**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत शहडोल-रूपोंद सेक्शन में बधवाबारा रेलवे स्टेशन में तीसरी रेललाइन का विद्युतीकृत का कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग कार्य किया जाएगा । यहा कार्य 02 से 08 सितम्बर तक किया जायेगा । कुछ यात्री गाड़ियो के परिचालन की तिथि में संशोधन किया गया है । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है। रद्द होने वाली कुछ गाडियों की तिथि में संशोधन किया गया है। 01 से 09 सितम्बर तक रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 31 अगस्त से 08 सितम्बर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 01 से 10 सितम्बर तक भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 30 अगस्त से 08 सितम्बर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर- भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 1 से 07 सितम्बर तक रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11751 रीवा-चिरिमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 2 से 08 सितम्बर तक चिरिमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11752 चिरिमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

# शराब दुकान में सेंधमारी के आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। मंगला देशी शराब दुकान में सेंधमारी करने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसलापुर में किराए के मकान में रहने वाला ताराचंद मंगला स्थित शराब दुकान का सुपरवाइजर है। हर दिन की तरह 20 अगस्त की रात भी 10 बजे के बाद मंगला स्थित देसी शराब दुकान का ताला बंद कर वह घर चला गया था। मौके पर गार्ड प्रदीप केवट और दीपक जांगड़े थे। अगले दिन जब सुबह दुकान खोला गया तो देखा कि दुकान के पीछे का दीवार टूटा हुआ है। दुकान के अंदर रखे टेबल के दराज के ताले को तोड़कर चोर शराब की बिक्री से हासिल रकम 3 लाख 60 हज़ार 720 रु ले गया था। इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और अन्य साक्ष्य के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। संदेह के आधार पर पुलिस ने देहान पारा सरकंडा में रहने वाले गिरवर जायसवाल और गोरेलाल पावले को हिरासत में लेकर पूछताछ किया।

पुलिस की कोशिश कामयाब रही। दोनों ने ही शराब दुकान में सेंधमारी करने की बात स्वीकार कर ली। इन लोगों ने चोरी की हुई रकम में से काफी रकम खाने पीने और जुआ खेलने में खर्च कर दिया था। इसमे से 50000 बैंक खाते में भी जमा किया था। पुलिस ने उनके पास से 95,000 बरामद किया है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त दो नग सब्बल, मोटरसाइकिल को भी पुलिस जप्त करने में कामयाब हुई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक प्रदीप आर्य, उपनिरीक्षक रमेश पटेल, के साथ थाना सिविल लाईन स्टाफ एसीसीयू बिलासपुर प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्णा साहू, प्रआर. बलबीर सिंह, देवमून पुहुप, आरक्षक सरफराज खान, तरुण केशरवानी, तदबीर पोर्ते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सार-संक्षेप

## भर्ती प्रक्रियाओं को समय पर पूर्ण करें, पशुओं से दुर्घटना पर एफआईआर दर्ज कराएं



**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा हेतु निर्धारित एजेण्डाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में चल रही भर्ती प्रक्रियाओं को निर्धारित मापदण्ड के अनुसार समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों की धर-पकड़ करने तथा नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मवेशियों की सड़क दुर्घटना पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने वनाधिकार पट्टा के प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति अंतर्गत पात्र युवाओं को नौकरी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में रीपा अंतर्गत गोबर पेंट निर्माण और उपयोग के संबंध में लोक निर्माण विभाग सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जनचौपाल में पूर्व में दिए गए आवेदनों पर नियमानुसार निराकरण के संबंध में निर्देश दिए गए। इस दौरान सड़क सुरक्षा समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, दिनेश पटेल, शिव बनर्जी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अस्थाई फटाखा लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन 4 सितंबर से

**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई फटाखा लाइसेंस बनवाने के इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाइसेंस हेतु आवेदन एलएसडीए मॉड्युल (ऑनलाइन) के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। जिले के इच्छुक आवेदक आगामी 04 सितंबर से 22 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन के पश्चात् पावती सहित साईट मैप, पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो एवं फोटो युक्त परिचय पत्र संलग्न कर आवेदन दो प्रतियों में लाइसेंस शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। साथ ही 600 रूपए का चालान (0070-अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 60-अन्य प्राप्तियां, 103-विस्फोटक पदार्थों के लिए) शीर्ष में जमा कर चालान की प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। विलंब से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## भाजपा विधायक गायत्री देवी ने दिया चुनाव जीतने का मंत्र




**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा कोरबा नगर मंडल में विधायक प्रवास अभियान के तहत बिहार से आईं परिहार विधानसभा की विधायक श्रीमती गायत्री देवी का कार्यक्रम हरिमंगलम में आयोजित हुआ। श्रीमती गायत्री देवी ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन को जीताने का संकल्प लेने एवं कार्यकर्ताओं को अपनी मेहनत से चुनाव जीतने का मंत्र दिया गया। इस दौरान लखनलाल देवांगन का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें आश्वस्त किया कि सभी मिलकर आगमी विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, सतविंदर पाल बग्गा, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, जिला मंत्री उमाभारती सर्राफ, संदीप सहगल, मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सरजू अजय, पूर्व जिला महामंत्री नवीन पटेल, विकास अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, योगेश मिश्रा,युगल कैवर्त्य, पार्षद सुफल दास, धनश्री साहू, आरती अग्रवाल, दीपा राठौर, रामशंकर साहू, विनय जायसवाल, दीपेश सिंह, प्रमिला सागर, हरबीर होरा, आत्माराम गंधर्व, पूर्णिमा पासवान, जीवन पटेल, गिरवर राठौर सहित मोर्चा के अध्यक्ष, सभी शक्तिकेंद्र के संयोजक सहसंयोजक बूथ के अध्यक्ष एवं मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अपराध को किसी भी तरह का बढ़ावा न दें : चंद्रा

**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी बाजारमें छात्र-छात्राओं को विधि के ज्ञान से अवगत कराये जाने विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विक्रम प्रताप चन्द्रा ने कहा कि विधि के विपरीत कार्य करना अपराध है। उन्होंने छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी देते हुये कहा कि यदि उनके साथ किसी भी तरह का गलत व्यवहार होता है तो इसकी शिकायत अपने शिक्षक एवं माता-पिता से करें। अपराध को किसी भी तरह का बढ़ावा न दें। किसी के द्वारा गलत कार्य करने पर उसे लोक लाज एवं शर्म से छुपाने पर वह आगे गंभीर रूप धारण कर लेता है इसलिये इसकी त्वरित शिकायत बिना किसी भय एवं शर्म से करना चाहिये। कोई भी व्यक्ति जिसकी आय 1.50 लाख रूपये से कम है, ऐसे व्यक्ति को जिसके प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त नहीं है उसके प्रकरण में प्रशिक्षित पैनल लायर को शासकीय खर्चे पर पैरवी करने के लिये दिया जाता है। कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा के द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बिना लायसेंस, बीमा, वाहन का आरसी बुक के साथ ही वाहन का संचालन किया जावें। बच्चों को मोबाईल का सीमित उपयोग किये जाने का सलाह देते हुये कहा कि स्मार्ट मोबाईल का सद्पयोग किया जावें। बिना पढ़े कोई भी मैसेज फारवर्ड न करें, गलत मैसेज फारवर्ड करने पर साइबर कानून के तहत् अपराधिक मामला पंजीबद्ध किया जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार देवांगन, व्याख्यातागण सतीश सिंह, लक्ष्मीकांत पटवा, नरोत्तम पटेल, नरेश दुबे एवं श्रीमती रजनी चन्द्रा एवं पीएलव्ही अहमद खान उपस्थित थे।




# मुआवजा के लिए ग्रामीणों ने जाम किया नेशनल हाईवे

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने दिया समर्थन

**कोरबा-कटघोरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे-130 में कई स्थानों पर मुआवजा को लेकर समस्याएं बनी हुई है जबकि निर्माण पूरा नहीं होने के बीच ही टोल प्लाजा शुरू करने से भी लोग परेशान है। इसी मुद्दे को लेकर सुतर्रा में हाईवे पर लोगों ने चक्का जाम कर दिया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने इसका समर्थन किया है।



किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर किए गए प्रदर्शन में जुराली सहित आसपास के किसान और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी शामिल हैं। नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने से दोनों दिशाओं में वाहनों की आवाजाही थम गई। प्रदर्शन करने वाले लोगों का आरोप है कि उनकी जमीन को अर्जित हुए लंबा समय बीत गया है। 4 साल गुजारने के बाद भी इस मामले में उन्हें मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। इन सब के कारण कई प्रकार की समस्याओं से उन्हें जूझना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वाले लोगों ने प्रशासन के साथ-साथ नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया पर दोषारोपण किया। चक्का जाम के चलते खास तौर पर वे लोग परेशान हुए जो बस में अलग-अलग रास्ते पर आवागमन कर रहे थे। चक्का जाम से हुई अव्यवस्था के चलते आम यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों और यात्रियों का कहना था कि इस तरह के प्रदर्शन के लिए आखिर सरदर्द हम क्यों झेले। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रशासन या पुलिस का कोई भी अधिकारी यहां पर नहीं पहुंचा था जिससे कि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

### जांच के बाद भुगतान : एसडीएम

**कटघोरा एसडीएम ऋचा सिंह ने बताया कि कुछ प्रकरणों में दो दिन पहले ही प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। कुछ मामले जांच के लिए अपेक्षित हैं। जांच के बाद संबंधितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी।**

# आत्मदाह की तैयारी कर जनदर्शन में पहुंचे भू-विस्थापित

## शरीर पर डाल लिया था मिट्टी तेल



**पुलिस ने लिया हिरासत में**

**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। एनटीपीसी की कोरबा परियोजना से प्रभावित ग्राम चारपारा के 9 भू-विस्थापित परिवारों के द्वारा एनटीपीसी के नियम और शर्तों का हवाला देते हुए नौकरी तथा मुआवजा की मांग लगातार की जा रही है। पिछले करीब 135 दिनों से तानसेन चौक पर दिए जा रहे धरना आंदोलन और जनदर्शन में दिए गए कई शिकायतों के बाद भी जब इन्हें न्याय की कोई उम्मीद नजर नहीं आई तो अपना जीवन समाप्त करने की गरज से मिट्टी तेल उड़ेल कर जनदर्शन में पहुंच गए। 9 ग्रामीणों को थाना में बिठाया गया है। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं होने की जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि एनटीपीसी कोरबा संयंत्र के लिए कालांतर में अर्जित की गई भूमि से प्रभावित ग्राम चारपारा के 9 भू-विस्थापित परिवारों का आरोप है कि उन्हें नौकरी और मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। प्रबंधन ने पूर्व में शर्तों के तहत कहा था कि जैसे-जैसे नौकरी निकलेगी, उन्हें भर्ती का अवसर दिया जाएगा लेकिन आज तक यह अवसर नहीं मिला है और न ही मुआवजा दिया गया है। 22 अप्रैल 2023 से 9 भू-विस्थापित परिवार के 17 लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर तपती दोपहरी और बरसात के वक्त भी यहां डटे हुए हैं। वर्षों से प्रतीक्षारत भू-विस्थापितों के द्वारा पिछले दिनों एनटीपीसी गेट पर ताला लगाने का भी ऐलान किया गया तब वहां पहुंचे एनटीपीसी के अधिकारी ने मौखिक तौर पर आश्वासन देकर भू-विस्थापितों को चलता कर दिया।

किसी तरह की सुनवाई नहीं होने से इनके सब्र का बांध फूट गया और आज कलेक्टर जनदर्शन में इन्होंने आत्मदाह का प्रयास किया। दोपहर करीब 12 बजे जब जनदर्शन में इनकी पारी आने ही वाली थी कि मिट्टी तेल उड़ेलकर भू-विस्थापित पहुंच गए। इससे पहले कि वे आग लगा पाते, आसपास मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने इन्हें यहां से हटाया। भू-विस्थापित पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं, बच्चे सहित लगभग 17 लोग यहां मौजूद रहे। मौके पर सिविल लाइन थाना से स्टाफ बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण भी वहां पहुंच गए और त्वरित कार्यवाही कर सभी को मुलाहिजा के लिए ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार भू-विस्थापित राजेन्द्र कुमार पटेल, घसियाराम केंवट, गणेशराम केंवट, सूरज केंवट, शुभम केंवट, रामायण प्रसाद केंवट, दयालिक विश्वकर्मा, कैलाश पटेल व अन्य को थाना में बिठाया गया है व इनके विरूद्ध आत्महत्या का प्रयास करने तथा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के जुर्म में अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं होने की बात मौजूद स्टाफ ने कही।

## अज्ञात लोगों ने बाइक को लगाई आग

कोरबा, 29 अगस्त (देशबन्धु)। कुसमुंडा थानांतर्गत वैशाली नगर में एक युवक की दुपहिया वाहन को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। घटना में बाइक पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। बाइक कुंदन नामक युवक की है जो कोरबा का निवासी है और वैशाली नगर स्थित अपने दोस्त के यहां किसी काम से आया हुआ था। इसी दौरान किसी ने उसकी बाइक को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि बाइक को जलाने से पहले सीसीटीवी कैमरे को तोड़ा गया ताकि आरोपी पुलिस से बच सके। फिलहाल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



## सरकारी राशन से वंचित ग्रामीणों ने जनदर्शन में बताई व्यथा



### उचित कार्यवाही न होने पर सरपंच, पंच व जन प्रतिनिधि देंगे इस्तीफा

**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप दूरस्थ ग्रामवासियों, आदिवासियों को लाभान्वित करा पाने में विभागीय अमला नाकाम साबित हो रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारी और संबंधित निरीक्षक की अनदेखी के कारण लोगों को सरकारी राशन से वंचित होना पड़ रहा है।

कोरबा जिले के ग्राम पंचायत सोनगुढा में सार्वजनिक राशन दुकान में विक्रेता द्वारा गरीबों के चावल वितरण में गड़बड़ी की जा रही है। इस सबंध में शिकायतों के बाद भी निराकरण नहीं होने से आज दर्जनों ग्रामीण जिला मुख्यालय जनदर्शन में पहुंचकर अपनी व्यथा बताई।

इन ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सोनगुड़ा में सार्वजनिक उचित मूल्य दुकान का संचालन आदिवासी सेवा सहकारी सहमति द्वारा किया जाता है। जिसमें वितरक के रूप में राजकुमार देवांगन कार्यरत् है जिसके द्वारा चावल, चना आदि सामाग्री के वितरण में भारी अनियमिता बरती जा रही है। राशन सामाग्री सैकड़ों हितग्राहियों को नहीं मिल पाया है। विक्रेता द्वारा लोगों को बहला फुसलाकर फिंगर प्रिंट भी ले लिया जाता है। उसके द्वारा यह कहा जाता है कि यदि आप लोग अंगूठा नहीं लगाओगे तो आप लोगों का अगले माह का चावल नहीं मिलेगा और राशन कार्ड निरस्त हो जायेगा।

इस प्रकार से दो-तीन माह से चावल नहीं मिलने के कारण आम जनता में भूखे मरने की स्थिति उत्पन्न हो गई है और भारी आकोश है जिससे लोग जन प्रतिनिधियों को बुरा-भला कहने लगे हैं। राशन सामाग्री की उपरोक्त अफरा- तफरी की शिकायत पूर्व में भी जनदर्शन में किया गया था लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं किया गया। जिससे प्रतीत होता है कि उपरोक्त घपलेबाजी में खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी संलिप्त हैं। सरपंच सहित ग्रामवासियों ने कहा है कि उपरोक्त विषय पर तत्काल कार्यवाही कर गरीब जनता का राशन दिलाने का कष्ट करें। एक सप्ताह के अंतर्गत यदि उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो पंचायत के सरपंच, पंच एवं जन प्रतिनिधि सामूहिक इस्तीफा देने को बाध्य होंगे।

## नाले में मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। उरगा थानांतर्गत ग्राम कनकी में एक गड्ढेनुमा नाले में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पेशे से कपड़ा व्यवसायी मृतक प्रत्येक सोमवार को कनकी में आयोजित मेले में कपड़ा बेचने जाया करता था। युवक की मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत राताखार निवासी कपड़ा व्यवसायी चंद्रकुमार बंजारे की लाश उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कनकी स्थित एक गड्ढेनुमा नाले में पाई गई है। चंद्रकुमार कनकी में आयोजित मेले में प्रत्येक सोमवार को कपड़ा बेचने के लिए जाया करता था। इस सोमवार को भी कनकी गया हुआ था लेकिन वापस नहीं लौटा। किसी अनहोनी की आशंका पर परिजन जब कनकी पहुंचे तब उसकी लाश गड्ढे में पड़े मिली। चंद्रकुमार की मौत को लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे है। उनका कहना है कि मेले में समिति के युवक हाथों में डंडा लेकर धमका रहे थे। गड्ढे में लाश मिलने की सूचना मिलते ही उरगा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गड्ढे से बाहर निकलवाया। फिर पंचनामा के बाद जिला अस्पताल के मर्च्युरी भिजवा दिया। शरीर पर चोट के किसी भी तरह के निशान नहीं होने से पुलिस हत्या की आशंका से इंकार कर रही है। हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होने की बात उनके द्वारा कही गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 752 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

### गंभीर बीमारियों से ग्रसित 25 मरीजों को मिली चिकित्सा

**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी प्रदीप कुमार जैन के नेतृत्व में विगत दिवस कोरबा स्थित घंटाघर ओपन थियेटर मैदान में निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की गई। जिसमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों ने चिकित्सा लाभ प्रदान किया गया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी ने शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में आयुर्वेद चिकित्सा की प्राचीनतम विद्या आयुर्वेद पंचकर्म, स्नेहन, स्वेदन, कटीवस्ती, कपिंग (हिजामा) थैरेपी के माध्यम से जटिल गंभीर बीमारियों से ग्रसित 25 मरीजों को चिकित्सा लाभ दिया गया। इसी प्रकार आयुष चिकित्सा पद्धति से 752 मरीजों का रोग निदान एवं उपचार कर उन्हें निःशुल्क आयुर्वेद औषधियों का वितरण भी किया गया। साथ ही महिला चिकित्सकों द्वारा स्त्रीरोग निदान कर चिकित्सकीय सेवा प्रदाय की गई। शिविर में 40 से भी अधिक औषधिय महत्व के जड़ी-बुटी, पेड़-पौधों की पहचान एवं उनका दैनिक जीवन में उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं 100 से अधिक औषधी पौधों का हितग्राहियों को वितरण किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद नोडल अधिकारी डॉ. उदय शर्मा, डॉ. अमित मिश्र (विशेषज्ञ चिकित्सक), डॉ. दिवाकर त्रिपाठी (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) एवं होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा, सहित समस्त फार्मासिस्ट आयुष, पंचकर्म सहायक, औषधालय सेवक द्वारा शिविर में सहयोग प्रदान कियाा।



# बेटे को मिलेगा उपचार, शिवकुमारी का बना राशनकार्ड

## कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आमनागरिकों की समस्याएं

**कोरबा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने मंगलवार को जनचौपाल में आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जनचौपाल में अपनी फरियाद लेकर पहुँचे साबू वाल्मीकि ने जब कलेक्टर को बताया कि उनके 7 साल के बेटे को बीमारी है। झटका भी आता है। वह खुद भी बहुत गरीब है तो कलेक्टर ने साबू वाल्मीकि (बदला हुआ नाम) के बेटे के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था के साथ अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनचौपाल में कुल 165 आवेदन आएं। जनचौपाल में आवेदकों ने भिलाई बाजार में एटीएम लगाने, पेंशन की मांग, अवैध निर्माण को हटाने, उपचार, प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड बनाने, जीपीएफ भुगतान सहित आर्थिक सहायता की मांग की। जनचौपाल में स्कूल की बालिकाओं ने छात्रावास की मांग की तो कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



## जनचौपाल में स्वागत व गिफ्ट की आवश्यकता नहीं

इस दौरान कलेक्टर जनचौपाल में कुछ लोग कलेक्टर को उपहार देने उनका स्वागत करने पहुँचे थे। जनचौपाल की कतार में आएं ऐसे लोगों से कलेक्टर ने बहुत ही संवेदनशीलता के साथ कहा कि यह जनचौपाल है, लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए लगाया गया है, यहाँ स्वागत और गिफ्ट की आवश्यकता नहीं है, वापस जाइये या कोई समस्या हो तो बताइए। उन्होंने गिफ्ट लेने और खुद के स्वागत से इंकार कर दिया।

### शिवकुमारी का बना राशनकार्ड

**जनचौपाल में करतला ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुपातराई की शिवकुमारी ने अपना राशनकार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया तो कलेक्टर ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर तत्काल ही उनका कार्ड बनाने के निर्देश दिए।**

**कुछ देर बाद ही खाद्य विभाग ने शिवकुमारी के नाम पर राशनकार्ड बनाने की कार्यवाही पूरी कर जनपद पंचायत के माध्यम से कार्ड प्राप्त करने कहा।**

### कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर एटीएम का होगा पुनः संचालन

*जनचौपाल में एक आवेदक द्वारा बताया गया कि पूर्व में खाताधारकों की सहूलियत के लिए कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर गेट में भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम लगाया गया था। विगत कुछ माह से एटीएम की सेवाएं बन्द कर दी गई है। कलेक्टर सौरभ कुमार ने इसे खाताधारकों के लिये आवश्यक और आवेदक की मांग को वाजिब बताते हुए लीड बैंक अधिकारी को निर्देशित किया कि बन्द एटीएम का संचालन पुनः प्रारंभ की जाए।*

# सार-संक्षेप

## महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा पहुंची रायगढ़

**रायगढ़** 29 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं स्क्रीनिंग कमेटी की सदस्य सुश्री नेट्टा डिसूजा के रायगढ़ आगमन पर सर्किट हाउस मुख्यद्वार पर महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष रानी चैहान के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओ ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान महिला कांग्रेस नेत्री ने जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के दावेदारों से मिलकर रायशुमारी की।

विदित हो कि सुश्री नेट्टा डिसूजा रायगढ़ लैलूंगा और धर्मजयगढ़ विधानसभा के दावेदारों से मिली वही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और कार्य समिति के सदस्यों से भी मुलाकात किया उन्होंने दावेदारों से पार्टी में उनके कामकाज और संगठन के विषय में बात की आवेदकों से उन्होंने काउंसलिंग भी की हुए अपनी रिपोर्ट प्रदेश चुनाव समिति को प्रस्तुत करेंगे जिसके आधार पर योग्य आवेदक को प्रत्याशी बनाया जाएगा।

उनके आगमन पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रानी चैहान और उनकी पूरी फौज नेट्टा के स्वागत के लिये उत्साहित थी जैसे ही उनकी गाड़ी सर्किट हाउस में रुकी उनके नाम के नारे ,पुष्पगुच्छ,माला से महिलाओं ने स्वागत किया सुश्री नेट्टा ने भी रानी चैहान को गले लगाकर उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने सभी महिला और पुरुष वर्ग को आगामी चुनाव हेतु एक मत और एक पथ के तहत चलने कहा,उन्होंने कहा राष्ट्रीय कांग्रेस सिर्फ एक पार्टी नही एक संगठन भी है और हम सब उसके हाथ के साथ है। इस दौरान जिले के तीनों विधानसभा से पहुंचे पार्टी के पदाधिकारी दावेदार तथा जिला महिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## राजकुमार संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के जिलाध्यक्ष, बघेल कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बने

**सूरजपुर** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों के संपादन हेतु अहम भूमिका निभाने वाले संकुल शैक्षिक



समन्वयकों के प्रांताध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा के निर्देशानुसार सरगुजा संभाग प्रभारी ब्रिजराज तिवारी व कोरिया जिलाध्यक्ष भोला राम साहू के उपस्थिति में जिला कार्यकारी विस्तार हेतु जिले के समस्त 6 विकास खण्डों का सामूहिक रूप से मंगल भवन में बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष राज कुमार सिंह, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अनुरागवेंद्र सिंह बघेल को बनाया गया।

जिला उपाध्यक्ष क्रमशः संतोष कुमार साहू (प्रेमनगर), महेश प्रजापति (भैयाथान), दिनेश पांडेय (ओड़गी), लुकेशवर सिंह (रामानुजनगर), जिला सचिव शिव सिंह जिला कोषाध्यक्ष जिम्मेदारी विनय चौरसिया को सौंपा गया। संभाग प्रभारी श्री तिवारी नेएकता में ही बल है को परिभाषित करते हुए संघ में विश्वास बनाएं रखने हेतु अपील किए। वहीं नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राज कुमार सिंह ने बैठक में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से उपस्थित सभी संकुल समन्वयकों को भरोसा दिलाया कि जिले के समस्त संकुल समन्वयकों के हितों के रक्षा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने बैठक में उपस्थित संभाग प्रभारी श्री तिवारी ,कोरिया जिलाध्यक्ष भोला राम साहू व समस्त विकास खण्डों के संकुल समन्वयकों का आभार जताया। इस दौरान कुलदीप सिंह, दिलीप साहू, ईश्वर सिंह, सुलेमान अंसारी, चन्द्र प्रकाश,रामेश्वर तिवारी,शिवनारायण सिंह,अमित सिंह,राजेश्वर साहू, जे डी सिंह,दीवान पैकरा,विजय नारायण यादव, जियाराम वैश्य,मनोज प्रजापति,उत्तम सिंह,रमेश जायसवाल,रितेश यादव, महेश राम पैकरा, खेलावन सिंह, जुगेंद्र सोनी, धर्मपाल सिंह, मुन्ना राजवाड़े, मो.बहादुर खान, मनीष तिवारी,अरूण हरिशंकर बैस शशिप्रकाश शर्माश्यामनारायण साय,रामकिशुन सिंह ,घनश्याम सिंहआदेश्वर गुर्जर रीषि कुमार पाण्डेय दिवाकर प्रसाद जायसवाल रासबिहारी यादव सहित संकुल समन्वयक उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन अखिलेश पांडे एवम आभार व्यक्त विनय चौरसिया ने किया ।

## मार्शल आर्ट की राष्ट्रीय स्पर्धा में साधुराम विद्या मंदिर को 2 स्वर्ण सहित 4 पदक



**सूरजपुर** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के अग्रणी शिक्षण संस्थान साधुराम विद्या मंदिर सूरजपुर के 12वीं राष्ट्रीय वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में कुल चार पदक प्राप्त हुए हैं। विदित हो कि ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया एवं स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 12वीं राष्ट्रीय मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2023 का आयोजन गुवाहाटी असम में 23 से 26 अगस्त तक किया गया था। जिसमें 21 राज्यों के लगभग साढे चार सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से कुल 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए खिलाड़ियों को पांच स्वर्ण ,9 रजत एवं 16 कांस्य पदक प्राप्त हुए। छत्तीसगढ़ के कुल पांच स्वर्ण पदक में से दो स्वर्ण सहित कुल 4 पदक में कब्जा जमाकर साधु राम विद्या मंदिर सूरजपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना दबदबा कायम किया है। शानदार प्रदर्शन करते हुए सूर्यांश सिरदार एवं प्रियांशु पैकरा ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, वही निवेद शर्मा एवं शुभम साहू को रजत पदक प्राप्त हुआ है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में असम के खेल मंत्री नंदिता गौरलोसा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया । विद्यालय के व्यायाम शिक्षक संजय सिदार एवं सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में विद्यालय को लगातार राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त हो रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त करने पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी अध्यक्ष सुनील अग्रवाल , प्राचार्य डी.डी. तिवारी तथा विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

## सुनील रामदास सहित भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**रायगढ़** 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श् मन की बात श् रेडियो कार्यक्रम का स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में श्रवण किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के सुनील रामदास सहित अनेक कार्यकर्ताओं और गणमान्य जनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना और उन पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने मन की बात में चंद्रयान-3 की उपलब्धियों और खिलाड़ियों की भूमिका का उल्लेख किए। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में आए अनिल सिंह मेजर कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए। सुनील रामदास ने भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में योगदान दिया। नगर के बूथ क्रमांक 49 अर्थात् शासकीय गर्ल्स कॉलेज के पास भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री द्वारा संचालित मन की बात का केन्द्र हाल ही में चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरने वाले चन्द्रयान-3 की स्मृतियों और उससे अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को मिलने वाले लाभ व भारत में होने वाली जी-20 सम्मेलन पर आधारित रहा, साथ ही प्रधानमंत्री ने कुछ खिलाड़ियों से उनके उपलब्धियों और चुनौतियों को भी मन की बात कार्यक्रम में रेखांकित किया।

# कट सकती है कुछ विधायकों की टिकट- महंत

- कहा- हाईकमान तय करेगा सीएम चेहरा, पार्टी एकजुट होकर लड़ेगी चुनाव
- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने मीडिया में बेबाकी से रखी अपनी बात

**रायगढ़** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता और विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने एक बार फिर से चुनाव मैदान में ताल टोकने का निर्णय ले लिया है और इसके लिये वे रायगढ़ पहुंचे। पूजा अर्चना के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है, आज मैं यहां भोलेनाथ जी से आर्शीवाद लेने आया हूं। पूजा अर्चना कर रहा हूं, मै हर साल सावन और नवरात्रि में यहां आता हूं। अपने परिवार के लिये प्रदेश के लिये और पूरे भारत की सुख समृद्धि की कामना करता हूं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राहुल गांधी का छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है उनके जाने के बाद यहां एक बैठक रखी जाएगी। जिसके तहत 4,5,6 में जो सी.सी. बनी है उसकी बैठक होगी। महामंत्री के अनुसार 06 सितंबर तक कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी कर दी जाएगी। जिसके तहत हमने पूरी तैयारी कर ली है। फिर से कांग्रेस सरकार रिपीट होनें के सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के काम काज की बात करें तो 200 प्रतिशत फिर से कांग्रेस की सरकार बन रही है। जहां तक लक्ष्य का सवाल है। हमारे आईसीसी के प्रभारी महामंत्री के यहां आये थे, और हमारे सीसी के चेयरमेन आये थे, तब उनके सामने यह तय हुआ था कि इस बार हमारा लक्ष्य 75 का होगा और 75 पार करने का उन्होंने निर्देश दिया है। चूंकि 71 में अभी हैं हमारे 68 सीटें जीती थी बाद में 03 और सीट में जीत हासिल हुई।



श्री महंत ने कहा कि पूरे प्रदेश में हमने छत्तीसगढ़ के किसानों का, युवाओं का, यहां तक हर घर में शासन का दिया हुआ सुविधा पहुंचा इसलिये हमे विश्वास है इस बार फिर से हमे जीत हासिल होगी। कुछ विधायकों के टिकट कटने के सवार पर उन्होंने कहा कि हर बार होता ही ऐसा है कईयों की शिकायत मिलती है तब उन्हें चेताया जाता है देखो सम्हालो, सम्हल गए तो ठीक है नहीं सम्हलने के बाद उनकी टिकट काटी जाती है यह हमारी मजबूरी है और प्रक्रिया भी है। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के दावों के बारें में कहा कि भाजपा के दावे अभी तक नही थे और न सफल होते दिख रहे हैं। उन्होंने अभी ईडी को पीछे लगा दिया, सीबीआई को लगाने वाले हैं। जांच, आईटी जैसे की मुख्यमंत्री ने कहा था कि 200 जगह छापे पड़े हैं। इस बहाने वे हमारी सीटों को, हमे परेशान किया जा रहा है। ताकि हम चुनाव से विचलित हो जायें। चर्चा के दौरान डॉ चरणदास महंत ने इस बार के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा कि हम सामूहिक नेतृत्व में पिछली बार चुनाव लड़े थे, इस बार भी सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने वाले हैं जहां तक मुख्यमंत्री के चेहरे का सवाल है यह तो हाईकमान तय करता है वहीं चेहरा मुख्यमंत्री बनता है।

बहरहाल वरिष्ठ नेता व पिछड़ा वर्ग में अच्छी पैठ रखने वाले चरणदास महंत ने बातचीत के दौरान ईशारों-इशारों में दिये गए जवाबों में राजनीति को गर्मा दिया है। चूंकि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के चेहरे व कुछ सिटिंग विधायकों का टिकट कटने के मामले में उन्होंने भी बेबाकी से मीडिया के सामने यह जानकारी दी है।

# आय,जाति,निवास प्रमाण पत्र बनाने का कार्य प्राथमिकता से करें- कलेक्टर

**सूरजपुर** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की और उसके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली छात्रा-छात्राओं के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने इसके लिए पुन: विद्यार्थियों के चिन्हांकन करने व नया टारगेट निर्धारित करने की बात भी कही ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को एडमिशन, छात्रवृत्ति, शासकीय योजनाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संघर्ष न करना पड़े।

इसके साथ ही बैठक में आवारा एवं घुमंतू पशुओं के प्रबंधन को लेकर भी गहन चर्चा की गई। जिसके अंतर्गत गौठानों के अलावा अन्य विकल्प पर भी सुझाव दिए गए। पशुपालन यदि अपने पशुधन का रखरखाव करने में असमर्थ है तो ऐसी स्थिति में पशुपालकों पर अर्थदंड जैसे भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि शासन 2 रुपए प्रति किलो कि दर से गोबर की खरीदी कर रही है। आवारा एवं घुमंतू पशुओं के प्रबंधन में चरवाहा अपने आप को जोड़कर, गोबर की बिक्री कर एक निश्चित आय अर्जित कर



सकता है। उन्होंने अर्थ दंड की राशि से पशुधन के लिए चारे की व्यवस्था का सुझाव भी संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने आवारा एवं घुमंतू पशुओं के एकत्रित होने वाले स्थल के चिन्हांकन की निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही योजनाबद्ध तरीके से बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य करने को कहा इसके अलावा बैठक में उर्वरक के स्टॉक के भौतिक सत्यापन, गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के विक्रय के संबंध में जानकारी व गोबर खरीदी के साथ-साथ वर्मीकंपोस्ट खाद की वस्तु स्थिति के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा तोमर, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, सुश्री प्रियंका वर्मा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर के जनदर्शन में आवेदकों को मिला तुरंत राशन कार्ड

**अम्बिकापुर** 29 अगस्त (देशबन्धु)। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक के पूर्व जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कुल 180 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने जनदर्शन में आए 03 आवेदकों में विकासखण्ड लुण्ड्रा के ग्राम आसनडिह की श्रीमती अंजनी सिंह, श्रीमती संगीता तथा उदयपुर की यमुना पैंकरा को तुरंत राशन कार्ड उपलब्ध कराया। जनदर्शन में राशन कार्ड से सम्बंधित आवेदन प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री कुंदन ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक सोमवार को सभी ग्राम पंचायतों में राशन कार्ड हेतु शिविर आयोजित किया जाए, साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने खाद्य अधिकारी को सर्वे कराकर हितग्राहियों को जल्द से जल्द शत प्रतिशत राशन कार्ड पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

## 1 सितम्बर से बच्चों का जांचा जाएगा पोषण

**अम्बिकापुर** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में लोगों को कुपोषण के प्रति जागरूक करने तथा प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों के सही पोषण की स्थिति से अवगत कराने एवं कम वजन वाले बच्चों को चिन्हांकित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाने के लिए 1 सितंबर से 13 सितम्बर 2023 अगस्त तक वजन त्यौहार 2023 का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस हेतु जिले में तैयारियां शुरू कर दीं गई हैं। इसके लिए लगभग 4 से 5 आंगनबाड़ी केन्द्रो का कलस्टर तैयार कर तिथि का निर्धारण कर शत प्रतिशत बच्चों का वजन लेकर साफ्टवेयर में दर्ज किया जाना है। प्रत्येक कलस्टर में वजन त्यौहार के आयोजन के अनुश्रवण हेतु विभागीय अधिकारी-कर्मचारी या पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे एवं बच्चों का सही वजन, उचाई तथा लंबाई का मापन सुनिश्चित करेंगे। बच्चों के वजन पश्चात् आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों के पालक को पोषण स्तर का रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। उन्होनें समस्त अभिभावकों से वजन त्यौहार में बढ़-चढ़ कर भाग लेने और अपने बच्चों का वजन कराने की अपील की है।

बता दें कि राज्य में 0-6 वर्ष के बच्चों में व्याप्त कुपोषण की दरों में कमी लाने हेतु 02 अक्टूबर 2019 से मुख्यमंत्री सुपोषण योजना संचालित है।

## मतदाता जागरूकता के लिए स्वच्छता दीदियों ने निकाली रैली




**मनेंद्रगढ़,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कैलेण्डर अनुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नगर निगम चिरमिरी में स्वच्छता दीदियों और नागरिकों के द्वारा स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं उपस्थित नवीन मतदाताओं के द्वारा बूथ प्रांगण में स्वीप गतिविधि आधारित स्वीप रंगोली प्रतियोगिता , स्वीप मेहंदी प्रतियोगिता, स्वीप चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। लोगों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के साथ मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उन्हे 18 वर्ष व उससे अधिक उम्र के लोगों को जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है उनको बीएलओ के माध्यम से नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया गया, विशेषकर नवीन मतदाताओं एवं नव वधु का नाम भी वोटर लिस्ट में जुडवाने हेतु कहा गया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी और नगर निगम आयुक्त सुश्री लवीना पाण्डे, जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत 9 सितंबर को

**अम्बिकापुर** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 सितंबर 2023 को किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के द्वारा नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक संपादन हेतु खंडपीठ की स्थापना की गई है। न्यायालय कलेक्टर हेतु पीठासीन अधिकारी कलेक्टर होंगे। इसी प्रकार अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को पीठासीन अधिकारी बनाया गया है।

## रीपा में महिलाएं बना रहीं गणेश प्रतिमाएं

**अम्बिकापुर** 29 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी भगवान गणेश पूजा त्योहार के मद्देनजर महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क यानी रीपा में महिलाएं बड़े ही उत्साह से सुंदर गणेश प्रतिमाएं बना रही हैं। रीपा मेंड्राकला में गणेश प्रतिमा निर्माण उत्पादक समूह कर्मी और शक्ति समूह की महिलाओं द्वारा प्रारंभ किया गया है।

**7000 का मिला आर्डर**



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में रीपा के माध्यम से युवाओं और महिलाओं का कुशल उद्यमी बनने का सफर जारी है। जिले में संचालित रीपा से युवाओं और महिलाओं को जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। भगवान गणेश प्रतिमा निर्माण एवं विक्रय की आजीविका से जुड़ी महिलाएं बताती हैं कि ग्राम मेंड्राकला रीपा अंतर्गत आगामी त्यौहार अनुरूप गणेश मूर्ति निर्माण का काम प्रारंभ किया गया है। जिससे सरगुजा जिले में अलग पहचान के साथ आय भी अर्जित कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक विक्रय से 7000 रुपए तक की राशि शुद्ध रूप से समूह को प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि मूर्ति निर्माण का काम आर्डर के रूप में किया जा रहा है तथा शहर में स्टॉल लगा कर विक्रय किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप अब जिले में रीपा रोजगार का केन्द्र बन निरंतर आगे बढ रहा है।

## चोरी के संदेह में कबाड़ी से ट्रक सहित दस टन लोहा जब्त

**रायगढ़** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुखबिर की सूचना पर लैलूंगा पुलिस ने चोरी के संदेह में एक कबाड़ी पर गाज गिराते हुए उसके पास से एक संदिग्ध ट्रक सहित दस टन लोहे का कबाड़ जब्त किया है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर रायगढ़ जिला में लगातार अवैधानिक कार्य शराब, जुआ, सट्टा, कबाड़ी पर कार्रवाई की जा रही है इसी तारतम्य में बीती रात्रि मुखबीर से सूचना मिली की लोहे की कबाड़ से भरा एक छह चक्का ट्रक जो पत्थलगांव से लैलूंगा होते हुए पूंजीपथरा की ओर जा रहा है सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ व एसडीओपी धर्मजयगढ़ के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज द्वारा टीम बनाकर लैलूंगा से घरघोड़ा जाने वाली मेन रोड कोतबा चैक लैलूंगा के पास घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 14 डी 0820 को रोक कर चेक करने पर अवैध कबाड़ का सामान लोड मिला ड्राइवर का नाम पूछने पर अपना नाम दिलीप कुमार भारद्वाज पिता जगतु राम भारद्वाज उम्र 35 वर्ष निवासी भूडूपारा पत्थलगांव जिला जशपुर का होना बताया जिन्हें उक्त ट्रक में लोड लोहे की टुकड़ा सरिया एंगल टीना कबाड़ समान के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने कहा गया जो वैध दस्तावेज का नहीं होना बताया जिनके कब्जे से एक छह छक्का ट्रक जिसमे लगभग 10 टन भरी हुई कबाड़ कीमत लगभग 2 लाख को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज, प्रधान आरक्षक रामरतन भगत आर राजू तिग्गा, प्रमोद भगत की अहम भूमिका रही है।

## प्रत्याशी कोई भी हो मनेन्द्रगढ़ से भाजपा की जीत तय- डॉ. कुशवाहा

**मनेन्द्रगढ़** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के विधायक प्रवास योजना के अंतर्गत मंगलवार को झारखण्ड पांकी विधानसभा के विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय बैठक के बाद कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को द्वेष के चलते पूरा नहीं किया। पीएम आवास और जल जीवन मिशन में गड़बड़ी की, जिससे हितग्राहियों को उसका फायदा नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मनेन्द्रगढ़ जिले में भी भ्रष्टाचार चरम में है। डीएमएफ में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क जैसी सुविधाएं नगर तथा आदिवासी ग्रामीणों को नहीं मिली।

# सूरजपुर जिले की तीनों विधानसभा सीटें पर भाजपा जीतेगी

## झारखंड के भाजपा विधायकों ने किया दावा, कहा लोग बदलाव के मूड में

**सूरजपुर** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के भ्रमण में पहुंचे झारखंड के विधायक अमित मंडल व अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि पिछले आठ दिनों के भ्रमण के बाद हमने पाया कि क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है विधायकों के कामकाज को लेकर भी लोगों में नाराजगी है,जनता खुद सरकार की पोल खोल रही है और लोग पूरी तरह बदलाव के मूड में है । जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा जीतेगी। जिले में प्रवास पर पहुंचे झारखंड के विधायकों ने स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेमनगर प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी,भटगांव प्रत्याशी लक्ष्मी राजवाड़े,भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा की उपस्थिति में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संगठन के कर्मठ लोगों को यहां प्रत्याशी बनाया है जिनका जनता से सीधे जुड़ाव है साधारण सहज प्रत्याशी प्रेमनगर के भूलन सिंह मरावी हैं तो वहीं भटगांव व प्रतापपुर से महिला प्रत्याशी बनाया गया है इससे महिलाओं में भी जबरदस्त उत्साह है जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी



साधारण होने के साथ-साथ गांव से जुड़े हुए हैं जो जनता की आवाज उठाने की क्षमता रखते हैं उन्होंने उम्मीद जताया कि ऐसे प्रत्याशी विधायक बनते हैं तो गांव की समस्याओं से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा जनता के बीच उनकी छवि सहज सरल स्वभाव की है जिसका भी लाभ भाजपा को मिलेगा।विधायकों ने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण के बाद जो फीडबैक मिल रहा है उससे भाजपा को ऐतिहासिक जीत दर्ज करने का दावा किया।यहां न केवल सरकार के खिलाफ बल्कि वर्तमान विधायकों के खिलाफ भी जबरदस्त आक्रोश है।जनता के छोटे-छोटे काम नहीं हुए कांग्रेस घोषणा पत्र में 36 वादा कर लोगों को झांसे में लेकर सरकार में आई और वादा पूरा नहीं हुआ जिससे लोग ठगा सा महसूस कर रहे हैं वादे के मुताबिक ना तो शराब बंदी हुई न ही युवाओं को नौकरी मिली,बेरोजगारी भत्ता के लिए भी लोग तरस रहे हैं। रेडी टू ईट का संचालन भी महिलाओं से छीन लिया गया जिससे लोगों में कांग्रेस के प्रति खासी नाराजगी है। विधायक अमित मंडल ने कहा कि इस सरकार में बड़े-बड़े घोटाले हुए कोयला शराब,गोठान डीएमएफ मद से लेकर तबादला और पीएससी सहित न जाने कितने घोटाले हुए हैं जिसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे घोटाले व भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को आने वाले चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। जनता से रूबरू होने के बाद विधायकों ने कहा कि आमजन खुद सरकार के पोल खोल रहे हैं और भाजपा का समर्थन कर रहे हैं उन्होंने एक सवाल के जवाब पर कहा कि प्रत्याशियों को लेकर कोई विरोध नहीं है।भाजपा एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी प्रत्याशियों को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है।उन्होंने एक और सवाल के जवाब पर कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों को लेकर भाजपा जनता के बीच जा रही है और केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां को बताने का काम कर रही है जिससे लोगों को भाजपा पर पूरा भरोसा है आशा भरी निगाहों से लोग भाजपा को देख रहे हैं यही बीजेपी का जीत का मंत्र भी होगा। झारखंड के विधायक अमित मंडल ने झारखंड व छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज पर कहा की दोनों के कामकाज में कोई अंतर नहीं दिखता दोनों जगह भ्रष्टाचार व घोटाले का बोलबाला है।पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृपाल साहू, महामंत्री मुरली मनोहर सोनी, राजेश महलवाला, थलेश्वर साहू, संदीप अग्रवाल, शशिकांत गर्ग,अजय अग्रवाल अज्जू, दीपक गुप्ता, रविंद्र भारती, रितेश जायसवाल राजेश्वर तिवारी, संस्कार अग्रवाल आशुतोष दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर और एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक




**सारंगढ** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी विभागों के शिलान्यास एवं उद्घाटन के लिए निर्मित हो चुके भवनों, कार्यालयों की जानकारी ली। साथ ही साथ मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, समग्र शिक्षा और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) द्वारा स्कूलों में की जा रही जीर्णोद्धार कार्य और प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के गांवों और शहरों से गुजरने वाले सड़कों में बैठने वाले पशुओं के लिए नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों के अधिकारियों से की जा रही व्यवस्था जैसे-गाय को गौठान या किसी स्थान पर रखरखाव, चारा-पानी की व्यवस्था, सड़क में बैठने वाले गाय को हटाने के लिए चरवाहा या किसी व्यक्ति की ड्यूटी, पशुओं के मालिकों का समझाना कि गाय को घर में बांधकर रखे। पशुपालकों द्वारा घर में नहीं बांधकर रखने की स्थिति में जुर्माना करने आदि के बारे में जानकारी ली और सड़क में बैठने वाले गाय को हटाने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि, मनरेगा, निर्वाचन के समस्त कार्यों, गिरदावरी के बारे में कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने आबकारी सहित अन्य विभाग जिनको पैसे एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना है, वो नियम के अनुसार चालान आदि, जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन को विधिवत सूचना देकर स्थानांतरित करें। सभी अधिकारी कर्मचारी अपने वाहनों का चेकिंग के दौरान सहयोग करें। राज्य सरकार के किसी भी भवन, कार्यालय, गोदाम में संबंधित विभाग के सामग्री के अलावा किसी भी प्रकार की अनावश्यक, अवांछित सामग्री का भंडारण नहीं किया जाना चाहिए। चेकिंग के दौरान ऐसे वस्तु पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी कर्मचारी ध्यान दें कि जिले में या जिले के किसी स्थान के नाम से हो रही घटनाओं के संबंध में स्पष्ट अपडेट सोशल मीडिया में दे अफवाह या भ्रम की स्थिति को दूर करें और पुलिस-तहसीलदार, एसडीएम आदि अधिकारियों को इसकी सूचना दें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### लीवर सिरोसिस से पीड़ित मासूम आन्या का हेल्पिंग हैंड्स की मदद से हैदराबाद में इलाज



**खरसिया** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर के एक सेलून में कार्यरत रितेश श्रीवास की मासूम बेटी आन्या श्रीवास जब कुछ बड़ी हुई तो उसका पेट फूल रहा था एम्स में एडमिट हुई कुछ दिन एम्स में एक टेस्ट के लिए 12 हजार लगता था। पैसे नहीं जुटा पाने के कारण एम्स से डिस्चार्ज होना पड़ा। दूसरो की तकलीफ़ में साथ खड़े रहने वाली छत्तीसगढ़ की संस्था हेल्पिंग हैंड्स क्लब को जब इसकी जानकारी हुई तब खरसिया के रहने वाले प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल एवं भारती मोदी ने तत्काल टीम से बात करके रायपुर रामकृष्ण बुला कर बच्ची को एडमिट कराया ।

नन्ही आन्या को लीवर की वो गंभीर बीमारी लीवर सोरोसिस का पता चला। रामकृष्ण में इलाज संभव नहीं था, टीम ने मुंबई के डॉक्टर ने आनलाइन कंसल्ट करने पर बच्ची को 2 महीने का डायटिंग चार्ट दिया। घर पर डायटिंग एवं पाउडर चल रहा था । अचानक कुछ दिन पहले बच्ची को खून कि उल्टी हुई। टीम ने उस बच्ची को रायपुर स्थित बालाजी अस्पताल में एडमिट कराया। हेल्पिंग हैंड्स परिवार पिछले तीन दिन से रात दिन इस बच्ची को बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है। आज सुबह 10.30 बजे रायपुर से ट्रेन में हैदराबाद एआईजी भेजा गया, पद्मभूषण से सम्मानित डॉक्टर रेड्डी द्वारा आन्या का इलाज प्रारंभ कर दिया गया है। हेल्पिंग हैंड्स परिवार इलाज में पूरी मदद कर रहा है।

### स्वस्थ पंचायत व जनसंवाद सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री उमेश पटेल




**खरसिया** 29 अगस्त (देशबन्धु)। पंडित दीनदयाल सभा भवन में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के तत्वधान में स्वस्थ पंचायत एवं जन संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल विशिष्ट अतिथि रोहित सिंह अनुविभागीय दण्डाअधिकारी खरसिया, सीएमओ नगर पालिका परिषद, डॉ. डी. पी. पटेल शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, प्रभारी सिविल अस्पताल खरसिया डॉ. सूरज पटेल, मेंहतर उंराव अध्यक्ष जनपद पंचायत, संतोषी रठिया जिला पंचायत सदस्य, अवध राम पटेल नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा उपस्थित रहे। बता दें कि सम्मेलन के प्रारंभ से पहले ब्लॉक के समस्त मितानिन एवं समिति के सदस्यों द्वारा नगर में जन जागरूकता रैली निकाली गई। अतिथियों को पौधा देकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। मंत्री पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित मितानिनों से संवाद स्थापित कर ग्रामीण स्तर पर आमजनों तथा पंचायत प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने निर्देश दिए और कहा छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य के प्रति हमारी सरकार सजग है। इसके लिए छत्तीसगढ़ में अनेक योजनाएं संचालित है। सुनील शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, गुलाब सिंह कंवर मध्यान भोजन प्रभारी, वंदना गुप्ता जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम जिला रायगढ़ ने सम्मेलन में उपस्थित मितानीन दीदियों को स्वास्थ्य प्रति जागरूक करने के लिए संबोधित किया।

# खेल दिवस पर जिला स्तरीय स्वीप मैराथन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**सक्ती** 29 अगस्त (देशबन्धु) ।लोकतंत्र के उत्सव में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज सुबह बस स्टैंड सक्ती से दीनदयाल स्टेडियम तक आयोजित जिला स्तरीय स्वीप मैराथन दौड़ प्रतियोगिता और मतदाता जागरूकता रैली में जनसामान्य में अभूतपूर्व उत्साह दिखा। इस ऐतिहासिक मतदाता जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग, नववधु, दिव्यांगजन, विशेष पिछड़ी जनजाति, बच्चे एवं जनसामान्य उमंग एवं ऊर्जा के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर दीनदयाल स्टेडियम सक्ती में हाथों में तिरंगा लिए हुए बच्चों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से आकृति बनाई। कलेक्टर और एसपी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने जिला स्तरीय स्वीप मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने इस अवसर पर सभी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी से निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि रैली और इस जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विलोपित, संशोधन कराने के लिए जागरूक करने तथा ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया है, ताकि नागरिक मतदान से वंचित न रहे और अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त की जगह अब 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से जागरूकता दिखाते हुए अपने नजदीकी मतदान केंद्र जाकर बीएलओ के माध्यम से तथा वोटर हेल्पलाइन एप तथा अन्य उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदाता सूची में नाम जुड़वाते हुए मतदान करने प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जिले में दो और तीन सितंबर को विशेष शिविर का आयोजन भी कराया जाएगा। कलेक्टर ने नवगठित सक्ती जिले का मतदान प्रतिशत बढ़े इसके लिए सभी को जागरूकता दिखाने का आग्रह किया। इस संबंध में आज यहां नववधुओं, दिव्यांगजनों, ट्रांसजेंडर, विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। 18 वर्ष के युवाओं, बच्चों, महिलाओ सहित अन्य सभी वर्ग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर ने सभी से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जरूर जुड़वायें और अपने मताधिकार का सदुपयोग करें।

पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन खेल दिवस के रूप में जाना जाता है। आज नवगठित सक्ती जिले में खेल दिवस के साथ यह जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया है जो की अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि हमें मतदान करने का अधिकार हमारे पूर्वजों द्वारा किए गए बहुत से संघर्ष के बाद प्राप्त हुआ है इसलिए हमें बिना किसी प्रलोभन में आए अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

इसके साथ ही दीनदयाल स्टेडियम सक्ती में म्यूजिक बॉक्स की मधुर धुन के साथ विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा मतदान संबंधी जागरूकता के लिए नृत्य और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई और जागरूकता का संदेश दिया गया। आज सक्ती जिले में मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली गई जिसमे युवा एवं बच्चों सहित सभी ने नारे लगाते हुए मतदान जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला स्तरीय स्वीप मैराथन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। कलेक्टर और एसपी ने दीनदयाल स्टेडियम में लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही इस अवसर पर दीनदयाल स्टेडियम में रंगोली, ईवीएम मशीन प्रदर्शन सहित अन्य विविध आयोजन कराए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सक्ती राजेश राठौर, विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा, जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी, उद्यान विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, महिला स्व सहायता समूह, दिव्यांगजन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, स्काउट-गाईड, एनसीसी, एन एस एस, स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थी, युवा मतदाता सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर निकली सद्भावना रैली

**जांजगीर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कचहरी चौक जांजगीर से डाईट जांजगीर तक सद्भावना रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अपर कलेक्टर ने मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। वे भारत ही नहीं विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी थे। उनके नेतृत्व में भारत ने ओलम्पिक में तीन बार हॉकी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

सदभावना रैली में जिला हॉकी संघ नेटबाल संघ, हैण्डबाल संघ, कराते संघ, फैसिंग संघ, बास्केटबाल संघ के खिलाड़ी एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। अपर कलेक्टर एसपी वैद्य एवं रक्षित निरीक्षक श्री जोशी द्वारा डाईट हॉल जांजगीर में 26 राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान हेतु उनको मोमेन्टो प्रदाय कर सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित राष्ट्रीय खिलाड़ियों में हॉकी से ओम श्रीवास,सौरभ सोनवान, प्रियांशु गढ़वाल, बंधन सिंह, डायमंड लाठिया, अंकुर गढ़वाल, कु. प्रिया यादव, कु. दुर्गेश्वरी सूर्यवंशी, कु.प्रज्ञा साहू,




कु. संजना साहू, हैण्डबाल से गौरव कटकवार, गौरव साहू, धर्मेन्द्र पटेल, कराते से हिमांशु पटेल, बलराम पैगवार, कु. अंजली पटले, कु. गीता बरेठ, फैसिंग से रूखमणी, नेटबाल से निहाल पांडेय, महेश यादव, नमनदीप टंडन, देवेश श्रीवास राहुल यादव, कु. नेहा यादव, बास्केटबाल से खगेन्द्र दास महंत और कु. अग्रिमा साहू शामिल हैं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी प्रमोद सिंह बैस, सहायक जिला कीडा अधिकारी पी.एल. पाण्डेय, अध्यक्ष जिला हॉकी संघ गोपेश्वर कहरा, जिला बैडमिंटन संघ बृजेश अग्रवाल सहित विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी व संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नेट्टा डिसूजा का जांजगीर प्रवास

**जांजगीर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशियों का नब्ज़ टटोलने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं स्क्रिनिग कमेटी के सदस्य नेट्टा डिसूजा जांजगीर पहुंची, उन्होंने मिडिया से चर्चा करते हुए नेट्टा डिसुजा ने इस बार छत्तीसगढ़ मे फिर से कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया, इसके साथ ही पार्टी कि अंदरूनी बातें मिडिया मे सार्वजनिक नहीं करने की बात कहीं। नेट्टा डिसुजा ने मिडिया द्वारा बाहरी प्रत्याशी का कांग्रेसियो द्वारा विरोध के सवाल पर मिडिया को पार्टी क़ी अंदरूनी बातों पर सवाल न पूछने की नसीहत तक दे दी।

## नाप जोक के बाद सिमटी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**जांजगीर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय जांजगीर के बुनियादी प्रशिक्षण संस्था चौक से लेकर नहरिया बाबा मंदिर तक नहर किनारे कब्जा हटाने की कार्यवाही जमीन की नाप करने के बाद सिमट कर रह गई है जिसके चलते कब्जा धारी के हौसले बुलंद होते चले जा रहे हैं।

ज्ञात हो की जिला मुख्यालय जांजगीर के नहरिया बाबा मंदिर से लेकर बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान तक नहर किनारे की जमीन जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आता है करीब 7 साल पूर्व तत्कालीन कलेक्टर डॉ एस भारतीय दर्शन नगर पालिक एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नहर किनारे के सरकारी जमीन जिस पर कब्जा कर कुछ लोगों के द्वारा मकान एवं दुकान बना लिया गया था उसे जेसीबी मशीन के माध्यम से तुड़वाया गया लेकिन इसके बाद आगे की कार्यवाही नहीं हो पाई 2 साल पूर्व जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं उनकी टीम के द्वारा नहर किनारे अतिक्रमण को लेकर 51 अतिक्रमण कार्यों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया साथ ही साथ नहर किनारे के जमीन को खाली करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन मिले निर्देश के बावजूद जमीन का अतिक्रमण करने वाले कुछ लोग अब तक जमीन को खाली नहीं किए हैं ।इसे लेकर जल संसाधन विभाग के द्वारा सरकारी जमीन की नाप जोक की गई साथ



ही सरकारी जमीन को चूने के माध्यम से चिन्हांकित किया गया था ताकि सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जा सके, लेकिन जल संसाधन विभाग की कार्यवाही महज माप जो करने तक की सिमट कर रह गई है जिसके कारण अतिक्रमण कार्यों पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है ऐसे में उनके हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे हैं।

नहरिया बाबा मंदिर जाने वाले मार्ग पर करीब 1 किलोमीटर तक करीब चार दर्जन से अधिक मकान बनाए जा चुके हैं इनमें से कई मकान मालिक जल संसाधन विभाग की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान व दुकान भी बना लिए हैं लेकिन ऐसे कब्जाधारियों पर कार्यवाही नहीं हो पानी के चलते उनके हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे हैं अतिक्रमण की समस्या को लेकर जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों का कहना है कि अतिक्रमण को लेकर नाप जोक की कार्यवाही की गई है आगे की कार्यवाही भी की जाएगी।

## खेल दिवस पर साइक्लोथान 3 का आयोजन

जांजगीर, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा नैला जांजगीर के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर साइक्लोथान 3 का आयोजन किया गया जिसमे हर एक वर्ग के बच्चे मिलकर 100 बच्चों ने साइक्लोथान 3 में भाग लिया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर साइक्लोथान 3 के आयोजन पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच द्वारा पूरे राष्ट्र में 900 शाखाओं में एक साथ राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में साइक्लोथान 3 का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में देशभर में युवाओं ने सायकल चलाई और हेल्थ को लेकर संदेश दिया हमारे जीवन में सायकल का अलग महत्वपूर्ण स्थान है यदि




हम रोज सायकल पर एक्सरसाईज करते है तो स्वस्थ और मस्त रहेंगें हमें प्रतिदिन जीवन में एक घंटा खुद को देना चाहिए। एक्सरसाईज, साइकलिंग, योगा, ध्यान इन सभी चीजों को करना आवश्यक हैं। सायकल का प्रयोग कर हम अपने शरीर एवं पर्यावरण की रक्षा के साथ पेट्रोर्ल इंधन की बचत कर सकते है प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ-साथ उनके दिर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर अजय झाझड़िया एवं विष्णु मोदी ने बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जीत हार को छोड़कर कार्यक्रम में भाग लेना महत्वपूर्ण होता है साथ ही सभी बच्चों को बधाई दी एवं मारवाड़ी युवा मंच को साइक्लोथान 3 के आयोजन के लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सोनी एवं दीपक सिंघानिया द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन विक्रांत अग्रवाल एवं अखिल बंसल के द्वारा किया गया।

## फांसी पर लटकी मिली इलेक्ट्रिशियन की लाश

### केएसके महानदी पावर प्लांट की घटना

**जांजगीर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के नरियरा गांव में स्थित केएसके महानदी पावर प्लांट में इलेक्ट्रीशियन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार सुबह करीब 6-7 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर प्लांट प्रबंधन और पुलिस मौके पर मौजूद है। मौके से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें कर्ज के कारण जान देने की बात लिखी हुई है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम नरियरा का रहने वाला अजय साहू केएसके पावर प्लांट में इलेक्ट्रीशियन था। वो रोजाना की तरह सोमवार को भी काम पर गया हुआ था। मंगलवार सुबह उसका शव सीसीआर बिल्डिंग के स्विच गियर रूम में फांसी पर लटकता हुआ मिला। प्लांट में काम कर रहे अन्य मजदूरों ने घटना की सूचना प्लांट प्रबंधन को दी। प्लांट के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मुलमुला पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। वहीं पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें कर्ज के चलते तनाव का जिक्र है। अनिल सोनी ने कहा कि सुसाइड नोट की जांच की जा रही है। कर्ज को लेकर परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। जांच



के बाद ही पता चलेगा कि अजय ने किससे, कितना और क्यों कर्ज लिया था। सुसाइड नोट को हैंडराइटिंग मिलान के लिए फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

### प्लांट के बाहर हंगामा

इधर परिजन और गांव वाले भी प्लांट पहुंचे हुए हैं। लोग मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग को लेकर प्लांट के बाहर हंगामा कर रहे हैं। साथ ही उनका कहना है कि पीड़ित परिवार को इंश्योरेंस का पैसा भी दिलाया जाए। वहीं प्लांट के अंदर किसी को आने नहीं दिया जा रहा है। मुख्य गेट को बंद कर दिया गया है।

## असम के भाजपा विधायक के कमरे से दस्तावेज गायब

**सक्ती/जांजगीर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सक्ती जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने आए असम के विधायक रूप ज्योति कुर्मी के कमरे से अज्ञात लोग उनका महत्वपूर्ण सामान लेकर चले गए। आरोपी पार्टी के गोपनीय दस्तावेज भी अपने साथ ले गए। असम के बीजेपी विधायक ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कराया। हालांकि पूरी जांच में मामला कुछ और ही निकला। बीजेपी विधायक का सारा सामान भी फिलहाल वापस मिल गया है।



जानकारी के मुताबिक, असम के रहने वाले रूप ज्योति कुर्मी बीजेपी विधायक हैं। छत्तीसगढ़ में प्रदेश की घोषित सीटों पर निगरानी के लिए भाजपा के केंद्रीय संगठन ने असम सहित दूसरे प्रदेशों से 15 विधायकों को भेजा है। ऐसे में असम के बीजेपी विधायक रूप ज्योति को भी सक्ती जिले में भेजा गया है। वे यहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। शहर के विश्राम गृह का कमरा नंबर- 2 उनके नाम से एक हफ्ते के लिए आरक्षित है। सोमवार को विधायक क्षेत्रीय दौरे पर गए हुए थे। दौरे से वापस आए विधायक ने देखा कि कुछ लोग उनकी गैर मौजूदगी में कमरे में घुसे हैं और उनके सामान के साथ छेड़छाड़ की है। कुछ गोपनीय डॉक्यूमेंट्स भी गायब हैं। इसके बाद सोमवार देर रात अपने समर्थकों के साथ विधायक रूप ज्योति थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। असम विधायक ने कहा कि पार्टी के दस्तावेज के साथ-साथ उनका निजी सामान भी गायब है। इधर पूरी घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर थाने का घेराव करने की चेतावनी भी दी है। भाजपा नेताओं का कहना है कि हमारे राजकीय अथिति का अपमान किया गया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी के अन्य कार्यक्रम की वजह से असम विधायक के रूम से सामान हटाकर अलमारी में रखा गया था। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के आक्रोश के बाद पूरी बात का खुलासा हुआ। फिलहाल सभी सामान और गोपनीय दस्तावेज वापस मिल गए हैं। बता दें कि असम विधायक रूप ज्योति कुर्मी एक हफ्ते के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर आए हैं, जो लगातार अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर वहां की स्थिति की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

# बचपन प्ले स्कूल में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा यू.के.जी के छात्र-छात्राओं के लिए कर्सिव हैंडराईटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा यूकेजी %अ% से आराध्या यादव प्रथम, आयु सराफ एवं ऋषभ कुमार द्वितीय,समकित बोथरा तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा यू.के.जी %ब% से सार्थक अग्रवाल प्रथम, आरोही सिन्हा द्वितीय ,कीर्ति प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एल.के.जी के छात्र-छात्राओं के लिए हिंदी भाषण प्रतियोगिता का




आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एल .के.जी %अ% से अयंतिका अग्नि सिंह, प्रथम आर्ना गुप्ता एवं नव्या सिंह द्वितीय, एम.डी काशिफ एवं नविका अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे ।इसी क्रम में कक्षा एलकेजी %ब% से आरुषि मिंज प्रथम, नव्या ठाकुर एवं उर्वी पांडे द्वितीय, समर्थ सूत्रधार तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा नर्सरी के छात्र-छात्राओं के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी अ से सौभाग्य सिन्हा प्रथम, अद्वैत दास द्वितीय, भाविका छत्रिय एवं अतिक्ष राय तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा नर्सरी %ब% से अर्पिता अग्रवाल प्रथम,अंशिका गुप्ता द्वितीय, आश्वी वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा नर्सरी स से ख्याति दुबे प्रथम, स्प्रिया अग्रवाल द्वितीय, दर्शिका जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका संस्था की डायरेक्टर्स श्रीमती ज्योति ताम्रकार, श्रीमती आशी कक्कड़, श्रीमती तोशी अग्रवाल ने निभाई संस्था की डायरेक्टर श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने कहा कि हमारे विद्यालय में वर्ष भर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिससे नन्हे मुन्ने बच्चों में छोटी उम्र से ही मंच एवं माइक का डर समाप्त हो जाता है। एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए परिपक्व हो जाते हैं। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती आशी कक्कड़ ने कहा कि बच्चों को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है। जिससे उन बच्चों में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारा जा सके। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती तोशी अग्रवाल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है। एवं उन्हें भविष्य में और बड़े प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आत्मविश्वास बढ़ता है। संस्था की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं जो छात्र-छात्राएं विजयी नहीं हो पाए हैं। उन्हें सांत्वना दी एवं कहा कि अभी आने वाले समय में बहुत सारी प्रतियोगिताएं बाकी हैं। जिसमें आप अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए जीत सकते हैं।

प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं रिद्धिमा जायसवाल, मंजू दत्ता साधना सिंह, रेखा दोहरे, प्रियंका सिंह, पुष्पा सिंह, वैष्णवी जायसवाल, नेहा मिश्रा, प्रिया फारकसे, शिल्पी सिन्हा, प्रिया मिश्रा ,राशि गुप्ता, मोमिता, नंदिनी साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# देश विदेश

## वैन-ट्रेलर की टक्कर में पांच की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी में वैन और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी तथा अन्य छह लोग घायल हो गए। स्थानीय राहत एवं बचाव दल ने यह जानकारी दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना आज सुबह शहर के बाहरी इलाके में हुई, जिसमें यात्री वैन ने पीछे से ट्रेलर से टक्कर मार दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचावकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया। घायलों में दो लोगों की हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना के समय वैन रावलपिंडी से गुजरांवाला शहर की ओर जा रहा था।

### तोशाखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री को राहत

# इमरान को रिहा करने का दिया आदेश



**इस्लामाबाद**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) ने मंगलवार को तोशाखाना मामले में इमरान खान को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान की सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और तारिक महमूद जहांगीर की खंडपीठ ने मामले में दोषसिद्धि को निलंबित घोषित करते हुए संक्षिप्त आदेश सुनाया। आदेश के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री को अपनी रिहाई के लिए 1,00,000 पीकेआर का ज़मानत बांड और कम से कम एक व्यक्ति की गारंटी देने का निर्देश दिया गया है।

- इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सजा पर लगाई रोक
- पांच अगस्त को किया गया था गिरफ्तार

हाईकोर्ट के बाहर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए इमरान खान के वकील बाबर अवाज ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के फैसले के निलंबन के बाद, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख के रूप में उनका पद भी बहाल कर दिया गया है। वकील बाबर के हवाले से कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक के बाद इमरान खान को अब अटक जेल में नहीं रखा जा सकेगा। कोर्ट के आदेश के बाद इमरान खान का पार्टी प्रमुख का पद भी बहाल हो गया है। इसके बाद पीटीआई और इमरान खान चुनाव की ओर बढ़ेंगे। इमरान खान को 5 अगस्त को लाहौर में उनके ज़मां पार्क निवास से गिरफ्तार किया गया था। इमरान खान को तब गिरफ्तार किया गया, जब एक निचली अदालत ने तोशाखाना मामले में अपना फैसला सुनाया था, जिसमें पीटीआई प्रमुख को अपने कार्यालय और अपनी शक्तियों का उपयोग करके व्यक्तिगत लाभ के लिए भ्रष्ट आचरण अपनाने का दोषी पाया गया था। अदालत ने खान को तीन साल की जेल की सजा सुनाई और 1,00,000 पीकेआर का जुर्माना लगाया था। ट्रायल कोर्ट के फैसले में यह भी कहा गया था कि यदि खान जुर्माना अदा करने में असफल रहें तो उन्हें कम से कम छह महीने की अतिरिक्त जेल की सजा काटनी होगी। मंगलवार के फैसले के मद्देनजर, पीटीआई नेतृत्व और समर्थक जश्न मना रहे हैं क्योंकि उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को अपनी जीत बताई है। हालांकि, कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री के लिए मुसीबत अभी खत्म नहीं हुई है।

हाईकोर्ट ने इमरान खान की दोषसिद्धि या अयोग्यता को रद्द नहीं किया है, बल्कि इसे निलंबित कर दिया है और जमानत का आदेश दिया है। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील हाफ़िज़ अहसान अहमद खोकर ने कहा कि हाईकोर्ट ने इमरान खान की सजा को निलंबित कर दिया है। कोर्ट ने मामले को रद्द नहीं किया है, न ही उनके खिलाफ तोशाखाना मामले को समाप्त किया है। ट्रायल कोर्ट के निलंबन का मतलब है कि मामले की फिर से सुनवाई होगी और पीटीआई उसी मामले में अपील भी दायर करेगी। इसलिए, इमरान खान की अयोग्यता और दोषसिद्धि अभी भी कायम है और बाद में पुनः परीक्षण कार्यवाही में फैसला किया जाएगा। आईएचसी का फैसला मामले की योग्यता और सत्र अदालत में इसकी सुनवाई पर आधारित है।

### इमरान दो अन्य मामलों में गिरफ्तार

इमरान खान को अभी भी दो अन्य मामलों- 9 मई के दंगों और सिफर मामले में गिरफ्तार घोषित किया गया है। माना जा रहा है कि उन्हें अटक जेल में रखा जा सकता है या अन्य मामलों में उनकी गिरफ्तारी के अनुसार किसी अन्य जेल में स्थानांतरित किया जा सकता है।

## पाकिस्तान में हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत



**इस्लामाबाद**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को एक आतंकवादी हमले में दो पुलिसकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए । पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने मीडिया को बताया कि पुलिसकर्मी प्रांत के लक्की मारवात जिले में कल नियमित गश्त ड्यूटी पर थे तभी उन पर अज्ञात आतंकवादियों ने हमला किया। पुलिस ने कहा, हमलावरों ने पुलिस वाहन पर घात लगाकर हमला किया और घटनास्थल से भागने से पहले पुलिस पर गोलियां चलाईं। घायल पुलिसकर्मियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। किसी समूह ने फिलहाल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## सुडोकू 6301

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6301

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१.तमिलनाडु का एक बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का खेल जिसे बाद में प्रतिबंध लगाया गया थआ
३.पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उदूर्र)
१०. अपने श्रम का प्रतिफल लेनेवाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारण
१४. श्रीपाम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
१९. बाइज्जत
२१. मुसलमानोंका का एक पवित्र महीना
२३. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब,पाकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला, विभक्त करने वाला,
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर, नियमतः
११. रखारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५ चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

### वर्ग पहेली-6300

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | हि | २ त | क | ३ र | ■ | ४ अ | भि | ५ क | र्ता |
| चे | ■ | र | ■ | ६ थ | म | ना | ■ | ले | ■ |
| ७ त | र | फ | ■ | वा | ■ | ८ मि | थ्या | वा | ९ दी |
| न | ■ | दा | ■ | १० ह | ल | का | ■ | ■ | प |
| ■ | ११ भ | र | १२ स | क | ■ | ■ | १३ त | र्जु | मा |
| ■ | ला | ■ | हा | ■ | १४ ग | रि | मा | ■ | लि |
| १५ भा | ई | १६ चा | रा | ■ | ग | ■ | १७ म | १८ लि | का |
| ग्य | ■ | टु | ■ | १९ अ | न | २० ल | ■ | पि | ■ |
| २१ वा | टि | का | ■ | र्च | ■ | २२ ल | ट | क | २३ ना |
| न | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6301 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 30 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष -आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक कार्यक्रम में आप दिनभर व्यस्त रह सकते हैं।

वृषभ -आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है। दोपहर के बाद व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा।

मिथुन -खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

कर्क -किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

सिंह -व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है।

कन्या -वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा।

तुला -आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बेहद ध्यान रखना होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। परिवार में तकरार न हो, इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक -आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। गृहस्थजीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण हो सकेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े काम में आपको सफलता मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंधों में प्रेम बना रहेगा।

धनु -आप वाणी पर संयम रखें और लोगों से मनमुटाव को दूर करने का प्रयास करें। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक बातों में रहेगा। विद्यार्थियों को एकाग्र होने में दिक्कत आएगी।

मकर -व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलेगा। आज का प्रत्येक काम बिना विघ्न के पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा। आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यालय में आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ -आज मानसिक रूप से धार्मिक भावनाओं का उदय अधिक होगा। धार्मिक काम अथवा धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च करेंगे। कोर्ट-कचहरी के काम में सफलता प्राप्त हो सकती है।

मीन -शेयर-सट्टे की प्रवृत्ति से आज आपको आर्थिक लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इंडोनेशिया में लगे भूकंप के जोरदार झटके



**जकार्ता**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई । एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 11:34 बजे आया, जिसका केंद्र मालुकु तेंगाह (मध्य मालुकु) जिले से 279 किमी दक्षिण पूर्व में और समुद्र तल के नीचे 221 किमी की गहराई में स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी अभी तक जारी नहीं की है क्योंकि भूकंप के झटकों से सुनामी के खतरे नहीं हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि झटके निकटवर्ती प्रांत पश्चिमी पापुआ की राजधानी सोरोंग शहर में भी महसूस किए गए। मालुकु प्रांत में आपदा प्रबंधन और शमन एजेंसी की आपातकालीन इकाई के प्रमुख संध्या लुहुलिमा ने कहा, भूकंप के बाद किसी नुकसान या हताहत की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने फोन के जरिए बताया, भूकंप के झटके मालुकु तेंगाह (मध्य मालुकु) जिले में महसूस किए गए, लेकिन अभी तक कोई नुकसान या हताहत नहीं हुआ है।

## अमेरिका में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत



**न्यूयॉर्क**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में पिछले सप्ताह गोलीबारी की कई घटनायें हुईं। केंटुकी, फ्लोरिडा और कैलीफोर्निया राज्यों में आठ लोगों की जान गई है जिनमें हमलावर शामिल नहीं हैं। हाल ही में रविवार की सुबह अमेरिका के लुइसविले शहर के एक रेस्तरां में गोलीबारी हुई। केंटुकी राज्य में हुई घटना में एक की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। स्थानीय मीडिया के अनुसार पुलिस संदिग्धों या संदिग्धों के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों से उनकी गुमनाम टिप लाइन पर कॉल करने का अनुरोध किया है। शनिवार दोपहर को अमेरिका के जैक्सनविले में एक डॉलर जनरल स्टोर में नस्लीय रूप से प्रेरित गोलीबारी हुई। फ्लोरिडा राज्य में गोलीबारी में हमलावर सहित कम से कम चार लोग मारे गये। गोलीबारी ऐतिहासिक रूप से अश्वेत कॉलेज एडवर्ड वाटर्स यूनिवर्सिटी से कुछ ही दूरी पर हुई। जैक्सनविले शेरिफ टी.के. वाटर्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीड़ित - दो पुरुष और एक महिला - सभी अश्वेत लोग थे। श्वेत बंदूकधारी रयान पामेटर (21) अपने माता-पिता के साथ फ्लोरिडा के क्ले काउंटी में रहता था। पुलिस के अनुसार, उसने टैक्टिकल बनियान पहनकर उच्च शक्ति वाली राइफल और हैंडगन से गोलीबारी की। मीडिया ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पिछली अनैच्छिक प्रतिबद्धता के बावजूद पामेटर ने कानूनी रूप से ये हथियार खरीदे। उसने अपने पीछे वह छोड़ दिया जिसे शेरिफ ने तीन घोषणापत्रों के रूप में वर्णित किया था जिसमें उसकी 'नफरत की घृणित विचारधारा' और हमले के लिए उसके मकसद को रेखांकित किया गया था। पुलिस के अनुसार, माना जाता है कि पामेटर, जिसने हमले के बाद खुद को गोली मार ली थी, ने अकेले ही घटना को अंजाम दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने रविवार को एक बयान में कहा, हमें स्पष्ट रूप से और मजबूती से कहना चाहिए कि श्वेत वर्चस्व का अमेरिका में कोई स्थान नहीं है। रविवार शाम को, सैकड़ों लोग जैक्सनविले गोलीबारी पीड़ितों के लिए प्रार्थना सभा और चर्च में एकत्र हुए।

- बंदूक हिंसा ने देश में नई चिंता की पैदा

## ब्रिटेन की एटीसी प्रणाली में बड़ी खराबी



**लंदन**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन की हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) प्रणाली में बड़ी खराबी के कारण हजारों हवाई यात्री फंसे हुए हैं। बताया जा रहा है कि खराबी के कारण 1,200 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विसेज (एनएटीएस) द्वारा सोमवार को उतरने वाले विमानों की संख्या सीमित करने के बाद लोग ब्रिटेन और विदेशों में फंस गए हैं। एयरलाइंस और हवाईअड्डों ने चेतावनी दी कि समस्या कुछ घंटों के भीतर ठीक हो जाने के बावजूद अभी भी महत्वपूर्ण देरी हो रही है।

- 1200 से अधिक उड़ानें रद्द

ऐसी चेतावनियाँ दी गई हैं कि कुछ आकस्मिक व्यवधान कई दिनों तक रह सकते हैं। ब्रिटिश समाचार प्रसारक ने बताया कि लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे ने सोमवार देर शाम कहा कि शेड्यूल काफी बाधित रहा। मंगलवार को यात्रा करने वाले लोगों को हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी एयरलाइन से संपर्क करना चाहिए। गैटविक हवाई अड्डे ने कहा कि वह मंगलवार को सामान्य कार्यक्रम संचालित करने की योजना बना रहा है, लेकिन यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी एयरलाइन से अपनी उड़ान की स्थिति की जांच कर लें। लंदन ल्यूटन हवाई अड्डे ने भी सोमवार शाम को कहा कि ब्रिटेन के हवाई क्षेत्र में उड़ानें देरी और रद्द होने की स्थिति में हैं, और लोगों को अपनी उड़ान की स्थिति के लिए अपनी एयरलाइन से जानकारी लेनी चाहिए। एनएटीएस ने पुष्टि की कि उसने समस्या की पहचान कर ली है और उसका समाधान कर लिया है। इसमें कहा गया, उड़ानों को सामान्य होने में कुछ समय लगेगा।

## कंबोडियाई प्रधानमंत्री ने अधिक नौकरियां पैदा करने का किया वादा



**नोम पेन्ह**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा है कि सरकार अधिक नौकरियां पैदा करना जारी रखेगी, परिधान, जूते और यात्रा सामान उद्योग के लिए मासिक न्यूनतम वेतन बढ़ाएगी तथा गरीबी को और कम करेगी। प्रधानमंत्री ने एक सार्वजनिक मंच पर लगभग 18,000 कपड़ा कारखाने के श्रमिकों की सभा के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा, सरकार शांति और स्थिरता बनाए रखना, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना तथा लोगों के लिए सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देना जारी रखेगी।

### आज का इतिहास

1659- पिता के तख्त पर कब्जे के लिए औरंगजेब ने अपने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी।
1806- न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित।
1836- मेलबर्न शहर की स्थापना की गई।
1888- क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म ।
1903- प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं लेखक भगवतीचरण वर्मा का जन्म।
1923- प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म।
1928- रास बिहारी बोस और जवाहरलाल नेहरू ने द इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की भारत में स्थापना की।
1947- भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।
1952- भारतीय रिजर्व बैंक के पहले गवर्नर ओसबोर्न स्मिथ का निधन।
1976- कथाकार, कहानीकार और अभिनेता जी.पी. श्रीवास्तव का निधन।
1984- अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' की पहली उड़ान।
2003- समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।
2007- जर्मनी के दो वैज्ञानिक गुंटर निमित्ज और आल्फ़ोंस स्टालहोफ़ेन ने अल्बर्ट आइंसटीन के सापेक्षता के सिद्धान्त को ग़लत ठहराने का दावा किया।
2008- प्रसिद्ध उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला का निधन।
2013- भारत के पहले रक्षा उपग्रह जीसैट-7 का दक्षिण अमेरिका के फ्रेंच गयाना से प्रक्षेपण।

### रुझान — चीनी नागरिक आजकल अपने स्वास्थ्य पर दे रहे हैं काफी ध्यान

# चीनी लोगों में पैदल चलने का चलन बढ़ा

**बीजिंग**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी नागरिक आजकल अपने स्वास्थ्य पर काफी ध्यान दे रहे हैं। लोगों को पार्क, जिम या अन्य खुले स्थानों पर व्यायाम करते हुए देखा जा सकता है। लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति बेहद सजग हैं। चीन के विभिन्न शहरों और कस्बों में इंफ्रास्ट्रक्चर शानदार है, इससे घूमने-फिरने और कसरत करने वालों को कोई परेशानी नहीं होती। क्योंकि शहर के कोने-कोने में पार्क बनाए गए हैं, जहां पेड़-पौधे और हरियाली लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

साथ ही पार्कों में व्यायाम करने के विभिन्न उपकरण भी स्थापित किए गए हैं। इन सब चीजों से लोग आसानी से घर से बाहर निकलकर पार्कों और अन्य घूमने की जगहों में जाते हैं। इसके साथ-साथ लोगों में पैदल चलने और दौड़ने का चलन काफी बढ़ गया है। इन दिनों चीनी नागरिक बड़ी आसानी से जिम और पार्कों में जाते हैं, उन्हें सभी तरह की सुविधाएं भी मिल रही हैं। जिसके कारण लोग अब हेल्थ के प्रति ज्यादा जागरूक हो चुके हैं। सरकार व विभिन्न विभाग भी इस बारे में समय-समय पर अभियान चलाते हैं। जिसके कारण लोग अपने व्यस्त समय में से कुछ वक्त निकालकर व्यायाम करते हैं। हालांकि कुछ दशक पहले सुविधाएं न के बराबर थी और वे इतने सजग भी नहीं थे। राजधानी पेइचिंग की बात करें तो यहां कई लोकप्रिय और प्रसिद्ध पार्क व ऐतिहासिक स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी पर्यटक घूमने जाते हैं। ड्रम टावर के आसपास का इलाका, नानलुअकुस्यांग लेन, चिंगशान पार्क और फॉरबिडन सिटी को जोड़ने वाली सेंट्रल एक्सिस में घूमने का अलग ही आनंद आता है। जबकि पेइचिंग में अन्य जगहें भी लोगों को बहुत पसंद आती हैं।



- लोगों को पार्क, जिम या अन्य खुले स्थानों पर व्यायाम करते हुए देखा जा सकता है

घूमने-फिरने और व्यायाम करने वालों के कई ग्रुप भी बने हैं। ये लोग समय-समय पर सोशल मीडिया के जरिए अपने इन पलों को साझा भी करते हैं। उदाहरण के लिए टिकटॉक के चीनी वर्जन तोउइन, वीचैट, स्याओहोंगशु और वेइबो आदि में इस तरह केतमाम वीडियो और तस्वीरें देखी जा सकती हैं।

कई ऐसे ब्लॉगर हैं, जो लगातार इस तरह की गतिविधियों को कवर करते हैं। जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। विभिन्न सोशल मीडिया एप पर योग, एरोबिक्स व अन्य तरह के व्यायाम के लाइव शो नियमित तौर पर चलाए जाते हैं।

### दुनिया को जानें

## बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क में पनपते परजीवी कीड़े का पता चला

**कैनबरा**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क की सर्जरी करके, एक परजीवी कीड़े को निकाला है। मंगलवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गयी। एएनयू और कैनबरा अस्पताल के एक प्रमुख संक्रामक रोग विशेषज्ञ संजय सेनानायके ने एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि महिला (64) को तीन सप्ताह से पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी। जिसके बाद, उन्हें वर्ष 2021 में दक्षिण-पूर्व न्यू साउथ वेल्स के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पेट संबंधी बीमारी के इलाज के बाद, महिला साल 2022 में भूलने की बीमारी और अवसाद से घिर गयी। जब वह कैनबरा अस्पताल के एक न्यूरोसर्जन के पास गयी, तब उन्होंने एमआरआई स्कैन किया। इसमें मस्तिष्क के दाहिने हिस्से में एक जीवित परजीवी कीड़े को पनपते देखा। उन्होंने महिला के मस्तिष्क की सर्जरी की। डॉक्टरों ने परजीवी कीड़े की पहचान आठ सेमी का ओफिडास्करिस रोबर्टसी राउंडवॉर्म के रूप में की। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी और कैनबरा अस्पताल के शोधकर्ताओं ने परजीवी राउंडवॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।

# खेल जगत

## एशिया कप के शुरुआती दो मैच नहीं खेल सकेंगे राहुल

**बेंगलुरु,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं हो पाने के कारण एशिया कप 2023 के शुरुआती दो मैचों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कोच राहुल द्रविड़ के हवाले से ट्वीट किया, केएल राहुल वास्तव में अच्छी प्रगति कर रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ एशिया कप 2023 के भारत के पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि राहुल जांघ की सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब प्रक्रिया पूरी कर भारत की 17 सदस्यीय टीम में शामिल हुए थे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए बताया था कि राहुल एक अन्य छोटी चोट से जूझ रहे हैं। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।



# विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते देखना पसंद करूंगा : रॉबिन उथप्पा

**लॉडरहिल, फ्लोरिडा,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। यूएस मास्टर्स टी10 लीग का रोमांचक अंत हो गया जब सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क में बेन डंक की अगुवाई वाली टेक्सास चार्जर्स ने स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में फाइनल में मिस्बाह-उल-हक की अगुवाई वाली न्यूयॉर्क वॉरियर्स को सुपर ओवर के जरिए हराया। टूर्नामेंट, जो अटलांटा फायर, कैलिफ़ोर्निया नाइट्स, मॉरिसविले यूनिटी, न्यू जर्सी ट्राइटन, न्यूयॉर्क वॉरियर्स और टेक्सास चार्जर्स के बीच खेला गया, ने 18 से 27 अगस्त 2023 तक ब्लॉकबस्टर मनोरंजन प्रदान किया। कैलिफ़ोर्निया नाइट्स के लिए खेलने वाले आरोन फिंच 236 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे। इस बीच, तेज गेंदबाज सोहेल खान ने प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा 15 विकेट लिए। अटलांटा राइडर्स के लिए खेलने वाले रॉबिन उथप्पा ने कहा कि टी10 टी20 क्रिकेट में बहुत महत्व जोड़ता है। उथप्पा ने कहा, मुझे लगता है कि टी10 यहीं रहेगा। मुझे लगता है कि खेल का यह संस्करण दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक है। दूसरे, मुझे लगता है कि यह क्रिकेट के एक अलग पहलू को खोलता है जो टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगा। इसलिए, मैं आशा ऐसा करता हूं कि किसी समय, इसे भारत में पेश किया जाएगा और वर्तमान क्रिकेटर खेल के इस प्रारूप को खेल सकेंगे। भारत के पूर्व खिलाड़ी ने यह भी कहा कि वह विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते हुए देखना पसंद करेंगे, मैं निश्चित रूप से विराट कोहली को खेल के इस संस्करण को खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। क्योंकि मुझे लगता है कि इससे बहुत अधिक मूल्य जुड़ जाएगा। मुझे लगता है कि वह शायद हमारे जीवन में अब तक देखे गए सबसे महान एकदिवसीय खिलाड़ियों में से एक है। और मुझे लगता है कि जब वह खेल के इस संस्करण को खेलेगा तो उसे अपने खेल के विभिन्न पहलुओं का पता चलेगा। क्रिकेट का सबसे तेज़ प्रारूप यूएस मास्टर्स टी10 लीग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए एक आकर्षक चुनौती थी, पूर्व भारतीय स्टार गौतम गंभीर ने कहा, हर गेंद एक घटना है। टी10 टूर्नामेंट खेल का एक ऑल-एक्शन संस्करण था जहां दुनिया भर के प्रशंसकों ने पाया कि कभी भी कोई सुस्त पल नहीं था। यूएस मास्टर्स टी10 लीग में न्यू जर्सी ट्राइटन की कप्तानी करने वाले गंभीर ने कहा, 60 गेंदें, हर गेंद एक घटना है, चाहे वह गेंदबाजों के लिए हो या बल्लेबाजों के लिए, और आप जितना संभव हो उतने विकल्प लेने की कोशिश करना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स टी10 लीग की सफलता के बारे में बोलते हुए, टी टेन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के चेयरमैन, शाजी उल मुल्क ने कहा, यूएस मास्टर्स टी10 लीग के उद्घाटन में कुछ महानतम क्रिकेटरों को एक्शन में देखना बिल्कुल शानदार था। उन्होंने प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिए और अमेरिका में कई प्रशंसकों का मनोरंजन किया। हम अगले साल वापस आने के लिए उत्सुक हैं। इस बीच, एसएएमपी ग्रुप के सीईओ और अमेरिकी संस्करण और लीग पार्टनर के मुख्य आयोजकों में से एक रितेश पटेल ने कहा, नए प्रशंसकों को खेल की ओर आकर्षित करने के लिए टी10 प्रारूप खेल का सही संस्करण है।

> मुझे लगता है कि टी10 यहीं रहेगा। मुझे लगता है कि खेल का यह संस्करण दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक है। दूसरे, मुझे लगता है कि यह क्रिकेट के एक अलग पहलू को खोलता है जो टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगा। इसलिए, मैं आशा ऐसा करता हूं कि किसी समय, इसे भारत में पेश किया जाएगा और वर्तमान क्रिकेटर खेल के इस प्रारूप को खेल सकेंगे: रॉबिन उथप्पा



### नंबर-3 पर विराट कोहली सबसे बेस्ट व खतरनाक हैं : आकाश

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि विराट कोहली को एशिया कप और विश्व कप-2023 में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम कॉम्बिनेशन, प्लेइंग-11 और बैटिंग ऑर्डर को लेकर पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय टीम को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। खास तौर पर भारतीय टीम को नंबर-4 पर काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है लेकिन श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की टीम में वापसी के बाद अब ये कमी पूरी हो गई है। इस बीच चोपड़ा ने कहा कि नंबर 3 स्थान पर विराट बेस्ट हैं । इसे आंकने के लिए दो पैरामीटर हैं। सबसे पहले, नंबर 4 पर विराट कोहली की सफलता अच्छी है, लेकिन नंबर 3 पर यह जबरदस्त है। उन्होंने कहा, उम्मीदें उनके टूर्नामेंट प्रदर्शन पर टिकी हैं - अगर वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो भारत को फायदा होता है। लेकिन उनका बल्ला खामोश होता है तो मिडिल ऑर्डर मुश्किल में आ जाता है। कोहली की शानदार बल्लेबाजी नंबर-3 पर चमकती है, नई गेंदों से निपटते हैं और खेल को समाप्त करते हैं। इसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इससे पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा था कि अय्यर की अनुपस्थिति और सुर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म को देखते हुए कोहली को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए 210 पारियों में 60.21 के औसत से, कोहली ने वनडे में 10,777 रन बनाए हैं। वहीं, नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए 39 पारियों में 55.22 की औसत से 1767 रन बनाए हैं।

# भारत ने थाईलैंड पर फाइनल में 7-2 की जीत से महिला हॉकी 5 एशिया कप खिताब जीता




नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मरियाना कुजूर और ज्योति के दो-दो तथा मोनिका दीपि टोपो, कप्तान नवजोत कौर व महिमा चौधरी के एक-एक गोल की बदौलत भारत ने थाईलैंड को सलाला(ओमान) में सोमवार रात पहले महिला हॉकी 5 एशिया कप के फाइनल में 7-2 से हराकर खिताब जीत लिया। पराजित थाईलैंड के लिए कुंजिरा इपा और सांगपाउंग कार्ननाउक ने पांचवें मिनट में लगातार गोल कर उसे 2-1 से आगे कर एक बारगी भारतीय महिला हॉकी टीम को चौंका दिया था। भारतीय टीम इलीट ग्रुप में शीर्ष पर रहने के साथ पहले ही 2024 में ओमान में 2024 में होने एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया था।

मरियाना कुजुर, ज्योति , कप्तान नवजोत कौर और मोनिका दीपि टोपो की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में आक्रामक अंदाज में आगाज किया। मरियना कुजुर ने दूसरे मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला और मोनिका दीपि टोपो ने सातवें मिनट में गोल कर भारत को दो-दो की बराबरी दिला दी। मरियाना कुजूर ने अगले ही मिनट में अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-2 से तथा ज्योति ने तीन मिनट बाद गोल कर हाफ टाइम तक 4-2 से आगे कर दिया।

नवजोर कौर की अगुआई में भारत ने दूसरे हाफ में आक्रामक अंदाज में किया। नवजोत कौर ने 23 वें मिनट में गोल कर तथा ज्योति ने चार मिनट बाद गोल कर भारत की बढ़त 6-2 कर दिया। महिमा चौधरी ने खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले गोल कर भारत को 7-2 से आगे कर दिया और यही इस फाइनल का आखिरी गोल भी साबित हुआ।

**■ भारत के लिए मरियाना कुजूर व ज्योति ने दागे दो दो गोल**

हॉकी इंडिया ने खिताब जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की हर सदस्य को इस शानदार प्रदर्शन के लिए दो-दो लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को एक-एक लाख का इनाम देने की घोषणा की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डॉ. दिलीप टिर्की ने हॉकी 5 महिला एशिया कप जीतने और एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने पर बधाई देते हुए कहा, यह हमारी महिला हॉकी टीम के बेहतरीन टीम प्रयास का नतीजा था। मैं भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप ओमान , 2024 के लिए बधाई देता हूं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम को महिला एशिया कप हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर जीतने के साथ अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर देश का गौरव बढ़ाने पर बधाई। बीते कुछ महीनों में कड़ी ट्रेनिंग काम आई।

# वर्ल्ड कप से पहले बुमराह की वापसी से खुश हैं द्रविड़

**बेंगलुरु,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पीठ की चोट के कारण 11 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की है। किंग ऑफ स्विंग जसप्रीत बुमराह के लौटने से जहां एकतरफ टीम इंडिया को राहत मिली है। वहीं, विरोधी टीमों की टेंशन बढ़ गई है। आयरलैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी से उन्होंने अपनी वापसी का बिगुल बजा दिया है। उनकी वापसी से कोच राहुल द्रविड़ भी खुश हैं क्योंकि बुमराह के बिना टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी काफी कमजोर हो चुकी थी। टीम इंडिया एशिया कप के लिए श्रीलंका रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अलुर में प्रशिक्षण के अंतिम दिन, द्रविड़ ने राहुल की चोट पर अपडेट दिया और टीम में बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की।

द्रविड़ ने कहा, बुमराह की वापसी और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा है, वो अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। जसप्रीत वह व्यक्ति है जिसे हमने पिछले दो वर्षों में बहुत याद किया है। मुझे कहना होगा कि उसने बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं। लेकिन उसकी वापसी टीम के लिए खास है और हम धीरे-धीरे उसे इसमें शामिल कर लेंगे। भारतीय टीम के लिए पूरी ताकत वाली गेंदबाजी लाइन-अप वापस आ गई है। शमी और सिराज के पहले से ही मौजूद होने से, बुमराह का कौशल और अनुभव काम आएगा। द्रविड़ ने विश्व कप की तैयारी पर भी चर्चा की और खामियों को दूर करने के लिए एशिया कप 2023 को सबसे अच्छे अवसर के रूप में प्राथमिकता दी।

# नौजवान ध्यानचंद के नक्शेकदम पर चल खेलों को करियर बनाए : सविता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर दद्दा मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को उनको नमन करते हुए भारत आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहा है। 29 अगस्त, 1905 को इलाहाबाद में जन्मे मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 2012 से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा रहा है। ध्यानचंद ने देश के आजाद होने से पहले भारत को लगातार तीन ओलंपिक में -1928 (एम्सटर्डम), 1932 (लॉस एंजेल्स) और 1936 (बर्लिन) -में हॉकी में स्वर्ण पदक जिता कर उसे हॉकी की बड़ी ताकत के रूप में अलग पहचान दिलाई थी। ध्यानचंद पीढियों से भारतीय हॉकी खिलाडियों के प्रेरणास्रोत हैं और आने वाली पीढियों के लिए भी रहेंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और महिला हॉकी टीम की 'दीवार' कप्तान गोलरक्षक सविता पूनिया ने नौजवानों से ध्यानचंद के नक्शेकदम पर चलते हुए खेलों को करियर बनाने की गुजारिश की।

**खेलों को जिंदगी जीने के तरीके के रूप में चुनें : हरमनप्रीत सिंह**

भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, खेल अनुशासन, खेल भावना, टीम भावना और जीवट जिंदगी के अहम कौशल हासिल करने में अहम भूमिका निभाते हैं। जिंदगी में बहुत कम उम्र में इस तरह के कौशल जैसे जिंदगी के मूल्यों से रूबरू होने से चरित्र निर्माण में मदद मिलती है। खेल इंसान के रूप में बेहतर बनने के लिए अहम हैं। जहां तक मेरा खुद का ताल्लुक है मैं बहुत कम उम्र से खेल खासतौर पर हॉकी खेलते बड़ा हुआ और इसने मुझे कई अहम जीवन मूल्यों की अहमियत बताई। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आपके लिए अहम पूरी तरह एकाग्र रहना और अपना सर्वश्रेष्ठ देना। मेरा यह भी मानना है कि ये मूल्य इंसान को आगे बढ़ने और बराबर अच्छी स्थिति में बनाए रखने में मदद करते हैं। मैं अपने भारतवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की दिल से बधाई देता हूं। मैं चाहूंगा कि आप खेलों को जिंदगी जीने के तरीके के रूप में चुनें।



**युवा ऐसा खेल चुने जो उन्हें पसंद हो, वे उसमें करियर बनाएं : सविता**

भारत की महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, खेल खिलाड़ी को जेहनी तौर पर स्वस्थ रखते ही हैं और शारीरिक रूप से फिट बनाते हैं। हॉकी खेलने से ही मैं खुद को सभी स्वस्थ रखने और जिंदगी की सभी चुनौतियों के लिए तैयार रख पा रही है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं देश के युवाओं से यह आग्रह करती हूं कि वे ऐसा खेल चुने जो उन्हें पसंद और वे उसमें करियर बनाएं।

## सार संक्षेप

### अमेरिका फीबा विश्व कप में अंतिम-16 में पहुंचा, चीन को झटका लगा

**मनीला।** अमेरिका ने ग्रुप सी मुकाबले में ग्रीस पर 109-81 की शानदार जीत के साथ फीबा विश्व कप के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली, जबकि चीन को एक और झटका लगा, उसे दक्षिणी सूडान से 89-69 से हार का सामना करना पड़ा। । पिछले शनिवार को अपने पहले गेम में, अमेरिका ने 1 अंकों की कमी को पार करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ 99-72 की आसान जीत हासिल की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीस ने भी जॉर्डन को 92-71 से हराकर आसान जीत हासिल की। अमेरिका ने विश्व कप में ग्रीस के साथ अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की है, ग्रीस की एकमात्र जीत 26 के सेमीफाइनल में हुई थी। ये टीमें सबसे हालिया टूर्नामेंट में भी मिलीं, जहां अमेरिका ने 16 अंकों के अंतर से जीत हासिल की। प्रमुख खिलाड़ी जियानिस एंटेटोकोनम्पो के बिना, यूरोपीय पक्ष स्पष्ट रूप से बेजोड़ था। अमेरिका ने पहले हाफ में ग्रीस को 5-37 से हरा दिया और बाद में अपना दबदबा जारी रखा। लॉस एंजेलिस लेकर्स के शूटिंग गार्ड ऑस्टिन रीव्स ने 15 अंक, पांच रिबाउंड और छह सहायता के साथ अपना लगातार दूसरा एमवीपी पुरस्कार अर्जित किया। ग्रुप सी में न्यूजीलैंड को जॉर्डन को 95-87 से मात देने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी। रोंडे हॉलिस जेफरसन ने गेम में सर्वाधिक 39 अंक बनाए, लेकिन यह जॉर्डन को लगातार दूसरी हार से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। स्पेन ने ब्राज़ील को 96-78 से हराकर अमेरिका के साथ अगले दौर में प्रवेश किया और अपने बेहतर आमने-सामने के रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया।

### डोमिनिक ने बुलबिक की टिप्पणी पर दिया जवाब

**न्यूयॉर्क।** ऑस्ट्रिया के टेनिस स्टार डोमिनिक थिएम ने कोर्ट पर विकलांगता संबंधी कमेंट के लिए अलेक्जेंडर बुलबिक को फटकार लगाई। बुलबिक को सोमवार को यूएस ओपन के पहले दौर के मैच के दौरान थिएम का मजाक उड़ाते सुना गया। थिएम से सीधे सेटों में हारने वाले बुलबिक को यह कहते हुए सुने गए कि वह विकलांग लोगों को करियर वापस देने से थक गए हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रिपोर्ट्स में उन्हें इस घटना के बारे में बताया गया जिस पर उन्होंने गहरा अफसोस जताया। रिपोर्टर ने थिएम से पूछा, मुझे नहीं पता कि क्या आपने ट्विटर पर देखा है कि बुलबिक ने दूसरे सेट के बीच में क्या कहा था। थिएम ने कहा कि इस तरह की बातें सामान्य शब्दों में नहीं कही जानी चाहिए। थिएम ने कहा, मुझे नहीं पता कि अनुवाद सही है या नहीं, आप जानते हैं। यदि ऐसा है, तो यह गलत है। कुछ ऐसा जो आपको नहीं कहना चाहिए। लेकिन शायद उसका यह मतलब ऐसा नहीं था या जो भी हो।

# जोकोविच ने जीत के साथ की अमेरिकी ओपन में वापसी

**न्यूयॉर्क,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन 2023 के शुरुआती दौर में फ्रांस के एलेक्जेंडर मूलर को हराकर अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर पहला क़दम बढ़ा लिया है। विश्व नंबर एक जोकोविच ने सोमवार को खेले गये मुकाबले के शुरुआती छह गेम जीतकर ज़ोरदार शुरुआत की और अंतत: विश्व नंबर 84 पर 6-0, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, पहले सेट में मैंने बॉक्स के बाहर काफी अच्छी शुरुआत की। मैं कोर्ट पर आने के लिये उत्साहित था। (अमेरिकी ओपन में खेले हुए) दो साल हो गये हैं और यहां आर्थर ऐश कोर्ट पर आप लोगों के सामने आना हमेशा एक सम्मान और खुशी की बात है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं दूसरे और तीसरे सेट में बेहतर सर्विस कर सकता था। मैंने अपनी सर्विस का स्तर कम होने दिया और मुझे अंक अर्जित करने के लिये अधिक मेहनत करनी पड़ी। फिर भी मुझे लगता है कि मैं शुरू से अंत तक अच्छा खेला। उम्मीद है कि मैं इसे अगले दौर में भी बनाए रखूंगा। उल्लेखनीय है कि जोकोविच पिछली बार 2021 में अमेरिकी ओपन में उतरे थे, जब दानिल मेदवेदेव ने उन्हें फाइनल में हराकर साल के चौथे ग्रैंड स्लैम से वंचित कर दिया था। अमेरिका की कोविड वैक्सीन नीति के कारण जोकोविच 2022 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के बर्नाबे ज़पाटा मिरालेस से होगा, जो पहले चरण में एथन क्विन को 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर आ रहे हैं। दिन के अन्य मुकाबलों में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने कनाडा के मिलोस राओनिक को 6-2, 6-3, 6-4 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने स्टेफानो त्रावाग्लिया को 6-2, 6-3, 4-6, 6-1 से मात दी।



# एशेज से भी बड़ा है भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला : टॉम मूडी

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां) जैसे ही एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित क्रिकेट मुकाबले को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने दोनों टीमों की तैयारी और उनके सामने आने वाली संभावित चुनौतियों पर अपनी अंतर्दृष्टि पेश की। टॉम मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, भारत-पाकिस्तान मुकाबले के महत्व पर भी विचार किया, इसकी तुलना प्रतिष्ठित एशेज श्रृंखला से की, और दोनों टीमों की ताकत और विचारों पर चर्चा की, क्योंकि वे इस विशाल मुकाबले के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह मैच एशेज से आगे निकल जाएगा। इसकी हमेशा एक प्यारी कहानी होती है और दोनों उत्कृष्ट क्रिकेट खेलने वाले देश हैं। और जब आप पाकिस्तान टीम को देखते हैं, तो इसमें बहुत सारी प्रतिभाएं हैं। लेकिन एक बात जो मायने रखती है मेरे लिए बड़ी बात यह है कि इसमें अनुभव भी है। इसलिए अब उनके पास अनुभव और प्रतिभा का संयोजन है, वे एक वास्तविक खतरा हैं। वे अपनी तेज गेंदबाजी से भारत की बराबरी कर सकते हैं; उनके पास वास्तविक गति है, और एकमात्र मुद्दा मैं देखता हूं कि उनकी बल्लेबाजी की गुणवत्ता में वह गहराई है जो भारत के पास है। इसलिए यह दिलचस्प मुकाबला होगा कि वे शीर्ष क्रम में बाबर आजम जैसे खिलाड़ियों पर दबाव डालेंगे। टॉम मूडी भारत की बल्लेबाजी लाइनअप को संभावित रूप से अस्थिर करने में, विशेष रूप से नई गेंद से, पाकिस्तान के शाहीन आफरीदी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे बस यही लगता है कि नई गेंद से शाहीन आफरीदी एक बड़ा खतरा है, जो उन्होंने ऐतिहासिक रूप से किया है। उस नई गेंद से कुछ शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहे, जो तब भारत के लिए चीजों को पुनर्जीवित करने के लिए मध्य क्रम को खोलता है।



# ऋषभ पंत एशिया कप से पहले अलूर में भारतीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए

**कर्नाटक,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एशिया कप 2023 से पहले कर्नाटक के अलूर में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में अचानक पहुंच गए। पिछले साल दिसंबर में हुई घातक कार दुर्घटना के बाद पंत रिकवरी की राह पर हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी एशिया कप की तैयारी में अपने साथियों के साथ शामिल होने के लिए बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी रिकवरी से ब्रेक लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा साझा किया गया वीडियो जिसमें पंत को अपने साथियों के साथ बातचीत करते और प्रदर्शन के लिए उत्साह बढ़ाते देखा जा सकता है। वह अपने प्रशंसकों और साथियों के साथ जो प्रेरणा साझा करते हैं वह निस्संदेह उनके स्वभाव के अनुरूप है। कुछ दिन पहले उन्हें बेंगलुरु के जेएसडब्ल्यू क्रिकेट क्लब में छोटे बच्चों के साथ बातचीत करते देखा गया था, जहां उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। चोट से उनका तेजी से उबरना और उनका जज्बा एक चैंपियन के असली व्यक्तित्व को दर्शाता है। पिछले साल 30 दिसंबर को हुए इस हादसे ने उनकी सलामती की दुआ कर रहे हर किसी को सदमे में डाल दिया था. भारतीय टीम अपने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज की सर्विस से चूक गई और उसे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा। दुर्घटना के बावजूद, पंत ने अपने ठीक होने पर ध्यान केंद्रित किया और हर शुभचिंतक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नेट पर अपनी बल्लेबाजी का अभ्यास फिर से शुरू किया और कुछ विकेटकीपिंग भी की।

# 50 ओवर क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं सूर्यकुमार

**बेंगलुरु,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की एकदिवसीय एशिया कप टीम में चुने गये दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वह 50 ओवर प्रारूप को समझने की कोशिश कर रहे हैं और इसमें बेहतर प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं। टी20 क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके सूर्यकुमार ने 26 वनडे मैचों में 24.3 की औसत से सिर्फ 511 रन बनाये हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने हालांकि सूर्यकुमार के प्रभावशाली क्रिकेट को देखते हुए उन्हें एशिया कप के लिये चुना है। उन्होंने कहा कि शीर्ष एशियाई टूर्नामेंट में टीम प्रबंधन उन्हें जिस किरदार में देखना चाहेगा, वह उसे निभाने की कोशिश करेंगे।

सूर्यकुमार ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे लगता है कि जो भूमिका मुझे दी जाएगी, मैं उस भूमिका को निभाने की कोशिश करूंगा। अगर भूमिका बदलती है तो मैं वह भी करने की कोशिश करूंगा। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से यह प्रारूप सबसे चुनौतीपूर्ण है। इसके पीछे वजह ये है कि यहां आपको तीनों प्रारूपों की तरह खेलना होता है। सबसे पहले शांति और धैर्य के साथ क्रीज पर पांव जमाना, फिर अच्छी तरह एक-दो रन लेकर पारी को आगे बढ़ाना और इसके बाद अंत में टी20 की तरह खेलना। इसलिए इस प्रारूप में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है और इसी कारण से मैं बहुत अभ्यास कर रहा हूं। राहुल सर, रोहित भाई और विराट भाई के साथ इस संबंध में बातचीत भी कर रहा हूं। उम्मीद है इस टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ मैं प्रारूप को समझ लूंगा। भारत अपने एशिया कप की शुरुआत दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। एशिया कप के बाद भारत तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जबकि आठ अक्टूबर से रोहित शर्मा की टीम को अपना विश्व कप अभियान शुरू करना है। सूर्यकुमार अगर एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें भारतीय सरज़मीन पर होने वाले विश्व कप का टिकट मिलना लगभग तय है।

सूर्यकुमार ने कहा, मैं बस अपना इरादा बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं। कम से कम उसी दृष्टिकोण को अपनाने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि जब आप यह खेल खेल रहे हों तो अपने दृष्टिकोण पर कायम रहना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन मैं साथ ही स्थिति के अनुसार खेलने की कोशिश कर रहा हूं। उदाहरण के लिये अगर मैं 30वें ओवर में बल्लेबाजी करने जा रहा हूं और 20 ओवर बचे हैं तो शुरू से ही मैं अपना खेल उस तरह नहीं खेल सकता जैसे मैं टी20 में खेलता हूं क्योंकि वहां हमारा सिर्फ एक विकेट गिरा होगा और यहां चार विकेट, इसलिए मुझे उस स्थिति के हिसाब से खेलना होगा। मैं प्रारूप को समझने के लिये अभ्यास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं जिस तरह की तैयारी कर रहा हूं, उससे मैं इसमें ढल पाऊंगा।



देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## एनसीएलएटी ने जेट एयरवेज के ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए चुकाने के लिए जालान-कैलरॉक कंसोर्टियम को और समय दिया

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सोमवार को विजेता बोली लगाने वाले जालान-कैलरॉक कंसोर्टियम को दिवालिया जेट एयरवेज के ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए और समय दिया, जिसने अप्रैल 2019 में उड़ान बंद कर दी थी। ट्रिब्यूनल ने कंसोर्टियम के अनुरोध पर समयसीमा 30 सितंबर तक बढ़ा दी और 350 करोड़ रुपए के भुगतान के लिए प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) से 150 करोड़ रुपए का समायोजन किया। कंसोर्टियम ने तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष 31 अगस्त तक 100 करोड़ रुपए और 30 सितंबर तक 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का वचन दिया। शेष 150 करोड़ रुपए के लिए कंसोर्टियम ने अपीलीय न्यायाधिकरण से उस उद्देश्य के लिए प्रस्तुत पीबीजी को भुनाने का अनुरोध किया। इससे पहले, कंसोर्टियम को 31 अगस्त तक ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करना था, लेकिन उसने भुगतान के लिए समय बढ़ाने की मांग की। कंसोर्टियम ने अपनी याचिका में एयरलाइन के लेनदारों को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए 90 दिनों की मोहलत मांगी थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने 21 अगस्त को आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया। इसने कंसोर्टियम से अदालत को यह पुष्टि करने के लिए कहा था कि पीबीजी 350 करोड़ रुपए की जमा राशि के लिए सुरक्षा के रूप में काम कर सकता है। कंसोर्टियम के वकील ने कहा था कि स्वीकृत समाधान योजना में पीबीजी को समायोजित करने की संभावना का उल्लेख है। ऋणदाताओं ने अपने जवाब में दलील दी कि कंसोर्टियम न केवल विस्तार की मांग कर रहा है, बल्कि स्वीकृत समाधान योजना को संशोधित करने का प्रयास कर रहा है।

■ 31 अगस्त तक 100 करोड़ रुपए और 30 सितंबर तक 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का वचन दिया



### मुंबई में लैंडिंग से पहले बंद हुआ इंडिगो के विमान का एक इंजन, सुरक्षित उतरा

नई दिल्ली। मदुरै से मंगलवार को मुंबई आ रहे इंडिगो के एक विमान का एक इंजन लैंडिंग से पहले अचानक बंद हो गया, हालांकि इसके बावजूद विमान मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। दो इंजन वाला एयरबस 321 विमान एक इंजन के दम पर सुरक्षित लैंडिंग करने में कामयाब रहा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहाए 'मदुरै से मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-212 में मुंबई में उतरने से पहले तकनीकी समस्या आ गई थी। पायलट ने मुंबई में प्रायोरिटी लैंडिंग की। विमान को मुंबई में रखा गया है और आवश्यक रखरखाव के बाद यह परिचालन में वापस आ जाएगा।'

## फिलिप्स का पर्सनल हेल्थ उत्पादों का विस्तार की घोषणा

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। हेल्थ टेक्नोलॉजी कंपनी रॉयल फिलिप्स ने अपने पर्सनल हेल्थ उत्पाद की रेंज का विस्तार करने के लिए मेक इन इंडिया का समर्थन करते हुये भारत में अपने उत्पादों के निर्माण कसे बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित अपने सह-विनिर्माण संयंत्र में उत्पादन का विस्तार किया है, जहां अब पहले से बनाए जा रहे महिला और पुरुष सौंदर्य उत्पादों के अलावा अब मां और शिशु देखभाल उत्पादों का भी विनिर्माण किया जाएगा। सिल्वासा में कंपनी की सह-विनिर्माण इकाई पहले से ही है। अब कंपनी हिमाचल प्रदेश में नये संयंत्र में उत्पादन की घोषणा की है।

रॉयल फिलिप्स के पर्सनल हेल्थ की ईवीपी और मुख्य बिजनेस लीडर दीप्ता खन्ना ने यहां फिलिप्स बियर्ड ट्रिमर सीरीज 1000 और फिलिप्स हेयर स्ट्रेटनिंग ब्रश को लॉन्च करते हुये यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि दोनों उत्पाद भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप हैं और स्थानीय स्तर पर निर्मित किए हैं। फिलिप्स का विनिर्माण नेटवर्क भारत में कई स्थानों पर फैला हुआ है, जिसमें इन-हाउस सुविधाएं और सहयोगी सह -विनिर्माण साझेदारियां शामिल हैं। इसमें उन्नत प्रौद्योगिकी मांगों को पूरा करने और सेमी-ऑटोमेटेड असेंबली लाइंस की सुविधा के लिए तैयार एकीकृत बुनियादी ढांचा शामिल है। कंपनी की सुविधाएं स्थानीय और क्षेत्रीय दोनों तरह की मांग को पूरा करती हैं।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप समाधान प्रदान कर उनकी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की प्रतिबद्धता के साथ, फिलिप्स महिला सौंदर्य श्रेणी में हेयर ड्रायर, हेयर स्ट्रेटनर और हेयरब्रश सहित बालों की देखभाल वस्तुओं की एक श्रृंखला का निर्माण कर रही है। इसके अलावा, कंपनी पुरुष ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई बियर्ड ट्रिमर 1000 सीरीज का भी निर्माण कर रही है। फिलिप्स मां और शिशु देखभाल क्षेत्र के लिए स्टरलाइजर का भी उत्पादन कर रहा है, जिन्हें पूरी तरह से भारत में स्थानीय स्तर पर निर्मित किया जाता है।

उन्होंने कहा 'हमारे पर्सनल हेल्थ बिजनेस के लिए भारत एक प्रमुख रणनीतिक बाजार है, और हम उन लाखों लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए बाजार के सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

## रिजॉव एलाइनर्स ने ऑर्थोडॉन्टिक सॉल्यूशन्स में नए मानक स्थापित करते हुए 32 वॉट्स में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित क्लियर डेंटल एलाइनर कंपनी रिजॉव एलाइनर्स ने मंगलवार को प्रसिद्ध क्लियर एलाइनर ब्रांड 32 वॉट्स में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की। सौदे की राशि की जानकारी नहीं दी गई है। समझौते को दंत चिकित्सा की प्रगति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। अपनी इनोवेटिव सर्विस डिलीवरी और बिजनेस मॉडल के साथ रिजॉव एलाइनर्स तेजी से खुद को क्लियर डेंटल एलाइनर्स बाजार में एक विश्वसनीय नाम के रूप में स्थापित कर रहा है। यह रणनीतिक अधिग्रहण दोनों कंपनियों को स्वस्थ और अत्याधुनिक दंत चिकित्सा देखभाल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने में सक्षम करेगा, जो उनके संबंधित उत्पादों के उपयोग से परे हैं, दंत चिकित्सकों के बीच एक बड़ी पहुंच बनाएगा, उन्हें सर्वोत्तम परामर्श, उपचार योजना और एलाइनर सिस्टम प्रदान करेगा।




यह कदम रिजॉव एलाइनर्स और 32 वॉट्स को भारत के स्पष्ट डेंटल एलाइनर बाजार में एक जबरदस्त ताकत बनाता है। डेंटल सेरामिस्ट (डीसी) के साथ रिजॉव एलाइनर्स गठबंधन के बाद यह कदम भारत में गतिशील और तेजी से बढ़ते एलाइनर बाजार को मजबूत करने के उनके दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है। मुस्कुराहट में सुधार और जीवन में बदलाव लाने वाले अत्याधुनिक, रोगी-केंद्रित रिजल्ट देने के लिए समर्पित दंत चिकित्सकों के साथ सहयोग करके, दोनों संगठन दंत चिकित्सा ग्राहक आधार के विस्तार में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। दोनों कंपनियां केवल डीसीआई पंजीकृत डेंटल क्लीनिकों और योग्य दंत चिकित्सकों के माध्यम से एलाइनर्स प्रदान करने वाली एक एथिकल ट्रीटमेंट प्रैक्टिस का पालन करती हैं।

32 वॉट्स एलाइनर्स के सीईओ राहुल अग्रवाल ने कहा, 'एलाइनर्स को एक सेवा के रूप में वितरित करने, दंत चिकित्सा देखभाल को सबसे कम लागत पर सुलभ बनाने की एलाइनर्स की प्रतिबद्धता हमारे मूल्यों के अनुरूप है और हम इस सहयोग से खुश हैं। हम अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं।' उनके मुताबिक 'इस क्षेत्र में, हम नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए रिज़ॉव एलाइनर्स के साथ हाथ मिलाने और सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्लियर एलाइनर ब्रांड में से एक बनने के लिए उत्साहित हैं, हम अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्लियर डेंटल एलाइनर बाजार में आगे बढ़ सकते हैं और सेवा उन्मुख और अत्यधिक वैयक्तिकृत उपचार योजनाएं विकसित कर सकते हैं, जो प्रत्येक रोगी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करती है।' रिजॉव एलाइनर्स के सह-संस्थापक कैप्टन विक्रम कुमार ने कहा, 'इस गठबंधन के साथ, हम भारतीय बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार करने में सक्षम होंगे। दोनों कंपनियों की ताकत के संयोजन से हम दंत चिकित्सकों और रोगियों को समान रूप से कहीं अधिक मजबूत मूल्य प्रस्ताव प्रदान करने में सक्षम होंगे।

**सार संक्षेप**

### हीरो मोटोकॉर्प ने लांच की नयी मोटरसाइकिल करिज्मा एक्सएमआर

नई दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम सेग्मेंट में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुये आज अपनी बहुप्रतीक्षित करिज्मा एक्सएमआर मोटरसाइकिल लॉन्च की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 1729 रुपए है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निरंजन गुप्ता ने इस मोटरसाइकिल को लांच करते हुये कहा कि नई करिज्मा एक्सएमआर अपनी श्रेणी में सबसे दमदार मोटरसाइकिल है, जो सबसे ज्यादा टोर्क पैदा करती है। यह मोटरसाइकिल 21 सीसी के लिक्विड कूल्ड डीओएचसी इंजन और 6-स्पीड ट्रांसमिशन द्वारा संचालित होती है, जो स्लिप और असिस्ट क्लच तथा डूअल चैनल एबीएस के साथ आती है। यह स्पोर्ट्स सेगमेंट की परफेक्ट राइड को फिर से परिभाषित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आजकल के ग्राहक उन्नत टेक्नोलॉजी की खोज कर रहे हैं। इसे देखते हुए नई करिज्मा एक्सएमआर को अपने सेग्मेंट में पहली बार एडजस्ट किए जाने में सक्षम विंडशील्ड, इंटेलिजेंट इलूमिनेशन हेडलैंप और टर्न-बाई-टर्न नेविगेशन से लैस किया गया है। इन खूबियों से इसका बेमिसाल मोटरसाइकिलिंग अनुभव सुनिश्चित होता है। निर्माण, सहयोग और प्रेरणा के लिए अपने मिशन के अनुरूप, नई करिज्मा एक्सएमआर हीरो के जयपुर स्थित अत्याधुनिक सेंटर फॉर इनोवेशन ऐंड टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में विश्व स्तरीय इंजीनियरों और म्युनिख के निकट हीरो टेक सेंटर जर्मनी (टीसीजी) के बीच अद्वितीय सहयोग का परिणाम है।

### टोयोटा ने इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का किया अनावरण

नई दिल्ली। प्रीमियम क्षेत्री के यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बॉयो ईंधन और इलेक्ट्रिक दोनों ईंधन का सपोर्ट करने वाले दुनिया के पहले बीएस 6 (स्टेज2) इलेक्ट्रिफॉइड फ्लेक्स ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का आज यहां अनावरण किया। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किर्लोस्कर सिस्ट्म्स प्राइवेट लिमिटेड की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीताजंली किर्लोस्कर और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम योशिमुरा की मौजूदगी में आज यहां इस वाहन का अनावरण किया। इस वाहन में जो इंजन लगा है वह 6 प्रतिशत इलेक्ट्रिक से और 4 प्रतिशत ईथेनॉल से चलेगा। कंपनी ने इस इंजन में भारत की जरूरतों के अनुरूप कई बदलाव किये हैं जैसे शून्य से 15 डिग्री कम तापमान में भी इंजन के स्टार्ट होना भी शामिल है। इस मौके पर श्री गडकरी ने कहा कि देश में शीघ्र ही ईथेनॉल से चलने वाले दोपहिय और तिपहिया वाहन भी लांच होने वाले हैं।

## शेयर बाजार में तेजी जारी

**मुंबई,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने से विश्व बाजार में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 79.22 अंक की बढ़त लेकर 65075.82 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.60 अंक बढ़कर 19342.65 अंक पर रहा। बीएसई के मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। मिडकैप 0.45 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,036.97 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत उछलकर 36,547.63 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3748 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2071 में लिवाली जबकि 1521 में बिकवाली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में तेजी जबकि 13 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के सोलह समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.73, सीडी 0.79, ऊर्जा 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.15, इंडस्ट्रियल्स 0.58, आईटी 0.32, यूटिलिटीज 1.15, ऑटो 0.64, कैपिटल गुड्स 0.78, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.75, धातु 1.12, तेल एवं गैस 0.27, पावर 1.10, रियल्टी 1.61, टेक 0.01 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लिवाली हुई, जिससे ब्रिटेन का एफटीएसई 1.58, जर्मनी का डैक्स 0.51, जापान का निक्केई 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 1.95 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.20 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 205 अंक की तेजी लेकर 65,201.35 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 65,229.03 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 64,956.67 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,996.60 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत बढ़कर 65,075.82 अंक पर रहा।




इसी तरह निफ्टी भी 69 अंक चढ़कर 19,374.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,377.90 अंक के उच्चतम जबकि 19,309.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,306.05 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19,342.65 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.72 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा स्टील 1.66, टेक महिंद्रा 1.60, एनटीपीसी 1.21, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.15, पावरग्रिड 1.09, अल्ट्रासिमको 1.05, टाइटन 0.97, एचसीएल टेक 0.95, एलटी 0.82, बजाज फाइनेंस 0.80, एचडीएफसी बैंक 0.80, टाटा मोटर्स 0.72, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.64, एसबीआई 0.42, बजाज फिनसर्व 0.35, मारुति 0.27, इंफोसिस 0.17, नेस्ले इंडिया 0.12, टीसीएस 0.08 और विप्रो 0.02 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, भारती एयरटेल 1.75, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.13, एक्सिस बैंक 0.96, रिलायंस 0.91, इंडसइंड बैंक 0.55, सन फार्मा 0.50, कोटक बैंक 0.47, आईसीआईसीआई बैंक 0.31 और आईटीसी ने 0.26 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## टाइगर ग्लोबल ने ज़ोमैटो को बाहर किया, 1123 करोड़ रुपए के बाकी शेयर बेचे

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित निवेश प्रमुख टाइगर ग्लोबल ने अपने वीसी फंड इंटरनेट फंड III पीटीई लिमिटेड के माध्यम से अपनी पूरी शेयरधारिता 1,123.85 करोड़ रुपए में बेचकर ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से बाहर निकल गई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को दी गई जानकारी के अनुसार, टाइगल ग्लोबल ने 28 अगस्त को खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से ज़ोमैटो में अपनी शेष हिस्सेदारी बेच दी। वीसी फर्म ने ज़ोमैटो में लगभग 12.34 करोड़ शेयर या 1.44 प्रतिशत हिस्सेदारी 91.01 रुपए प्रति शेयर की औसत कीमत पर बेची। सोमवार को जोमैटो का शेयर 1.5 फीसदी बढ़कर 92.35 रुपये पर बंद हुआ। स्वैप डील, जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा था, कंपनी के कुछ प्री-आईपीओ शेयरधारकों (वीसी/पीई/चीनी निवेशकों) के साथ-साथ ब्लिंकिट के पूर्व शेयरधारकों, जिन्होंने इसे एक शेयर के तहत प्राप्त किया था, द्वारा संभावित निकास के आसपास बाजार की अटकलों के कारण निकट अवधि में ज़ोमैटो का स्टॉक अस्थिर होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि हम सटीक अनुमान नहीं लगा सकते हैं कि ये शेयरधारक कब (यदि बिल्कुल भी) बाहर निकलना चाहेंगे, हम ध्यान देते हैं कि उनमें से कई पहले से ही बड़े लाभ पर बैठे हैं, हालांकि इसका एक बड़ा हिस्सा अप्राप्त है। इन निवेशकों के पिछले कार्यों से कुछ संकेत सुझाव है कि उनमें से कम से कम कुछ स्टॉक में हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली करने के लिए उत्सुक होंगे।' निकट अवधि में ज़ोमैटो के शेयरों का एक बड़ा हिस्सा व्यापार के लिए उपलब्ध हो सकता है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा तीन रिंगिट की मामूली बढ़त के साथ 3803 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.22 सेंट उतरकर 63.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## तनाएरा का एक हजार करोड़ के कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। टाटा समूह की कंपनी तनाएरा ने वित्त वर्ष 2027 तक अपने कारोबार को बढ़ाकर एक हजार करोड़ रुपए करने का लक्ष्य तय करते हुये उस समय तक पूरे देश में इस ब्रांड के 200 रिटेल स्टोर शुरू करने की घोषणा की है। तनाएरा के सीईओ अम्बुज नारायण ने अपने ब्रांड के 50 वें स्टोर के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि अब यह ब्रांड टियर छोटे शहरों का भी रूख करने वाला है। महानगरों के साथ ही टियर दो और तीन शहरों में स्टोर शुरू करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि उनके स्टोर में एक हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपए तक की साड़ी उपलब्ध है जो हस्त निर्मित है।

उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी हस्तकर्धा से ये वस्त्र बनाने वालों के उन्नयन को ध्यान में रखते हुये देश में 15 वीवीरशाला बनाये गये हैं जहां आधुनिक बुनाई मशीन और अन्य सुविधायें उपलब्ध कराये गये हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2027 तक वीवरशाला की संख्या भी बढ़ाने की तैयारी है। तनाएरा के विशेषज्ञ डिजाइन टीम है जो आधुनिकता के साथ ही सांस्कृतिक एवं परंपरा को ध्यान में रखकर उत्पादों को डिजाइन करते हैं और उसी के अनुरूप कलाकार बुनाई करते हैं। इसलिए हर उत्पाद का डिजाइन अलग होता है।




उन्होंने कहा कि दिल्ली में ब्रांड के हस्तनिर्मित कलेक्शन को खूब पसंद किया गया है। नए स्टोर के लॉन्च के साथ तनाएरा भारत में परिधानों की शानदार विरासत को सम्मानित करना चाहती है। इस स्टोर में हाथ से बुनी साड़ियों, रैडी टू वियर कुर्ता सेट एवं ब्लाउज़ की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। आकर्षक कारीगरी से बने ये उत्पाद महिलाओं की भव्यता और आधुनिक शैली के साथ घुल-मिल जाते हैं। सदियों पुरानी कारीगरी को आधुनिक रूप देते हुए ब्रांड शहर के फैशन प्रेमियों की उम्मीदों पर खरी उतर रही है। एथनिक परिधानों के पारखियों को भारतीय बुनाई का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए तनाएरा भारत के बेहतरीन परिधानों को एक ही छत के नीचे लेकर आई है। उनकी कंपनी के स्टोर में हाथ से पेंट की गई मुर्शीदाबाद सिल्क से लेकर गर्मियों के प्रिंट और बेहतरीन रंगों तक शामिल हैं। ऑर्गेन्ज़ा और ऑर्गेन्ज़ा टिश्यू जैसे एथरियल फैब्रिक पर इंटरलेसिंग हेरिटेज तकनीकों जैसे बनारसी और कांजीवरम के साथ दिल्ली की पसंद को ध्यान में रखते हुए खूबसूरत साड़ियां पेश की गई हैं। स्टोर में हर तरह की महिलाओं की पसंद और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को ध्यान में रखते हुए क्लासिक जैसे शुद्ध कांजीवरम, बनारसी, इकत, साउथ सिल्क, पटोला, जामदारी तथा देश भर से रीजन मास्टपीस जैसे पैठनी, माहेश्वरी और टसर भी पेश किए गए हैं।




## प्रदेश में 75 से अधिक कांग्रेस के विधायक होने चाहिए-भूपेश

# दावेदारों को सीएम की खरी-खरी,भितरघात किया तो खैर नहीं

### कोटा,बेलतरा व मस्तूरी के संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री ने दावेदारों को भीतरघात या फिर खुलाघात ना करने की समझाइश दी

### एकजुटता का संदेश भी दिया

**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। दावेदारों को सीएम की खरी-खरी,भीतरघात किया तो नहीं बनेगी बात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को गवाही रखकर उन्होंने अपनी बात कही। सीएम का साफ संदेश था कि तीन महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव का काफी महत्व है। ऐसे दौर में भीतरघात करना या पार्टी अनुशासन के खिलाफ जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनुशासन के दायरे में रहते हुए अपना काम करने और अपनी बात कहने की बात कही। सीएम बघेल ने बेलतरा विधानसभा में दावेदारों की बढ़ी हुई संख्या को लेकर चिंता जताई और अपने मन की बात सार्वजनिक कर दी। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र का संकल्प शिविर बहतराई स्थित स्व बीआर यादव स्टेडियम में आयोजित किया गया था। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से इंडोर स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। मुख्यमंत्री बघेल ने पदाधिकारियों के बीच ईडी और आइटी का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। केंद्र सरकार की मंशा को लोगों के बीच लेकर जाने और छत्तीसगढ़ की अस्मिता और स्वाभिमान के साथ केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ का प्रभावी विरोध करने की बात भी कही। उन्होंने साफ कहा कि भाजपा के नेता चुनाव से पहले ही हार स्वीकार कर चूके हैं। कार्यकर्ता हताश हैं। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने के लिए ईडी और आइटी को हथियार बनाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर से भाजपा और उनके नेताओं पर जमकर हमला बोला और श्वष्ठ व ढ्ढञ्ज को भाजपा का विंग बताया। उन्होंने कहा कि जैसे कांग्रेस में महिला कांग्रेस होता है, युवा कांग्रेस होता है, सेवा दल होता है वैसे ही भाजपा के दो और विंग है जिसे श्वष्ठ और ढ्ढञ्ज के नाम से जानते है। अभी दो महीना बहुत छापा पड़ेगा, लेकिन डरना नहीं है बल्कि मुकाबला करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बेलतरा से 98 लोगों ने दावेदारी की है लेकिन टिकट एक को मिलना है। टिकट किसी 99वां को भी मिल सकता है।

कांग्रेस द्वारा आयोजित संकल्प शिविर के दूसरे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज कोटा, बिलासपुर और मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। वहां आयोजित संकल्प शिविर में उपस्थित कार्यकर्ताओं को कांग्रेस प्रत्याशी का जिताने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर भूपेश बघेल ने कहा की जबसे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से हल जनता को सक्षम और आर्थिक रूप से संपन्न बनाने का प्रयास कर रहे है। आज मंहगाई का दौर चल रहा है, हर चीज मंहगा हो गया है। ऐसे समय में सरकार ने सबसे पहले किसानो का कर्जा माफ किया, किसानो का धान पहले ढाई हजार रुपए में फिर 26 सौ रुपए क्विंटल के सिसाब से खरीदा गया, हर परिवार को 35 किलो चावल दिया गया, कोदो, कुटकी, रागी समेत 60 से अधिक प्रकार के वनोपज का समर्थन मूल्य तय करके उसकी भी खरीदी की गई। गौ पलकों को संपन्न बनाने के लिए गोबर और गौमूत्र तक खरीदा




गया। बेरोजगारी को बेरोजगारी भत्ता भी दे रहे है। दूसरी ओर भाजपा ने 15 साल लोगों को केवल ठगने का काम किया है। कभी चावल के नाम पर, कभी गाय बांटने के नाम पर ठगा, कभी बोनस के नाम पर ठगा तो कभी चिटफंड के नाम पर ठगा, तो कभी बायोडीजल के नाम पर ठगा। बायोडीजल के नाम पर अरबों रुपए खर्च कर दिए लेकिन एक लीटर बाड़ी से तेल नही निकाल पाए। चिटफंड कंपनियां यहां के लाखों लोगों का पैसा लेकर भाग गए और भाजपा के नेता सर्टिफिकेट बांटते रहे। यही नहीं नसबंदी के नाम पर 13 से अधिक महिलाओं की जान ले ली गई, सैकड़ों बहनों के पेट से गर्भाशय तक निकल लिए, 40 से अधिक लोगों की आंखे निकाल ली गई। 40 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती हो रही है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। किसानो से धान खरीदा, आदिवासी क्षेत्रों से वनोपज की खरीदी की, बेरोजगारों भत्ता दिया, नौकरी दी, गोबर और गौमूत्र की खरीदी की जबकि दूसरी ओर भाजपा के 15 साल को देखेंगे तो पाएंगे कि केवल कमीशनखोरी हुई है। टिफिन बांटो कमीशन खाओ, जूता बांटो कमीशन खाओ, मोबाइल बांटो कमीशन खाओ, साइकिल बांटो कमीशन खाओ, रतनजोत लगाओ कमीशन खाओ, पूरा 15 साल कमीशनखोरी में निकल गया। उद्बोधन के बाद उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई की बेलतरा से जिसे भी टिकट मिलेगी उसे जीताकर विधानसभा भेजेंगे।

### कोटा की शिविर में कार्यकर्ताओं से की सीधी बात

मंगलवार को दूसरे चरण में संकल्प शिविर की शुरुआत कोटा विधानसभा क्षेत्र से हुई। कोटा के एलबीडी स्कूल परिसर में शिविर का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री ने यहां कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। सीएम ने पूर्ववर्ती राज्य सरकार और पूर्व सीएम डा रमन सिंह को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि डा रमन सिंह ने किसानों के साथ छल किया है। बोनस नहीं दिया। राशन कार्ड में घोटाला किया। चुनाव के पहले थोक के भाव में राशन कार्ड बांटते थे और चुनाव के बाद उसी अंदाज में काटते थे। आदिवासियों को जर्सी गाय देने का वायदा किया था। सीएम ने कार्यकर्ताओं से पूछा कोटा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासियों को गाय मिली थी क्या। आदिवासी आज भी गेरवा लेकर गाय का इंतजार कर रहे हैं। फिर सीएम ने कहा कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसे रमन सिंह ने ठगा नहीं। किसान भाजपा के साथ नहीं है।

### राहुल गांधी ने जो वायदा किया उसे हमने पूरा किया

सीएम बघेल ने कहा कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के समय हमारे नेता राहुल गांधी आए थे। उन्होंने किसानों का कर्ज माफ करने और 2500 क्विंटल धान खरीदने का वायदा किया था। सरकार बनते ही सबसे पहला काम कर्जा माफी किया। धान भी हम खरीद रहे हैं। बोनस भी दे रहे हैं। बोनस मिल रहा है या नहीं। खाते में पैसे जमा हुआ या नहीं। सीएम ने कार्यकर्ताओं से पूछा। कार्यकर्ताओं ने हां में जवाब दिया।

### वोट के महत्व को इस अंदाज में समझाया

सीएम बघेल ने वोट के महत्व को रोचक अंदाज में समझाया और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि कुछ इसी तरह का मुद्दा लोगों के बीच उछालना है। पंजा छाप का बटन दबाने से छत्तीसगढ़ की उन्नति और विकास होगा। छग की अस्मिता का सम्मान होगा। कमल छाप में बटन दबाने से छत्तीसगढ़ में अदाणी आ धमकेगा। गारेपेल्मा के बाद एसईसीएल पर कब्जा कर लेगा।

### दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि संकल्प शिविर का मकसद है कि हमारा एक-एक कार्यकर्ता इस शिविर के माध्यम से कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाये और संकल्प लेकर जाए। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पुन: बनाना है और गांव गरीब लोगों की सेवा करना है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार का साढे चार साल पूरा हुआ। भाजपा के 15 साल की सरकार में सिर्फ और सिर्फ झूठ और फरेब की राजनीति चला है।

### त्रिलोक स्मृति श्रीवास के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बहतराई स्वर्गीय बी. आर. यादव स्टेडियम में आज संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज , सहित वरिष्ठ नेता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता व पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय नेता, प्रदेश कांग्रेस के सचिव त्रिलोक चंद्र श्रीवास के मार्गदर्शन में जिला पंचायत एवं जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास के नेतृत्व में 500 से ज्यादा चार पहिया और अन्य वाहनों से पहुंचे लगभग 5000 लोगों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का ऐतिहासिक स्वागत अभिनंदन किया। संकल्प शिविर में संबोधन के पहले मुख्यमंत्री का रास्ते में त्रिलोक श्रीवास समर्थकों ने आतिशबाजी, ढोल, ताशे, कर्म दल पंथी, पुष्प वर्षा से ऐतिहासिक स्वागत किया। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास के समर्थक डेढ़ किलोमीटर तक पंक्तिबद्ध हाथों में फूल, झंडा लिए कतार से मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के स्वागत के लिए खड़े थे। मुख्यमंत्री ऐसा ऐतिहासिक स्वागत देखकर अभिभूत नजर आए, उन्होंने स्टेज पर त्रिलोक श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास को मेहनत के लिए बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य के लिए अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। त्रिलोक श्रीवास समर्थकों ने आज संकल्प रैली के बहाने जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया।



## सार-संक्षेप



### बिल्हा की जनता ने जो चाहा है वह पाया है-कौशिक

**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। सासंद अरुण साव व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के कर कमलों से दक्षिणी पूर्व मध्य रेल्वे रायपुर मंडल अंर्तगत बिल्हा रेल्वे स्टेशन मे कोरबा रायपुर कोरबा हसदेव एक्स्प्रेस ट्रेन का नियमित ठहराव दिया गया है । जिसे अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया है। इस अवसर पर कौशिक ने कहा कि बिल्हा स्टेशनों में ट्रेनों के रूकने से यहां व्यापार बढ़ा है और यह क्रम आज भी लगातार जारी है। बिल्हा की जनता की एकता और ताकत ने जो चाहा है वह पाया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने प्रधानमंत्री की नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आज भारत में हर चीज बनना संभव हो चुका है हम तल से लेकर नभ तक पंहुच चुके है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, अमरजीत सवन्नी, कोमल ठाकुर, सहित पार्टी के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बन्धु, रेल्वे के अधिकारी सहित ग्रामीण ज़न बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ **सांसद अरूण साव व धरमलाल ने हसदेव एसप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

### श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारूद्राभिषेक महायज्ञ का समापन, पूर्णाहुति आज

**बिलासपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण मास में श्री पीताम्बरा पीठ सुभाष चौक सरकंडा स्थित त्रिदेव मंदिर में सावन महोत्सव पर श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारूद्राभिषेकात्मक महायज्ञ 4 जुलाई से लेकर 30अगस्त तक नमक चमक विधि से प्रात:8.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक किया जा रहा है। 30अगस्त को 2 महारुद्र पाठ पूर्ण होने के पश्चात पूर्णाहुति की जाएगी। श्रावण शुक्ल मंगलवार को मंगलागौरी देवी की पूजा की गयी। श्रावण शुक्ल चतुर्दशी मासिक महाशिवरात्रि को भगवान श्री महादेव का पूजन आराधना किया गया । इस अवसर पर विनोद शुक्ला मोहदा वाले पूजन में सम्मिलित हुए एवं आचार्य जी से आशीर्वाद प्राप्त किए। पीताम्बरा पीठ में 18 जून से प्रारंभ हुए पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ 27 नवंबर 2023 तक निरन्तर चलेगा। जिसमें 36 लाख आहुतियाँ दी जाएगी।प्रतिदिन रात्रि 8.30 से रात्रि 1.30 बजे तक हवनात्मक महायज्ञ तत्पश्चात रात्रि 1.30 बजे ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का महाआरती किया जा रहा है। पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि, बेलपत्र चढ़ाने से जन्म-जन्मांतर के पापों व रोगो से मुक्ति मिलती है। कमल पुष्प चढ़ाने से शान्ति व धन की प्राप्ति होती है।कुशा चढ़ाने से मुक्ति की प्राप्ति होती है.. दूर्वा चढ़ाने से आयु में वृद्धि होती है।धतूरा अर्पित करने से संतान प्राप्ति का सुख मिलता है।कनेर का पुष्प चढ़ाने से परिवार में कलह व रोग से निवृत्ति मिलती हैं। शमी पत्र चढ़ाने से पापों का नाश होता, शत्रुओं का शमन व भूत-प्रेत बाधा से मुक्ति मिलती है। हरसिंगार के फूलों को पारिजात या शिउली का फूल भी कहते है। इस फूल को महादेव पर अर्पित करने से साधक के सुख एवं वैभव में वृद्धि होती है।



# राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी का हो रहा कोरोना टेस्ट

### 1 सितम्बर को सीयू के दीक्षांत समारोह में होगी शामिल

**बिलासपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पहली बार आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उनके कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। राष्ट्रपति के दीक्षांत समारोह में जितने की ड्यूटी लगी है तथा पदक प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट कराया जा रहा है। 1सितंबर की सुबह 9 बजे से ही बिलासपुर - रतनपुर रोड को ब्लॉक कर दिया जाएगा और चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए करीब तीन हजार जवानों के साथ ही सशस्त्र बल की ड्यूटी लगाई जाएगी। राष्ट्रपति 31 अगस्त को राजधानी रायपुर पहुंचेंगी। इसके दूसरे दिन यानी एक सितंबर को पहले रनतपुर में महामाया देवी की पूजा- अर्चना करेंगी। फिर गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी परिसर में उनका हेलीकाप्टर उतरेगा। विश्वविद्यालय और रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ही स्थानीय व केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अधिकारी व जवानों की तैनाती रहेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर करीब दो दर्जन एडिशनल एसपी, 3 दर्जन से अधिक डीएसपी-सीएसपी और दर्जनों इन्स्पेटर - सब इंस्पेक्टर करीब तीन हजार जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिसमें पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। सुरक्षा और यातायात संबंधी कार्ययोजना को पुलिस अंतिम रूप देने में लगी हुई है। राष्ट्रपति आगमन की सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद आईजी डॉ. आनंद छाबड़ा संभाल रहे हैं। उन्होंने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के साथ ही रतनपुर स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर का निरीक्षण कर लिया है। साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस अफसरों को जरूरी दिशानिर्देश भी दिए हैं, जिसकी समीक्षा करने व तैयारियों की जानकारी लेने के लिए मंगलवार को पुलिस अफसरों की बैठक लेंगे। राष्ट्रपति के बिलासपुर आने से दो घंटे पहले ही सरकंडा के महामाया चौक से बिलासपुर - रतनपुर मार्ग को ब्लॉक कर दिया जाएगा।




# सशिम तिलक नगर बिलासपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विभाग तिलक नगर बिलासपुर में छत्तीसगढ़ी (पारंपरिक ) खेल सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैजनाथ राय, सह व्यवस्थापक खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। पारंपरिक खेल जैसे,पोसम पान , पिट्ठूल, रस्सी कूद, खड़ी खो-खो, फुगड़ी, रस्साकस्सी,बिल्लस, बीस - अमृत,पच्चीसा, कबड्डी, दौड़, आदि खेल खेलें बच्चे अपने पुराने खेलों को खेलकर खूब मज़ा किए । प्रधानाचार्य शिवराम चौधरी ने आभार व्यक्त किया एवं बच्चों को प्रतिदिन एक घंटा खेलने को प्रेरित किया। राकेश साहू जी ने मेजर ध्यानचंद जी के विषय पर प्रकाश डालें एवं उनके समान बनने की प्रेरणा दी। अशोक शुक्ला, सुदर्शन पटेल, दिलीप गुप्ता, वृन्दा चिंचोलकर, दुर्गा सोनी, सुनीता यादव सी डी दीक्षित,समता देवांगन ,अनुपमा दुबे, रजनी दुबे ,स्नेह लता, मंजुलता ,प्रतिभा चंद्रवंशी, सरिता शर्मा गजानन का सहयोग प्राप्त हुआ। एवं कक्षा अरुण से अष्टम कक्षा के भैया /बहनों ने बड़े उत्साह से खेल कूद में भाग लिए।



**NECC**

| 30.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.60 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 4.75 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

# छत्तीसगढ़ के 59 लाख परिवारों को मिलेगा सस्ता गैस सिलेण्डर- साव

**बिलासपुर** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि राखी और ओणम के त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहनों बेटियों माताओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया है।

इससे देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को फायदा मिलेगा। श्री साव ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटने का फैसला भी लिया है। जिससे देश की निर्धन वर्ग की महिलाओं को धुएं वाले चूल्हे से मुक्ति मिलेगी और वह बेहतर माहौल में अपने घर की रसोई तैयार कर सकेंगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। राज्य में 59 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग 34 लाख उज्ज्वला योजना हितग्राहियों को दोहरा लाभ मिला है। उज्ज्वला हितग्राहियों को केंद्र सरकार पूर्व से ही सब्सिडी दे रही है। ताकि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ ना पड़े। आज मोदी ने उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों सहित सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को त्यौहार का उपहार दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि मोदी ने देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति का प्राथमिकता के साथ ध्यान रखा है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के देश की सभी महिलाओं के हित में फैसले लिए हैं चाहे वह किसी भी धर्म वर्ग या पंथ से जुड़ी हुई क्यों न हों। एक देश में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। इस दिशा में भारत में पहली बार नीतियां बनी हैं तो यह नीतियां मोदी की देन हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले मोदी ने सबसे पहले हमारी बहनों बेटियों माताओं को उनके घर पर शौचालय निर्माण के जरिए सम्मान दिया है।

मोदी ने गरीब महिलाओं को पक्के मकान की सौगात दी है। उन्होंने अब रसोई गैस के दाम में बड़ी कटौती करने का जो फैसला लिया है, उससे केंद्र सरकार पर 7680 करोड़ का अतिरिक्त बोझ आएगा। लेकिन बहनों की खुशी से बढ़कर मोदी और भाजपा के लिए और कुछ भी नहीं है। यही कारण है कि महिलाओं के हित में यह फैसला लिया गया है। जिसका असर पूरे देश के आम नागरिकों पर दिखाई देगा। देश के हर निवासी, हर परिवार को इस राहत का लाभ मिलेगा।



प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188